राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 बिग बॉस के घर से बेघर होते ही अशनूर...

संसद परिसर में वायु प्रदूषण को लेकर... 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 05 दिसंबर 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 12 अंकः 272, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

# भारत के भरोसेमंद मित्र व्लादिमीर पुतिन दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार की शाम कड़ी सुरक्षा के बीच दो दिवसीय भारत यात्रा पर पहुँचे। चार वर्षों बाद भारत आये रूसी राष्ट्रपति का विशेष विमान जैसे ही हवाई अड्डे पर उतरा वैसे ही यह देखकर पुतिन चौंक गये कि वहां अपने दोस्त का स्वागत करने के लिए खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मौजूद थे। दोनों नेताओं के बीच गर्मजोशी भरा आलिंगन इस बात का संकेत था कि वैश्विक राजनीति की तमाम जटिलताओं के बावजूद दिल्ली और मॉस्को के बीच व्यक्तिगत और रणनीतिक भरोसा कायम है। हम आपको बता दें कि पुतिन की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब वैश्विक व्यवस्था तेजी से बदल रही है, रूस-यूक्रेन संघर्ष अपने महत्वपूर्ण मोड़ पर है और भारतझ्रअमेरिका संबंध नए तनावों से गुजर रहे हैं। ऐसे माहौल में पुतिन का दिल्ली पहुँचना न केवल कूटनीतिक दृष्टि से अहम है, बल्कि यह दोनों देशों के बीच दशकों पुराने ह्यविशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के नए अध्याय की शुरूआत का संकेत भी देता है।

**दोस्त की अगवानी करने खुद हवाई अड्डे पर पहुंचे पीएम मोदी**

हम आपको यह भी बता दें कि रूसी राष्ट्रपति के आगमन से पहले ही राष्ट्रीय राजधानी को अभूतपूर्व सुरक्षा घेरों में बदल दिया गया। दिल्ली पुलिस, केंद्रीय एजेंसियों और पुतिन की निजी सुरक्षा टीम ने मिलकर एक बहु-स्तरीय सुरक्षा कवच तैयार किया है। संवेदनशील मार्गों पर स्नाइपर्स, स्वैट टीमें, आतंकवाद रोधी इकाइयाँ और त्वरित प्रतिक्रिया दल तैनात किए गए हैं। 5,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है, जबकि ड्रोन-रोधी प्रणाली और उन्नत तकनीकी निगरानी तंत्र भी सक्रिय कर दिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि मिनट-टू-मिनट कोऑर्डिनेशन के साथ पूरी यात्रा पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति के लिए एक निजी रात्रिभोज का आयोजन किया है। यह वही परंपरा है जिसकी झलक पिछले वर्ष तब भी दिखी थी जब रूस यात्रा में पुतिन ने मोदी को निजी भोज पर आमंत्रित किया था। यह ह्यडिनर डिप्लोमेसी केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि दोनों नेताओं के व्यक्तिगत समीकरण की गहराई को दर्शाती है। इस अनौपचारिक बैठक में ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार विस्तार, रक्षा सहयोग और नए उभरते क्षेत्रों– जैसे स्पेस टेक्नोलॉजी, लॉजिस्टिक्स, न्यूक्लियर मॉड्यूलर रिएक्टर और कौशल एवं श्रमिक गतिशीलता आदि पर व्यापक विमर्श होने की संभावना है। रूसी राष्ट्रपति के कल के कार्यक्रम को देखें तो पुतिन का मुख्य कार्यक्रम शुक्रवार को ही है। वह सुबह राजघाट जाकर



महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे, यह परंपरागत कदम हर प्रमुख विदेशी नेता की भारत यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। इसके बाद राष्ट्रपति भवन में रूसी राष्ट्रपति का औपचारिक स्वागत किया जाएगा। पुतिन की भारत यात्रा का सबसे अहम पड़ाव हैदराबाद हाउस में होने वाली 23वीं भारतझ्ररूस शिखर वार्ता है, जहाँ दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों की पूरी रूपरेखा पर चर्चा करेंगे। व्यापार एवं आर्थिक सहयोग का विस्तार, रूसी कच्चे तेल से जुड़े व्यापारगत असंतुलन, अमेरिकी प्रतिबंधों के प्रभाव और वैकल्पिक भुगतान एवं व्यापार मार्गों पर भी विशेष रूप से बातचीत होने की संभावना है।

हम आपको बता दें कि दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर कर सकते हैं– जिनमें श्रमिक गतिशीलता को सरल बनाने, रक्षा सहयोग के ढांचे को मजबूत करने और 2030 तक आर्थिक साझेदारी के लिए विस्तृत रोडमैप शामिल हैं। इसके अलावा, हैदराबाद हाउस में कार्यकारी दोपहर भोज के बाद पुतिन भारत-रूस बिजनेस फोरम को संबोधित करेंगे।

## न्यूज डायरी

### पुतिन की यात्रा से दिल्ली के 5 सितारा होटलों का किराया बढ़ा, लाखों में पहुंचा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दिल्ली यात्रा ने राष्ट्रीय राजधानी के 5 सितारा होटल मालिकों की चांदी कर दी है। इस सप्ताह अधिकतम बुकिंग की वजह से किराया आसमान पर पहुंच गया है, जहां पहले कमरे का किराया 50,000 रुपये था, वो बढ़कर 85,000 रुपये से 1.30 लाख रुपये हो गया है। दिल्ली के प्रदूषण को देखते हुए सभी होटलों में



वायु शोधन प्रणालियों को भी मजबूत किया जा रहा है। दिल्ली में इस सप्ताह पुतिन की यात्रा के अलावा कई बड़े आयोजन हैं। भारत मंडपम में कराधान को लेकर अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की बैठक, यशोभूमि में पेपर प्रदर्शनी और यूनेस्को की बैठक है। इसके अलावा विवाह की तिथियों के कारण इस सप्ताहांत और आगे दिसंबर मध्य तक सभी बड़े होटलों के कमरे फुल हैं। होटल व्यवसायियों का कहना है कि सर्दियों में दिल्ली में प्रदूषण की वजह से पर्यटक नहीं आना चाहते, लेकिन ये बड़े आयोजन उनको सहारा दे रहे हैं। राष्ट्रपति पुतिन आईटीसी मौर्या के 4,700 वर्ग फुट के 'ग्रैंड प्रेसिडेंशियल सुइट' में ठहरेंगे। यहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके पूर्ववर्ती जो बाइडन और बिल क्लिंटन जैसे शीर्ष लोग ठहर चुके हैं। इसमें दो बेडरूम, एक रिसेप्शन एरिया, लिविंग रूम, स्टडी रूम, 12 सीटों वाला निजी डाइनिंग रूम, मिनी-स्पा और एक जिम्नेजियम है। होटल के रेस्टोरेंट बुखारा (अमेरिकी राष्ट्रपतियों का पसंदीदा) और दम-पुख्त भी रूसी राष्ट्रपति और उनके प्रतिनिधिमंडल के लिए तैयार हैं। यहां सुरक्षा काफी कड़ी है। रूसी प्रतिनिधिमंडल ने आईटीसी के बगल के ताज पैलेस में भी कमरे बुक कर लिए हैं। ताज पैलेस, ताज महल, ओबेरॉय, लीला और मौर्य समेत मध्य दिल्ली के सभी 5 सितारा होटलों के सभी कमरे फुल हैं। बुधवार तक यहां औसत किराया 50,000-80,000 रुपये था।

### गुजरात एटीएस ने पाकिस्तानी जासूसी की पोल खोली, सेना के पूर्व सूबेदार और महिला गिरफ्तार

**अहमदाबाद (आरएनएस)।** गुजरात के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने गुरुवार को एक बड़े पाकिस्तानी जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। एटीएस ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों को संवेदनशील और सुरक्षा संबंधी जानकारी लीक करने के आरोप में एक महिला और एक पूर्व सेना




सूबेदार को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान गोवा में भारतीय सेना में सूबेदार मेजर अजय कुमार सिंह और दादरा एवं नगर हवेली की रश्मणी पाल के रूप में हुई है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अजय पर पाकिस्तानी गुर्गों को वित्तीय सहायता पहुंचाने का भी आरोप है। दोनों जासूसी नेटवर्क के तहत धन जुटाने में मदद कर रहे थे। दोनों ने संवेदनशील जगहों से जुड़ी गोपनीय जानकारियां इक्ठा की और उनको पाकिस्तान के साथ साझा करने में लगे थे। एटीएस अब इस व्यापक नेटवर्क की जांच कर रही है। वह पता लगा रही है कि कितनी जानकारी पहले ही लीक हो चुकी है और इससे कितने लोग जुड़े हैं।

गुजरात एटीएस के अधिकारियों ने इससे पहले नवंबर में पंजाब पुलिस द्वारा वांछित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। उस पर आरोप था कि वह भारत में ग्रेनेड हमले करने के लिए पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संचालकों से साथ काम करने वाले गिरोह के लिए हथियारों की तस्करी कर रहा था। पंजाब पुलिस से जानकारी के बाद एटीएस ने गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी बिल्ला को पंचमहल जिले के हलोल कस्बे से पकड़ा था।

## सीएम नीतीश बोले-बिहार में कहीं डर का माहौल नहीं

# पूरे राज्य का हो रहा विकास, पीएम नरेन्द्र मोदी का कीजिए धन्यवाद

**पटना (आरएनएस)।** बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में आज चौथे दिन राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई। विधानसभा और विधान परिषद में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सत्ता पक्ष की तरफ से अपनी बातों को रखा. इस दौरान सीएम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी जमकर तारीफ की।

मुख्यमंत्री ने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को धन्यवाद दिया. एनडीए को भारी बहुमत से जीताने के लिए बिहार के लोगों को भी शुक्रिया अदा किया. कहा कि बिहार में विकास हो रहा है कहीं डर का माहौल नहीं है. सीएम ने कहा



कि पहले कितना हिंदू मुस्लिम होता था, लेकिन अब किसी तरह का झंझट नहीं होता है. पहले कब्रिस्तान की घेराबंदी की गई. फिर 60 साल से अधिक पुराने मंदिरों की घेराबंदी की गइ।

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि 10 लाख नौकरी 10 लाख रोजगार का वादा किया गया था. लेकिन 10 लाख नौकरी और 40 लाख रोजगार दिया जा चुका है. यानी 50 लाख नौकरी रोजगार दिया जा चुका है. अब अगले 5 साल में एक करोड़ नौकरी रोजगार दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत में महिलाओं के आरक्षण 2006 में हम लोगों ने दिया, तब से चार चुनाव हो चुके हैं। अब सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है. एक करोड़ 40 लाख जीविका दीदी हैं और इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है. मुख्यमंत्री महिला रोजगार के लिए महिलाओं को ?10000 की राशि दी जा रही है. अब तक एक करोड़ 56 लाख महिलाओं को राशि दी जा चुकी है. महिलाओं को अच्छा व्यवसाय करने पर 2 लाख तक की और सहायता दी जाएगी.

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि केन्द्र सरकार का भी भरपूर मदद मिल रहा है. 2024 और 2025 में विशेष आर्थिक पैकेज बिहार को मिला है. बजट में मखाना बोर्ड के गठन का भी फैसला लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हम नमन करते हैं. इस दौरान सीएम नीतीश ने सभी को हाथ उठाने के लिए कहा. विपक्ष को भी कहा कि आप लोग भी क्यों नहीं उठा रहे हैं? आप लोग पहले बात मान लेते थे लेकिन बाद में गड़बड़ करने लगे तो छोड़ दिये, अब कभी नहीं जाएंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास कराने का अनुरोध किया. इधर तेजस्वी यादव की अनुपस्थिति में राजद की तरफ से कुमार सर्वजीत ने बात रखी. कुमार सर्वजीत ने कहा कि सम्राट चौधरी के पिता ने सम्राट नाम रखा था, लेकिन मीडिया के लोगों ने बुलडोजर बाबा नाम रख दिया है. सर्वजीत ने कहा कि हम लोगों को पता था कि जब आपको प्रचंड बहुमत मिलेगा तो दलित के बेटा को बोलते नहीं देंगे। कुमार सर्वजीत के इस बयान पर सत्ता पक्ष की तरफ से आपत्ति जताई गई. विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि हम भी कई बार गए हैं, पहले से वहां काफी बेहतर स्थिति है. इसपर सर्वजीत ने मुख्यमंत्री से कहा कि आप एक कमेटी बना दें, वहां की स्थिति का जाकर जायजा ले। विधानसभा के बाद विधान परिषद में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पहले मात्र 6 मेडिकल कॉलेज थे. अब 12 मेडिकल कॉलेज हो गए हैं. पटना मेडिकल कॉलेज में 5 हजार बेड का बना रहे हैं, बाकी सभी मेडिकल कॉलेज में 2500 बेड बनाए जा रहे हैं. आईजीआईएमएस में तीन हजार बेड का बनाए जा रहे हैं।

## बम की धमकी के बाद इंडिगो फ्लाइट की अहमदाबाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

अहमदाबाद (आरएनएस)। मदीना से हैदराबाद जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट 6ई058 की बम की कथित धमकी के बाद गुरुवार को अहमदाबाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई. फ्लाइट में 180 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे। बताया जाता है कि एक पैसेंजर की संदिग्ध हरकत की वजह से फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई. फिलहाल, सभी पैसेंजर को बाहर निकाल लिया गया है और उनकी जांच की जा रही है. साथ ही संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया गया, फ्लाइट की जांच की जा रही है। जोन 4 के डीसीपी अतुल बंसल ने कहा कि पुलिस को सूचना मिलने के बाद, पुलिस की एक टीम एयरपोर्ट पहुंची. फिलहाल, सभी पैसेंजर को बोर्ड करके एयरपोर्ट लाया गया है. वहीं संदिग्ध व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया है. फ्लाइट की अब जांच की जा रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।



## तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं कबीर निलंबित, बाबरी जैसी मस्जिद बनाने की कही थी बात

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक हुमायूं कबीर को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी जैसी मस्जिद बनाने की बात कहकर विवाद खड़ा कर दिया था। उनके बयान को लेकर पार्टी के भीतर तीखी आलोचना हुई थी और तुरंत अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। टीएमसी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि बेलडांगा के विधायक की टिप्पणी अस्वीकार्य है और पार्टी के रुख को नहीं दर्शाती है।



कबीर ने पिछले दिनों कहा था, मैंने एक साल पहले कहा था कि मैं बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की नींव रखूंगा। तुम्हारी चमड़ी क्यों जल रही है? क्या तुम्हें भाजपा चला रही है? 6 दिसंबर को एनएच-34 मेरे नियंत्रण में रहेगा, मुसलमानों के नियंत्रण में। इस दौरान उन्होंने मुर्शिदाबाद प्रशासन पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एजेंट होने का आरोप लगाया और अधिकारियों को चेतावनी दी कि उनके कार्यक्रम को रोकने की कोशिश की तो वे आग से न खेलें।

विधायक कबीर के बयान के बाद राज्य में बवाल खड़ा हो गया है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य सरकार से कहा कि अगर विधायक के बयान से तनाव पैदा हो रहा है तो उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं किया जाना चाहिए? टीएमसी ने कबीर के बयान से तुरंत किनारा कर लिया, लेकिन भाजपा ने टीएमसी पर बंगाल को अराजकता की ओर धकेलने और लोगों को भड़काने का आरोप लगाया है।

# भीमा कोरेगांव मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर हनी बाबू को मिली जमानत

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र की बॉम्बे हाई कोर्ट ने एल्गार परिषद-भीमा कोरेगांव मामले में गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर हनी बाबू को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति एएस

**प्रोफेसर बाबू को एनआईए ने माओवादी साजिश से कथित जुड़ाव के आरोप में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था**

गडकरी और रंजीत सिंह आर भोंसले की खंडपीठ ने बाबू को एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दी। वह 5 साल से अधिक समय से हिरासत में हैं। कोर्ट ने कहा कि बिना मुकदमा शुरू किए लंबे समय तक जेल में रखना शीघ्र सुनवाई के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। प्रोफेसर बाबू को



राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए ) ने 28 जुलाई, 2020 को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद उन्होंने जमानत के कई प्रयास किए। उनकी पिछली जमानत याचिकाएं एक विशेष एनआईए अदालत और 2022 में हाई कोर्ट द्वारा खारिज की जा चुकी है। मई 2024 में, उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए विशेष अनुमति याचिका दायर की थी, जो वापस ले ली। बाद में उन्होंने परिस्थितियों में बदलाव का हवाला देते हुए जमानत के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। प्रोफेसर बाबू को एनआईए ने माओवादी साजिश से कथित जुड़ाव के आरोप में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था। उन पर रिवोल्यूशनरी डेमोक्रेटिक फ्रंट और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के साथ गहरे जुड़ाव का आरोप लगाया गया है। उन पर वामपंथी किताब सीक्रेसी हैंडबुक का पालन करने का भी आरोप है, जिसमें लिखा है कि एक कॉमरेड गिरफ्तार होने पर दूसरे कॉमरेडों को कानूनी प्रतिनिधित्व, प्रचार और विरोध-प्रदर्शन से मदद करनी चाहिए। बाबू को जमानत मिलने का रास्ता तब खुला, जब मामले में 8 लोगों को जमानत मिली। हाई कोर्ट ने रोना विल्सन, कार्यकर्ता सुधीर धावले, सुधा भारद्वाज को जमानत दी, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने पी वरवर राव, शोमा सेन, वर्नोन गोंसाल्वेस और अरुण फरेरा जमानत दी।

## रद्द की उड़ानें | एयरलाइन इंडिगो इस समय मुश्किल हालात का सामना कर रही है

# इंडिगो ने फिर रद्द की उड़ानें, यात्री परेशान, आखिर क्या है कारण?

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश की सबसे बड़ी और किफायती एयरलाइन इंडिगो इस समय मुश्किल हालात का सामना कर रही है। लगतार उड़ानें रद्द होने से यात्री परेशान हो गए हैं। गुरुवार तड़के दिल्ली से रवाना होने वाली 30 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं और हैदराबाद में भी लगभग 33 उड़ानें रद्द हुईं हैं। मुंबई हवाई अड्डे पर भी यही हाल है। नवंबर में भी एयरलाइन का प्रदर्शन अच्छा नहीं था, जिसको लेकर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने नोटिस भी भेजा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, बुधवार को दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद के हवाई अड्डों पर कुल 200 उड़ानें रद्द होने की सूचना थी। गुरुवार को भी इंडिगो की 170 से अधिक उड़ानों के रद्द होने की संभावना है। डीजीसीए ने मामले का संज्ञान लेते हुए इंडिगो से लगातार उड़ानें रद्द होने का कारण पूछा है। विमानन नियामक ने मामले पर तब गौर किया, जब एक दिन में दिल्ली में 38, मुंबई में 33 और अहमदाबाद में 14 उड़ानें रद्द हुईं। डीजीसीए ने इंडिगो की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी से बताया कि नवंबर में कुल एयरलाइंस ने कुल 1,232 उड़ानें रद्द की है। इनमें 755 उड़ानें चालक दल के सदस्य और फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) की बाध्यताओं के कारण रद्द हुईं हैं। डीजीसीए के मुताबिक, 258 उड़ानें हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण, 92 उड़ानें एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम की विफलता के कारण और 127 उड़ानें अन्य कारणों से रद्द हुईं है। डीजीसीए ने एयरलाइन के खराब प्रदर्शन को देखते हुए उनके अधिकारियों को गुरुवार को बातचीत के लिए बुलाया।



डीजीसीए ने कहा कि इंडिगो की उड़ानों के साथ क्या समस्या है, उसकी जांच की जा रही है। उसने एयरलाइन को वर्तमान स्थिति के कारण, उड़ान रद्द कम करने और देरी कम करने की योजना भी पेश करने को कहा है। एयरलाइन का समग्र समय पर प्रदर्शन (ओटीपी) नवंबर में 67.7 प्रतिशत रहा, जबकि अक्टूबर में यह 84.1 प्रतिशत था। इंडिगो ने उड़ानों के रद्द होने पर अपना बयान जारी कर कहा, छोटी-मोटी तकनीकी गड़बड़ियां, सर्दियों के मौसम से संबंधित शेड्यूल में बदलाव, प्रतिकूल मौसम की स्थिति, विमानन प्रणाली में भीड़भाड़ में वृद्धि और अद्यतन चालक दल सदस्य रोस्टरिंग नियमों यानी एफडीटीएल के कार्यान्वयन सहित कई चुनौतियों ने परिचालन पर नकारात्मक प्रभाव डाला, जिसका अनुमान लगाना संभव नहीं था। इंडिगो ने कहा कि वह व्यवधान को नियंत्रित करने और स्थिरता बहाल करने के लिए काम कर रही है।

इंडिगो 90 घरेलू और 40 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ान सेवाएं देती है और रोजाना 2,200 उड़ानें संचालित करती है। इस समस्या का बड़ा कारण चालक दल और खासकर पायलट की कमी है, जो नवंबर में संशोधित एफडीटीएल नियमों के लागू होने से पैदा हुई है।

संशोधित नियम के तहत स्टाफ को अधिक आराम देना है, इसलिए ड्यूटी का संतुलन नहीं बैठ पा रहा। एफडीटीएल संशोधित नियम का पहला चरण जुलाई और दूसरा चरण 1 नवंबर से लागू हुआ है।

# 2 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया गया महिन्द्रा ट्रैक्टर, 2500 रुपये नकद ,

## घटना में प्रयुक्त बुलेरो पिकअप, अवैध असलहा कारतूस व चोरी करने के उपकरण बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**स्याना (वसीम खाँन)।** स्याना पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया एक ट्रैक्टर, 2500 रुपए की नकदी, दो तमंचे, चार जिंदा कारतूस और चोरी करने के उपकरण बरामद किए हैं। घटना में प्रयुक्त एक बोलेरो पिकअप भी जब्त की गई है। पुलिस ने इन अभियुक्तों को चौकी सराय नहर पटरी से एक अभियान के तहत चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के नाम विनय उर्फ तोता पुत्र जवाहर सिंह (निवासी ग्राम उदयपुर, थाना बाबूगढ़, जनपद हापुड़) और सोहनपाल उर्फ सोनू पुत्र बिजेंद्र (निवासी ग्राम नंगला चंदपुरा, थाना बीबीनगर, जनपद बुलंदशहर) हैं।गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं और उनका लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। वे पूर्व में भी लूट, हत्या और चोरी जैसे गंभीर अपराधों में शामिल रहे हैं। वे चोरी या लूट से बरामद रकम को आपस में बांट लेते थे। हाल ही में, इन अभियुक्तों ने थाना स्याना क्षेत्रांतर्गत नवीन मंडी में स्थित दुकानों से डीवीआर और गल्ले से कुछ नकदी चोरी करने की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में थाना स्याना में एक मामला पंजीकृत है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने स्याना कस्बे से एक महिंद्रा ट्रैक्टर भी चोरी किया था। अभियुक्तों की गिरफ्तारी और बरामदगी के संबंध में थाना स्याना पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। इस गिरफ्तारी को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक यज्ञदत्त शर्मा, उपनिरीक्षक मनीष कुमार, उपनिरीक्षक सुमित कुमार, उपनिरीक्षक नीरज मलिक, हेड कांस्टेबल मोहम्मद शाहिद, हेड कांस्टेबल अमित भड़ाना, कॉन्स्टेबल श्रवण कुमार, कांस्टेबल रूप सिंह और कांस्टेबल अमन पंवार शामिल थे।

# बिना पानी पिए पानी का बिल भरने को मजबूर सईदगढी के निवासी

## नहीं देंगे दोगले नेताओं को वोट भाजपा को वोट देने की कह रहे लोग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नगर पंचायत का अनोखा कारनामा। पानी की सप्लाई किए बिना पानी का बिल वसूला जा रहा है। इस स्थिति के चलते मौहल्ला सईदगढी के लोगों में गहरा आक्रोश है और उन्होने दोगले नेताओं को वोट ना देकर भाजपा को वोट देने की बात खुलकर कही है।



कस्बे के मौहल्ला सईदगढी में नगर पंचायत के सर्वेसवाओं ने सालों पूर्व सुचारू वाटर सप्लाई हेतु लाखों की लागत से एक पंप लगवाया था। पंप लगने के बाद लोगों से पानी के कनेक्शन हेतु आवेदन पत्र जमा कराए और उनके पानी के कनेक्शन मंजूर कर दिये। पानी के कनेक्शन मंजूर करने के तुरंत बाद पानी के बिल निर्धारित दर से भेजने शुरू कर दिए। पिछले दो साल से लोग पानी के बिल जमा करते आ रहे हैं लेकिन पानी की सप्लाई आज तक भी शुरू नहीं हो पाई है। पानी की सप्लाई तो दूर अभी तक पंप की बिजली आपूर्ति तक शुरू नहीं हो पाई है। बिजली आपूर्ति तब शुरू हो जब पंप तक लाइन खिंच सके। गुरुवार को मौहल्ले के स्त्री पुरुष आक्रोशित हो गए और उन्होने नगर पंचायत के सर्वेसवाओं की जमकर आलोचना की। यहां तक कहा कि वोट लेने आ जाते हैं उसके बाद होश ही नहीं रहता पब्लिक जाये भाड़ में। लोगों से बात करने पर उन्होने बताया कि कब्रिस्तान के लिए रास्ता बनाने का वादा किया गया था आज तक पूरा नहीं किया गया। मस्जिद के आगे पानी भर जाता है लेकिन किसी को भी कोई परवाह नहीं है। अनेक गलियों में खडंजे लगने थे नहीं लगवाये गये। आक्रोशित लोगों ने यहां तक कहा कि अब वो भाजपा को वोट देंगे। आक्रोशित लोगों ने मौहल्ले में सफाई व्यवस्था को भी जमकर कोसा। सईदगढी के लोगों ने स्थिति में सुधार नहीं होने पर शीघ्र ही नगर पंचायत पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन शुरू करने की भी चेतावनी दी है।

# बड़े भाई ने अपनी पत्नी और बेटों के साथ मिलकर छोटे भाई के कमरे का ताला तोड़ काफी सामान गायब कर दिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मौहल्ला सादात में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी बेटों और कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर विदेश में रह रहे अपने छोटे भाई के कमरे का ताला तोड कर काफी सामान गायब कर दिए। पीडित पक्ष ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर मामले की जानकारी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। मामला संपत्ति हड़पने का बताया जा रहा है।पूर्व चेयरमैन सैयद मतलूब अली के नवासे सैयद मौहम्मद नदीम पुत्र स्व सैयद मौहम्मद जमील निवासी मौहल्ला सादात ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर अवगत कराया कि उसका छोटा भाई जावेद कुछ वर्षों से दुबई में जाब करता है और अपने परिजनों के साथ वहीं रहता है। उसकी अनुपस्थिति के चलते उसके मकान और बैठक में ताला लगा रहता है। 26 नवंबर 25 की सुबह जावेद का नौकर सादाब पुत्र शफीक मकान व

**मामला दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी, संपत्ति हड़पने का बताया जा रहा है विवाद**

बैठक की साफ सफाई करने पहुंचा तो बड़े भाई कफिल पुत्र स्व सैयद जमील और उसके बेटे ने नौकर को बंदी बनाकर पिटाई शुरू कर दी। और मारपीट कर नौकर को भगा दिया। नौकर के जाने के बाद कमरे का ताला तोड कर वहां रखा डीवीआर निकाल लिया। तथा वहां लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ कर राऊडर तार आदि चुरा ले गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिसमें कफिल, उसकी पत्नी नूर फात्मा पुत्र मौहम्मद हमदाद के अलावा तीन अन्य लोग मौजूद थे। सैयद नदीम ने अपने भाई के देश से बाहर होने का हवाला देते हुए पुलिस को लिखित तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने सैयद मौहम्मद कफिल उसके पुत्र जलील व हमदान पत्नी नूर फात्मा तथा तीन अन्य अज्ञात के खिलाफ धारा 131, 115 (2), 352, 351(2),127 (2), 331 (4) 305, तथा 324(4) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की? है। अभी किसी की कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। थाना प्रभारी रामनरायण सिंह ने बताया कि मामला संपत्ति विवाद से जुड़ा हुआ है। जांच पड़ताल चल रही है।

## विधुत विभाग के खम्भे व तार गल चुके हैं हो सकता है किसी रोज बढ़ा हादसा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** आदर्श मानव सेवा फाऊंडेशन द्वारा धरना प्रदर्शन कर मांग करते हैं गांव नीमखेड़ा थाना कोतवाली देहात ब्लाक व तहसील व जिला बुलन्दशहर गांव नीमखेड़ा में अंग्रेजी जमाने से बिजली के खम्भों पर 11 हजारा तार वाली लाइन गांव के बीचों बीच से चली आ रही है सभी नीमखेड़ा के ग्रामीण दहशत के साए में रहते हैं लोहे के गोल खम्भे गल चुके हैं किसी भी दिन हो सकता है कोई बड़ा हादशा लेकिन कोई विजली कर्मचारी या विभागीय अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं क्योंकि गांव नीमखेड़ा में तार भी गल चुके हैं लगभग 500 मीटर के एरिया में सैकड़ों जोड़ लगे हैं जिला अधिकारी महोदय से अनुरोध है ।

शनिदेव मंदिर व देवी मंदिर से कुआं वाले चौराहे तक केविल वाली लाइन डाली जाए नये खम्भे व विधुत विभाग की लाइन की जांच करा कर केविल वाली लाइन डाली जाए महोदय उचित कार्रवाई कराने के उपरांत अबगत कराने की कृपा करें ।

# शहरी क्षेत्र में चलाया गया बिजली चोरी अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** खंड कार्यालय के अधीन संचालित चेकिंग अभियान के अंतर्गत दिनांक 04.12.2025 को विद्युत नगरीय वितरण उपखंड द्वितीय अजय कुमार कुशवाह नेतृत्व विभागीय तथा विजिलेंस टीम द्वारा नगरीय खंड के अंतर्गत उच्च लाइन लॉस वाले क्षेत्र नरसालघाट पर विद्युत विभाग बुलन्दशहर द्वारा रेड अभियान चलाया गया उपरोक्त चेकिंग मैं नरसलघाट क्षेत्र निवासी फरीद पुत्र अब्दुल रसीद,जाहिर पुत्र अब्दुल रसीद, मंजूर हुसैन रमजानि, अल पुत्र जहीर तथा नसरीन पुत्र जमालुद्दीन सहित कुल 7 व्यक्तियों के विरुद्ध विद्युत चोरी के विरुद्ध थाना एंटी पावर थेफ्ट बुलंदशहर मैं धारा 135 मैं प्राथमिकी दर्ज की गई। उपरोक्त चेकिंग मैं कुल 12'६ की विद्युत चोरी पकड़ी गई उपरोक्त लोड के सापेक्ष खंड कार्यालय द्वारा कुल 10.99 लाख का राजस्व निर्धारण किया गया।



# NRLM स्वयं सहायता समूहों के नाम पर लाखों रुपये के बड़े घोटाले का भंडाफोड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जनपद के ब्लॉक ऊँचागाँव में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों (SHGs) में कई वर्षों से हो रहे करोड़ों रुपये के गबन का गंभीर मामला उजागर हुआ है।आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेन्द्र सिंह राणा ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय, ग्राम्य विकास विभाग एवं बुलंदशहर प्रशासन को विस्तृत शिकायत पत्र भेजकर इस पूरे घोटाले की उच्चस्तरीय जाँच की मांग की है मुख्य खुलासे ऊँचागाँव, दौलतपुर कलां, अमरगढ़, घुघरावली सहित कई गाँवों के SHGs में हर वर्ष लाखों रुपये का रिवॉल्विंग फंड एवं अनुदान आता रहा, लेकिन राशि वास्तविक सदस्यों तक नहीं पहुँची। समूह की अध्यक्षों ने ब्लॉक अधिकारियों की कथित मिलीभगत से यह धनराशि अपने पति, बेटों, बेटियों और करीबी रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर कर ली। अधिकांश गरीब, अनपढ़ महिला सदस्य यह नहीं जानतीं कि उनके नाम पर आई सरकारी राशि कहाँ गयी , उन्हें एक रुपये तक का लाभ नहीं मिला। कई समूह अध्यक्ष पहले से सरकारी दायित्वों पर (जैसे-आंगनवाड़ी कार्यकत्री, आशा बहू, ग्राम पंचायत पद) कार्यरत हैं, फिर भी उन्होंने गरीब महिलाओं का हक हड़प लिया समूह खातों से बार-बार पुरुष परिजनों के खातों में भारी धनराशि भेजी गई, जो NRLM योजना के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है देवेन्द्र सिंह राणा का बयान यह सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि गरीब ग्रामीण महिलाओं के भरोसे के साथ विश्वासघात है। प्रभावशाली लोगों ने अनपढ़ महिलाओं के नाम पर सरकारी खजाने को लूटा है।

# दिनभर चली बफीर्ली हवाओं ने किया बेहाल, तापमान हर रोज गिर रहा, बढ़ रहा सर्दी का असर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** दिसंबर की शुरूआत से ही तापमान में उतार-चढ़ाव जारी है। मौसमी उतार-चढ़ाव के बीच अब तापमान में गिरावट आनी शुरू हो गई है । सर्दी ने अपना असर दिखना शुरू कर दिया है। गुरुवार को दिनभर चली शीतलहर हवाओं ने तापमान में 2 डिग्री की गिरावट दर्ज कराई तो लोगों को दोपहर के समय भी सर्दी का एहसास हुआ। सुबह के समय लोग घर से बाहर निकले तो ठंड हाथ पैरों को सुन कर रही थी। बफीर्ली हवाओं के चलने से ठंड का एहसास अधिक हो रहा है ।सर्दी के दस्तक देने के साथ ही गर्म कपड़ों का बाजार भी गरमा गया है। बच्चों से लेकर बड़ों तक के कपड़े उपलब्ध हैं। हालांकि अभी मांग छोटे बच्चों के कपड़ों और ऊन की अधिक है। नगर के मुख्य बाजारों की गारमेंट दुकानों पर गर्म कपड़ों का स्टॉक कर लिया गया है। बच्चों के लिए खास तौर से गर्म कैप, बलून इन बियर मौजे, स्वेटर की बिक्री शुरू हो गई है। वस्त्र व्यवसाई राकेश बताते हैं कि अभी इतनी बिक्री नहीं हो रही है कि केवल गर्म कपड़ों का ही काम रखा जाए अभी छोटे बच्चों की ही गर्म कपड़ों की बिक्री हो रही है। बदल रहे हैं मौसम के साथ ही गर्म कपड़ों की मांग होने लगी। ठंड का आगाज होने पर गर्म कपड़ों की डिमांड बाजारों में बढ़ गई है।



**तापमान हर रोज गिर रहा, बढ़ रहा सर्दी का असर**

धीरे-धीरे गिर रहे तापमान के बीच ठंड का असर बढ़ रहा है सुबह और शाम के समय सर्दी अपना असर दिखाने लगी है। आलम यह है कि सुबह और मध्य रात्रि को गलन भरी सर्दी पड़ने लगी है। सुबह मॉर्निंग वॉक को जाने वाले लोग गर्म लिवास में घर से निकल रहे हैं।

**बदल रहा मौसम बरतें सावधानी**

सर्दी बढ़ने के साथ स्वास्थ्य बिगड़ने का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। इसलिए सावधानी बरतने की जरूरत है हल्की भी सर्दी लगती है तो गले का इन्फेक्शन जुखाम खांसी कब नजला और बुखार भी अपनी चपेट में ले सकता है। सरकारी अस्पताल से लेकर निजी अस्पतालों तक सर्दी के स्थाई मरीज पहुंच रहे हैं। सीएचसी प्रभारी डॉ शशि शेखर का कहना है अस्पताल में आने वाले मरीजों में 35 प्रतिशत मरीज सर्दी जनित बीमारियों के शिकार होते हैं। गुनगुना पानी पीने गर्म कपड़े पहने बच्चे और बुजुर्ग विशेष सावधानी बरतें।

**अलाव के लिए नहीं कोई इंतजाम**

रात के समय ठंड अधिक होने के कारण लोग परेशान, लेकिन नगर पालिका ने अलाव के लिए अभी तक कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में अधिकांश स्थानों पर लोग कूड़ा कचरा जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं।

# सहालग मैं सब्जियों की मांग बढ़ने से कीमतों आया उछाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** सहालग मैं सब्जियों की मांग बढ़ने से दाम भी बढ़ने लगे हैं। इससे रसोई का बजट भी बढ़ गया है। हालांकि आलू के भाव कम हुए हैं। सब्जी विक्रेता सचिन ने बताया कि शादियों का सीजन चल रहा है। ऐसे में अन्य सामानों के साथ सब्जियों की भी मांग बढ़ गई है। जबकि इन दोनों तापमान कम होने से सब्जियों की पैदावार पर असर पडने से आवक कम हो जाती है। ऐसे में कम पैदावार के चलते सब्जियों के भाव भी बढ़ने लगे हैं। इसके चलते पिछले कई दिनों से सब्जियों के दाम बढ़ते जा रहे हैं। एक सप्ताह में टमाटर, बैगन, मटर, खीरा ,गोभी, हरा धनिया, पालक, बथुआ, समेत अन्य सब्जियों के भाभी बढ़ गए हैं। उधर ग्रहणियों का कहना है कि सब्जियों के दाम बढ़ने से रसोई का बजट भी बढ़ गया है।



# स्याना में समाजसेवियों ने बीएलओ को किया सम्मानित, एसआईआर प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**स्याना (वसीम खाँन)।** समाजसेवियों ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह बूथ नंबर 136 पर आयोजित किया गया। एसडीएम रविंद्र प्रताप सिंह ने इस अवसर पर बीएलओ के कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि बीएलओ ने घर-घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराए, उन्हें एकत्र किया और बीएलओ ऐप के माध्यम से ऑनलाइन फीडिंग का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया।तहसीलदार अजय कुमार ने उपस्थित मतदाताओं से एसआईआर कार्यक्रम में सहयोग की अपील की। एसडीएम ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि वे बीएलओ को सभी आवश्यक जानकारी देकर अपने फॉर्म भरें और मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराएं। एसडीएम रविंद्र प्रताप सिंह ने यह भी बताया कि किसी भी समस्या के लिए मतदाता अपने बीएलओ या तहसील स्तरीय अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने घोषणा की कि एसआईआर प्रक्रिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को आगे भी सम्मानित किया जाएगा।



**आयोजन** | सिविल बार एसोसिएशन सभागार में हुआ अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन

# अन्याय के विरुद्ध न्याय की रक्षा में अधिवक्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण: सचिन वर्मा स्वर्णकार

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**बुलंदशहर ।** देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती के उपलक्ष में आयोजित होने वाले अधिवक्ता दिवस पर आज नवदीप सामाजिक विकास संस्था भारत के द्वारा सिविल बार एसोसिएशन के सभागार में अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सबसे पहले डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल सिंह राघव एडवोकेट, सचिव कपिल मोहन अग्रवाल एडवोकेट तथा बार के पूर्व अध्यक्ष संजय दीक्षित एडवोकेट को नवदीप संस्था के राष्ट्रीय संयोजक सचिन वर्मा स्वर्णकार एवं जिला संयोजक रईसउद्दीन एडवोकेट ने पटका पहनाकर व संविधान निमार्ता डॉ.भीमराव अंबेडकर का चित्र भेंट करके सम्मानित किया। इस मौके पर सचिन वर्मा स्वर्णकार ने कहा कि अन्याय के विरुद्ध खड़े होकर न्याय, अधिकार एवं समाजहित की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले समस्त अधिवक्तागण सम्मान के योग्य हैं। इस दौरान बार एसोसिएशन के सचिव कपिल मोहन अग्रवाल ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक अधिवक्ता को अपने कर्तव्यों का निर्वाहन पूरी निष्ठा और समर्पण भावना से करते हुए न्याय की रक्षा करनी चाहिए।

उन्होंने अपनी ओर से बाहर के सभी अधिवक्ताओं को भी अधिवक्ता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मनोज बेरी एडवोकेट गोपाल राठौर एडवोकेट अनिल कुमार एडवोकेट शिवकुमार एडवोकेट असद रईस एडवोकेट, मिर्जा मोहम्मद एडवोकेट, नजीब अहमद एडवोकेट आदि दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

**गुमशुदा की तलाश**



**अमरीन उर्फ गुल्लो पुत्री हाकिम खाँ निवासी ग्राम मैथना जगतपुर पोस्ट सराय छबीला थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर जो कक्षा 05 पास है जिसकी उम्र लगभग 19 वर्ष है जिसका हुलिया रंग गेहुआँ लम्बाई 5 फुट 01 इंच है तथा जो पीले कपड़े पहने है दिनांक 31/12/2024 को समय लगभग 2 बजे दिन घर से बिना बताये चली गयी है जिसके संबंध में थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर पर मु0अ0सं0 12/2025 धारा 87 बीएनएस पंजीकृत किया गया है अभियोग की विवेचना व0उ0नि0 नरेश कुमार मो0नं0 7007818242 द्वारा सम्पादित की जा रही है । यदि किसी थाने / इकाई पर कोई लाभप्रद सूचना मिलती है तो थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर को सूचित करने की कृपा करें ।**

(नरेश कुमार)
व0उ0नि0
थाना औरंगाबाद बुलन्दशहर
मो0नं0 7007818242

(राम नारायन सिंह)
प्रभारी निरीक्षक
थाना औरंगाबाद बुलन्दशहर
मो0नं0 9454403153

# शेरा गुर्जर व कलुआ गुर्जर ने ने जीती दो-दो लाख की कुश्ती







बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** जेवर के दाऊजी मंदिर परिसर मे बुधवार को एक विशाल दंगल का आयोजन कराया। जिसमे शेरा गुर्जर व कलुआ गुर्जर ने दो दो लाख की कुश्ती जीतकर अपने नाम की। इस टूर्नामेंट मे दूर दराज से कई पहलवान पहुंचे और आखिरी दो कुश्ती एक एक लाख की होनी थी, जिसको जेवर नगर पंचायत अध्यक्ष पहलवान नारायण माहेश्वरी ने जितने वाले पहलवानों को अपनी ओर से एक एक लाख रुपए का इनाम और बढ़ा दिया। इस तरह आखिरी दो कुश्ती दो दो लाख और चांदी की गदा पर हुईं। जिसमे पहलवान शेरा गुर्जर ने मलंग पहलवान को हराकर दो लाख व एक चांदी की गदा और कलुआ गुर्जर ने विशाल गुड्डू को हरा कर दूसरी दो लाख की कुश्ती अपने नाम कर ली। इस मौके पर सौरभ माहेश्वरी, पंकज शर्मा, दिनेश चांद शर्मा, शिव कुमार, मनोज, योगी शर्मा, टिंकू आदि मौजूद रहे।

## पीएम सूर्य घर योजना के प्रचार प्रसार में समस्त आर.डब्ल्यू.ए./ए.ओ.ए पदाधिकारीगण करें सहयोगः डिप्टी रजिस्ट्रार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर।** डिप्टी रजिस्ट्रार, चिट्स फर्म एवं सोसायटी, गौतमबुद्धनगर वैभव कुमार ने जनपद में पंजीकृत समस्त आर०डब्ल्यू०ए०/ए०ओ०ए० के सम्मानित पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि पी०एम० सूर्यघर योजना अन्तर्गत स्वतंत्र आवास, बहुमंजिली (हाई राइज) इमारतों एवं गेटेड सोसायटियों में सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित किये जाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाना अपेक्षित है।

उन्होंने बताया कि पी०एम० सूर्यघर योजनाह्न भारत सरकार द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय योजना है, जिसके अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। उक्त योजना के प्रभावी प्रचार-प्रसार हेतु सभी आर०डब्ल्यू०ए०/ ए०ओ०ए० के पदाधिकारियों का सक्रिय सहयोग अपेक्षित है।

उन्होंने बताया कि सम्बन्धित विभाग के कर्मचारी/अधिकृत वेन्डर सेक्टरों एवं सोसायटियों में कैनॉपी, पम्पलेट आदि के माध्यम से योजना का निःशुल्क प्रचार-प्रसार करेंगे, इसमें आर०डब्ल्यू०ए/ ए०ओ०ए० अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

इसके प्रचार-प्रसार कार्य में बाधा उत्पन्न की जाती है अथवा किसी प्रकार का शुल्क वसूल किया जाता है, तो इसे शासकीय कार्य में बाधा मानते हुए सम्बन्धित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# गलगोटियास कॉलेज में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों पर मंथन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**ग्रेटर नोएडा।** गलगोटियास कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग ने एआईसीटीई अटल वाणी योजना के तहत "सतत पर्यावरण प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए नवीन रणनीतियाँ" विषय पर दो दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एनआईटीटीटीआर, चंडीगढ़ के प्रोफेसर डॉ. संजय शर्मा ने किया। इस दौरान अल्ट्राटेक सीमेंट के रीजनल हेड एर. रवि ठाकुर और क्रिएटिव कंसल्टेंट एंड इंजीनियर्स प्रा. लिमिटेड के एमडी एर. अमनदीप गर्ग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने विभिन्न संस्थानों से आए 70 प्रतिभागियों, जिनमें संकाय सदस्य और पेशेवर शामिल थे, के साथ अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। इस अवसर पर गलगोटियास के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने अपना संदेश साझा करते हुए कहा कि, "हमारा संस्थान पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस तरह के कार्यक्रम शिक्षकों और शोधकताओं को नई तकनीकों से लैस करते हैं, जिससे वे समाज के लिए एक सुरक्षित और हरे-भरे भविष्य का निर्माण कर सकें।"यह फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम प्रतिभागियों को सतत बुनियादी ढांचे, पर्यावरण के अनुकूल तकनीकों और जलवायु चुनौतियों से निपटने की प्रभावी रणनीतियों पर विशेषज्ञों के साथ चर्चा करने का एक मंच प्रदान करता है। गलगोटिया की शैक्षणिक उत्कृष्टता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी कर सकते हैं शादी अनुदान योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन

# गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह हेतु शासन की शादी अनुदान योजना संचालित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौतमबुद्ध नगर लवेश कुमार सिसौदिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग को छोड़कर) के ऐसे गरीब अभिभावकों की पुत्रियों के विवाह हेतु ह्लशादी अनुदान योजनाह्व संचालित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत पात्र अभ्यर्थी की पुत्री के विवाह पर शासन द्वारा 20,000 रुपये की सहयोग धनराशि प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि शादी की तिथि से 90 दिन पूर्व से लेकर 90 दिन बाद तक पात्र अभ्यर्थी http://shadianudan.upsdc.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक का अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग को छोड़कर) का होना आवश्यक है। विवाह की तिथि पर पुत्री की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक तथा वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में आवेदक की वार्षिक पारिवारिक आय 100000/-रुपए (एक लाख रुपये) से अधिक नहीं होनी चाहिए। वृद्धावस्था, विकलांगता एवं विधवा पेंशन के लाभार्थियों को आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी, उन्हें केवल अपना रजिस्ट्रेशन नंबर भरना होगा। आवेदक का बैंक खाता राष्ट्रीयकृत बैंक में होना आवश्यक है। जिला सहकारी बैंक के खाते को पीएफएमएस पोर्टल पर स्वीकृत नहीं किया जाएगा। आवेदन के साथ पहचान पत्र, बैंक पासबुक, शादी का कार्ड, पुत्री की आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा आवेदक का फोटो संलग्न करना आवश्यक है। विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, कमरा संख्याझ्र111, विकास भवन, सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर में संपर्क कर सकते हैं।




# आचार्य प्रमोद कृष्णम 40 वर्षों से सरकारी जमीन पर किए हुए हैं कब्जा : अमित उठवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**सम्भल(मौहम्मद अब्बास)।** गुरुवार को अधिवक्ता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार विभाग डॉक्टर अमित कुमार उठबाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि राजस्व ग्राम एचौड़ा कंबोह की सरकारी भूमियों पर लगभग 40 वर्षों से आचार्य प्रमोद कृष्णम कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं मेरे द्वारा उक्त सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाने हेतु सरकार एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र प्रेषित किए गए तथा तमाम बार साक्ष्यों सहित प्रेसवार्ता की जिससे आचार्य प्रमोद कृष्णम बौखला गए और ओछी मानसिकता का परिचय देते हुए अपने द्वारा पोषित व्यक्ति।फिरोज खान ने मेरे खिलाफ एक झूठी तहरीर दी गई की मोबाइल नंबर से जान से मारने की धमकी दी गई तथा भड़काऊ भाषण देकर सम्भल का माहोल बिगड़ने का प्रयास किया है। मेरे द्वारा इन्वेस्टिकेशन ऑफिसर से कहा गया संबंधित मोबाइल नबर एवं आवाज की जांच कर विधि सम्मत कार्यवाही की जावे।साथ ही षड्यंत्रका पदार्फाश किया जाए मेरे द्वारा जांच मैं पूर्ण सहयोग किया जाएगा। प्रेस वार्ता मैं यह भी कहा गया कि जब आचार्य प्रमोद कृष्णम जब इतना गिर सकते है तो वह कुछ भी कर सकते हैं पुलिस एवं प्रशासन को मेरी सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जावे मेरे साथ अगर को अप्रिय घटना घटती है तो उसके लिए आचार्य प्रमोद कृष्णम जिम्मेदार होंगे।साथ ही यह भी कहा ही आचार्य ओछी हरकत बंद करे अगर उनमें हिम्मत है तो सीधे सामने आएं प्रेस के माध्यम से खुली चुनौती दी कि अगर।आचार्य मैं हिम्मत है और उन्होंने सरकारी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास नहीं किया है और कल्कि धाम निर्माण की भूमि संख्या 282 पर आज भी उनके नाम दर्ज नहीं हैं तो सीधे मेरे खिलाफ न्यायालय में मानहानि का मामला दर्ज कराए। दूसरे व्यक्तियों की इस मामले मैं शामिल करने का प्रयास ना करें।

# लॉ छात्रों के द्वारा किया गया जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर का शैक्षिक भ्रमण

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**ग्रेटर नोएडा।** बृहस्पतिवार को एक्यूरेट कॉलेज ऑफ लॉ के छात्रों ने जिला एवं सत्र न्यायालय का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का शुभारंभ कॉलेज निर्देशक ने किया।लॉ छात्रों ने जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में एडवोकेट देवेंद्र सिंह आर्य के संरक्षण में अस्थाई कारावास (जेल) का निरीक्षण किया। इसके बाद, छात्रों को विभिन्न न्यायालयों में ले जाकर व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया गया, जिसमें फैमिली कोर्ट, जिला अपर न्यायालय, और जिला एवं सत्र न्यायालय शामिल थे।इस भ्रमण के दौरान, छात्रों ने कैदियों के बयान दर्ज करने और न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत करने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। साथ ही, न्यायालय में रिपोर्ट राइटिंग, रिकॉर्ड संरक्षण, और रिकॉर्ड सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया भी समझाई गई।एडवोकेट देवेंद्र आर्य ने छात्रों को वैज्ञानिक मनोविज्ञान विकसित करने पर बल दिया। इस भ्रमण का संचालन डॉ. अनुज कुमार और विकास कुमार ने किया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को जिला एवं सत्र न्यायालय के भ्रमण में अंजलि , डॉ. प्रीति सिंह, श्वेता गुप्ता, और अंशिका गुप्ता का सहयोग प्राप्त हुआ।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना नरसेना क्षेत्रान्तर्गत लूट की घटना के सफल अनावरण होने पर स्वाट टीम एवं फील्ड युनिट टीम को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**नरसैना (वसीम खॉन)।** क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा सरार्फा व्यापारी से 01 बैग जिसमें पीली व सफेद धातु के आभूषण व नकदी छीन कर भाग जाने की घटना कारित की गयी थी। जिसमें दिनांक 10.09.2025 को पुलिस एवं स्वाट टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ में 03 अभियुक्तों को 04 किलो 550 ग्राम (सफेद धातु), नाक की लौंग (77 पीस, पीली धातु), 02 तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा, 02 खोखा कारतूस तथा 01 अपाचे बाइक सहित गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 04.12.2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा स्वाट टीम एवं फील्ड यूनिट टीम की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गये एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

# स्थाई नौकरी की मांग को लेकर 7 को एयरपोर्ट के गेट के पास युवा करेंगे पंचायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** एयरपोर्ट से प्रभावित ग्रामीण परिवार के युवाओं ने गुरुवार को स्थाई नौकरी की मांग को लेकर आर एंड आर कॉलोनी मे एक बैठक की और थर्ड कंपनी मे नौकरी दिए जाने का विरोध किया। अब युवा एयरपोर्ट गेट के पास स्थित गांव किशोरपुर मे अपनी मांग को लेकर रविवार को एक पंचायत करेंगे। गुरुवार को एयरपोर्ट से प्रभावित ग्रामीण परिवार के युवाओं ने आर एंड आर मे एक बैठक की। चांद सैफी ने बताया कि बैठक मे युवाओं ने कहा कि उनको कॉन्ट्रेक्ट पर नौकरी नही चाहिए, सभी को स्थाई नौकरी दी जाये। युवाओं को थर्ड पार्टी पर 60 साल के लिए नौकरी पर रखा जा रहा हैं, जो उनको मंजूर नहीं है। जबकि 2018 मे धारा 11 लगाते समय उनसे वादा किया गया था कि एनआईए मे ऑनरोल जॉब दी जाएगी। वहीं मंगलवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर युवाओं को नौकरी के इंटरव्यू देने के लिए बुलाया गया था, जिस कंपनी के लिए इंटरव्यू लिया जा रहा था वह थर्ड पार्टी कंपनियां थी, जिसका सभी युवाओं ने बहिष्कार किया था। अब रविवार को अपनी मांगों को लेकर ये युवा एयरपोर्ट के गेट के पास स्थित गांव किशोरपुर मे एक पंचायत करेंगे।

# खेत मे ट्रैक्टर निकालने को लेकर संघर्ष 12 घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गुन्नौर (मौहम्मद अब्बास)।** सरसों के खेत से ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों के खूनी संघर्ष में बारह लोग गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए गुन्नौर अस्पताल भेजा। गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरौरा काजी के जंगल में सत्यपाल की सरसों के खेत में होकर खुशीराम ट्रैक्टर निकाल रहा था। जिसमें सत्यपाल पक्ष ने टैक्टर निकालने का विरोध किया तो मामला बिगड़ गया। जिसमें दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष का रूप धारण कर लिया। विवाद इतना बिगड़ा कि दोनों पक्षों से जमकर लाठी डंडे चले।जिसमें बारह लोग घायल हो गए। वही दोनों घायल पक्ष थाने पहुंच गए।पुलिस ने घायलों को गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां दो लोगों को गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। अन्य घायलों का गुन्नौर अस्पताल में उपचार चल रहा है।

पुलिस खूनी संघर्ष के आरोपियों की जांच पड़ताल करते हुए कार्रवाई करने में लगी है। एक पक्ष से छः लोग घायल हुए है। जिसमें सत्यपाल, सोनू पुत्रगण पातीराम श्रीपाल पुत्र रायसिंह पातीराम रघुनन्दन प्रेम सिंह पुत्रगण लखपत सिंह गंभीर रूप घायल हो गए। वही दूसरे पक्ष से भी छ लोग घायल हुए है। जिसमें धीरेन्द्र राम गजेंद्र खुशीराम पुत्रगण प्रकाश सिंह, सुरेश पुत्र रामसिंह भागीरथ पुत्र सुरेश विनोद पुत्र खुशीराम भी गंभीर रूप घायल हो गए। ग्रामीण जीतपाल ने बताया कि खुशीराम सरसों के खेत से होकर ट्रैक्टर निकाल रहा था। तभी दूसरे पक्ष के पातीराम के लोगों ने ट्रैक्टर निकालने को लेकर विरोध किया। तो दोनों के बीच गाली-गलौच व लाठी डंडों चल पड़े जिसमें दोनों पक्ष के बीच खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षो में लाठी डंडे चल गए।उनका गुन्नौर अस्पताल में चिकित्सक उपचार करने में जुट गए है।

शुरूआत

## प्रतिदिन 50 श्वान की क्षमता का होगा तीसरा एबीसी सेंटर

# विजयनगर में बन रहा है गाजियाबाद का तीसरा एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर,जनवरी में होगी शुरूआत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर निगम सीमा अंतर्गत तीसरा एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का जनवरी में शुभारंभ होगा जिसकी तैयारी जोरों पर चल रही है, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार निगम अधिकारी लगातार चल रहे कार्यों में रफ्तार देने हेतु लगे हुए हैं, उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया सिद्धार्थ विहार में बन रहे तीसरी एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर की लागत लगभग 2 करोड़ 45 लाख है, जिसका क्षेत्रफल 299.45 स्क्वायर मीटर है, प्रतिदिन 50 श्वान बध्याकरण की क्षमता वाला तीसरा एबीसी सेंटर होगा जनवरी के अंतिम सप्ताह में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा तीसरे एबीसी केंद्र की शुरूआत की जाएगी वर्तमान में निर्माण संबंधित समस्त कार्य पूर्ण हो चुके हैं बिल्डिंग बन चुकी है जिसमें आवश्यकता को देखते हुए इलेक्ट्रिक तथा प्लंबिंग का कार्य जारी हैल नगर आयुक्त द्वारा बताया गया गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत जनवरी से 3 एबीसी सेंटर विभाग द्वारा संचालित किए जाएंगे जिसके फल स्वरुप प्रतिदिन 100 से अधिक श्वान का बध्यकरण सरलता से संभव हो सकेगा, संबंधित विभाग के अधिकारी लगातार कार्य की मॉनीटरिंग कर रहे हैं तीसरी एबीसी सेंटर के प्रारंभ होने पर शहर निवासियों को लाभ प्राप्त होगा, नगर आयुक्त द्वारा यह भी बताया गया कि आरडब्ल्यूए पदाधिकारी तथा सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग श्वान रजिस्ट्रेशन में निगम को मिल रहा है जो की सराहनीय है ' नगर निगम लगातार श्वान संबंधित समस्याओं के समाधान में जुटा हुआ है जिसके क्रम में बध्याकरण की कार्यवाही को भी रफ्तार दी जा रही है, गाजियाबाद नगर निगम उत्तर प्रदेश का पहला नगर निगम है जहां पर तीन एबीसी सेंटर संचालित होंगे तथा जनहित में श्वान संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करेंगे, विजयनगर सिद्धार्थ विहार में बन रहे तीसरे एबीसी सेंटर का निरीक्षण डॉक्टर अनुज उपमुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया, मौके पर निर्माण विभाग से अधिशासी अभियंता निर्माण एसपी मिश्रा तथा पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉक्टर आशीष त्रिपाठी भी उपस्थित रहे ।





# आवाहन टूर्नामेंट का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा का उदेश्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। आवाहन क्रिकेट टूर्नामेंट - ग्रैंड फिनाले (डे3) आर.के.जी. ग्लोबल स्कूल में आयोजित आवाहन क्रिकेट टूनार्मेंट का सफलतापूर्वक समापन रोमांचक फाइनल मैच के साथ हुआ, जिसमें के.डी.बी. और वनस्थली की टीमों ने हिस्सा लिया। कुल 8 टीमों ने इस टूनार्मेंट में भाग लेकर उत्कृष्ट खेलभावना और टीम स्पिरिट का प्रदर्शन किया। फाइनल मैच में के.डी.बी. ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट के नुकसान पर 59 रन बनाए।
टीम की पारी में उल्लेखनीय योगदान रहा शौर्य शर्मा 23 गेंदों में 27 रन प्रशांत दीक्षित - 23 गेंदों में 25 रन लक्ष्य का पीछा करते हुए वनस्थली की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 53 रन बनाए। वनस्थली की ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आयांश 5 गेंदों में 13 रन के.डी.बी. के गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी की प्रशांत दीक्षित 3 ओवर, 11 रन, 2 विकेक,ऋत्विक वशिष्ठ झ्र 2 ओवर, 9 रन, 1 विकेट विशेष पुरस्कारः मैन ऑफ द मैचः प्रशांत दीक्षित सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजः ऋत्विक वशिष्ठ
सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजः शौर्य शर्मा
सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंड सपोर्टः मुकुल राय आवाहन टूनार्मेंट का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देना था। फाइनल मैच ने इन सभी मूल्यों को बखूबी दशार्या और दर्शकों व खिलाड़ियों के लिए उत्साहपूर्ण अनुभव प्रदान किया। आर.के.जी. ग्लोबल स्कूल सभी प्रतिभागी टीमों के उत्साह की सराहना करता है तथा कोचों, अधिकारियों और स्टाफ सदस्यों के अमूल्य सहयोग के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता है। आर.के.जी. ग्लोबल स्कूल ।




# शिकारपुर रोड पर गड्ढों के कारण दर्दनाक सड़क हादसा, मौके पर मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर**। शिकारपुर से जहांगीराबाद रोड पर गांव कुतुबपुर बिजली घर के पास 30 नवंबर को रात 1:40 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसमें प्रेमपाल पुत्र शादी राम की गाड़ी पलट जाने से मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा सडक पर गड्ढे होने के कारण हुआ। भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति ने इस घटना के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पूरी तरह जिम्मेदार बताया है और उस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। किसान यूनियन ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने और जोरदार प्रदर्शन करने की घोषणा की है क्योंकि 10 सितंबर 2025 को इसी रोड को लेकर भूख हड़ताल व धरना प्रदर्शन हो चुका था जिसमें बताया गया था कि यदि इस रोड पर कोई हादसा हुआ तो जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग की होगी। 6 अक्टूबर 2025 को इस रोड को अप्रूवल मिल गया था, लेकिन किसी वजह से टेंडर नहीं हुआ, जिसके चलते सड़क की हालत खराब बनी रही। भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति इस रोड की लापरवाही के लिए अए पदाधिकारी को जेल भेजने की भी मांग कर रही है। दुर्घटना गांव कुतुबपुर बिजली घर के पास हुई जहां गड्ढे के कारण गाड़ी पलट गयी।जिसमे प्रेमपाल की मौके पर मौत हो गई। सड़क की खराब स्थिति और लापरवाही को जिम्मेदार बताया गया। भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति ने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ रिपोर्ट और प्रदर्शन की घोषणा की।किसान यूनियन का रुख10 सितंबर 2025 को भुख हड़ताल और धरने में चेतावनी दी गई थी। लोक निर्माण विभाग की लापरवाही का आरोप।सड़क के अप्रूवल के बाद भी टेंडर न होने का तथा कार्यपालक अभियंता (AE) और अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग।

# ऑल इंडिया मैनुफैक्चरर्स ऑर्गेनाइजेशन (यूपी स्टेट बोर्ड), एवं वरदान अस्पताल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

बुलन्द संदेशज्ञ ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। बृहस्पतिवार को ऑल इंडिया मैनुफैक्चरर्स औगेर्नाइजेशन (यूपी स्टेट बोर्ड), मेरठ रोड के प्रांगण में वरदान अस्पताल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में नगर के अनेक उद्यमियों, गणमान्य व्यक्तियों ने रक्तदान किया और बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रक्त दाताओं में सर्वश्री अनिल गर्ग (विजय सैनैट्री), करुणेश त्यागी (प्लांट हैड यूनिकैम), सत्यभूषण अग्रवाल (अध्यक्ष अमृत स्टील कम्पाउंड), वैभव अग्रवाल (कुमार इंजीनियरिंग), अनिल तनेजा (बुलंदशहर औद्योगिक क्षेत्र) भी शामिल थे। कयी फैक्ट्रियों खासकर श्रीराम पिस्टन्स, हमदर्द और अल्बर्ट डेविड के श्रमिकों ने भी बड़ी संख्या में रक्तदान कर शिविर को सफल बनाने में सहयोग दिया गया। वरदान अस्पताल और ऑल इंडिया मैनुफैक्चरर्स औगेर्नाइजेशन (यूपी स्टेट बोर्ड) के अध्यक्ष उपेंद्र गोयल की तरफ से सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद किया गया। जलपान का इंतजाम ऑल इंडिया मैनुफैक्चरर्स औगेर्नाइजेशन (यूपी स्टेट बोर्ड) की तरफ से किया गया।






## आईपीए की शिकायत पर सरकारी स्कूल के 125 बच्चो की शिक्षा और सुरक्षा को लेकर बाल आयोग हुआ सख्त

# इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की शिकायत पर बाल आयोग ने जिलाधिकारी से मांगा जवाब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )**। शिक्षा के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के साथ अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करने की लड़ाई लड़ने वाली इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की टीम ने अभी कुछ दिन पहले गाजियाबाद के मकनपुर गांव में बने सरकारी प्राथमिक विद्यालय -2 का दौरा किया था तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए थे एक तरफ जहा विद्यालयों के कमरों की हालत खस्ता थी तो दूसरी तरफ स्कूल की दीवारों पर बने छज्जों से सीमेंट के प्लास्टर को चीर कर सरिए बाहर निकल रहे थे कमरे की छत से प्लास्टर गिरा हुआ था और विद्यालय के मुख्य गेट पर लंबे समय से लटके हुए ताले के कारण धर्मशाला में कामचलाऊं स्थिति में पढ़ने को मजबूर 125 बच्चो की शिक्षा को लेकर आईपीए ने तमाम अधिकारियों सहित इसकी शिकायत राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग से की थी जिस पर आईपीए कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी और महासचिव महिपाल रावत का कहना है कि क्योंकि मुद्दा 125 नौनिहालों की शिक्षा और सुरक्षा से जुड़ा हुआ है इसलिए आईपीए कि शिकायत का संज्ञान लेते हुए बाल आयोग ने जिलाधिकारी से 20 दिन के अंदर जांच करा कार्यवाई सुनिश्चित कर जवाब मांगा है हमे उम्मीद है कि जिलाधिकारी महोदय और शिक्षा विभाग 125 बच्चो की शिक्षा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय का जीर्णोद्धार कराएंगे और बच्चों को पुनः धर्मशाला से स्कूल में पढ़ने का अवसर प्रदान करेंगे आईपीए के उपाध्यक्ष विनय कक्कड़ ने कहा कि सरकारी स्कूल के बच्चो का धर्मशाला में पढ़ने की शिकायत का बाल आयोग द्वारा त्वरित संज्ञान लेने के लिए देते है और उम्मीद है कि जिलाधिकारी निश्चित रूप से इन सभी बच्चों को पुनः स्कूल में शिक्षा लेने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।




# समाज विज्ञान संस्थान के पुरातन छात्रों के संगठन की वार्षिक सभा 21 दिसंबर को दिल्ली में होगी डॉ.अतुल जैन डॉ.भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति आशु रानी को मुख्य अतिथि के लिए आमंत्रित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। डॉ.भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय पूर्ववर्ती आगरा विश्वविद्यालय परिसर स्थित समाज विज्ञान संस्थान जो समाज विज्ञान के विभिन्न पाठ्यक्रमों में एक प्रसिद्ध संस्थान है इस संस्थान से में समाज कार्य में पोस्ट ग्रेजुएट और स्टैटिसटिक्स के साथ-साथ समाजशास्त्र में भी पोस्ट ग्रेजुएट के पाठ्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा प्रदान की जाती है। संस्थान से अध्ययन करने के उपरांत पुरातन छात्र देश-विदेश के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों के प्रशासनिक और कार्मिक विभाग के वरिष्ठ पदों पर आसीन रहकर कार्य करने के साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सेवा संगठनों में कार्य कर रहे हैं और कुछ अपने स्वरोजगार में कार्यरत रहते हुए संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। समाज विज्ञान संस्थान के पुरातन छात्रों की अलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन ने बताया कि पिछले लगभग 26 वर्षों से अल्मुनियम संगठन प्रतिवर्ष एक वार्षिक आम सभा का आयोजन करती है जिसमें काफी वरिष्ठ और सेवा निवृत पुरातन छात्रों के साथ-साथ नवीनतम बच के पास आउट छात्र भी भाग लेते हैं और अपने अनुभवों को साझा करते हैं साथ ही संस्थान की प्रगति के बारे में भी विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाती है। इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज आगरा यूनिवर्सिटी के पुरातन छात्रों की एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन ने प्रबंध समिति के साथियों के साथ इस वर्ष की वार्षिक आमसभा का आयोजन 21 दिसंबर 2025 को बसंत कुंज दिल्ली स्थित "इंस्टीट्यूट फॉर स्टडीज इन इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट"(आई.एस.आई.डी.) के सभागार में करने का निर्णय सभी की सहमति से लिया है। बैठक में नरेंद्र पाल सिंह राणा,डॉ.अतुल कुमार जैन ,अशोक कुमार शर्मा,पी.के.अग्रवाल और सुनील गौतम उपस्थित रहे ।



# उज्जवल राणा प्रकरण में महापंचायत में किए गए वादे को पूरा करते हुए विधायक पंकज मलिक ने पार्टी फंड से परिवार को दिलाई 5 लाख की आर्थिक मदद

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**मुजफ्फरनगर (डॉ.एम.ए.तोमर)**। बुढाना के डीएवी डिग्री कॉलेज के छात्र उज्जवल राणा द्वारा बीते कुछ दिनों पहले स्कूल फीस माफी को लेकर अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह करने की चौंकाने वाली घटना के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) ने पीड़ित परिवार की मदद के लिए कदम बढ़ाया है।बुढाना के डीएवी डिग्री कॉलेज के सामने आयोजित महापंचायत में सपा के चरथावल विधायक पंकज मलिक ने घोषणा की थी कि पार्टी की तरफ से उज्जवल राणा के परिवार को 5 लाख रुपये आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। पंचायत में किए गए वादे के मुताबिक बुधवार को चरथावल विधायक पंकज मलिक,सपा राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा,समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष ताज जिया, और जमीयत उलेमा हिंद के कार्यकर्ता आसिफ कुरैशी सहित अन्य जिम्मेदार पदाधिकारी परिवार के निवास पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को पूरी राशि सौंप दी।इस अवसर पर मौजूद नेताओं ने परिवार को सांत्वना दी और कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा पीड़ितों के साथ खड़ी रहेगी।विधायक पंकज मलिक ने आश्वस्त किया कि पार्टी समाज के हर जरूरतमंद के साथ न्याय और सहायता सुनिश्चित करेगी।इस मौके पर उपस्थित अन्य कार्यकताओं ने भी परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।ज्ञात हो कि यह घटना मुजफ्फरनगर जिले के बुढ़ाना क्षेत्र में हुई थी जिसने समाज में गहरा प्रभाव डाला और शिक्षा एवं फीस जैसी महत्वपूर्ण समस्याओं पर राजनीतिक और सामाजिक ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता को उजागर किया।



# मंगलमय ज्वैलर्स के शोरूम का हुआ धूमधाम से हुआ उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद**। रामनगर स्थित मंगलमय ज्वैलर्स का गुरुवार को भव्य उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह में बडी संख्या में शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे। उद्घाटन से पहले विधि विधान से हवन कराया गया। जिसमें मंगलमय ज्वैलर्स के संचालक-प्रबंधकों ने आहुति दी। भगवान की पूजा-अर्चना के बाद मीना गोयल व शालिनी गोयल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शोरूम का उदघाटन किया।
मंगलमय ज्वैलर्स के संचालकों शालिनी गोयल, विवेक गोयल, प्रशांत गोयल व वेदांश गोयल, विदित गोयल,मनोज गर्ग एवं नमन गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया। सभी अतिथियों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। उन्होंने बताया कि मंगलमय ज्वलैर्स अपने नाम के अनुरूप ही अपने ग्राहकों का मंगल करते हुए ज्वैलरी के नए-नए डिजाइन किफायती दामों पर उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि सामान की गुणवता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और ग्राहकों को शोरूम पर पूरी तरह से खरे व शुद्ध सोने, हीरे आदि के आभूषण उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं इस अवसर पर गुलमोहर एन्क्लेव से रश्मि चौधरी व अनुजा बंसल ने भी शोरूम उद्घाटन की संचालकों को बधाई दी।



# शिप्रा कृष्णा विस्ता सोसाइटी इंदिरापुरम में एस.आई.आर हेल्पडेस्क बना नागरिक सहभागिता की मिसाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। चुनाव आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में कराए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रेविसिओं झ्र रक्फ्र) अभियान की शुरूआत के साथ ही शिप्रा कृष्णा विस्ता अपार्टमेंट, इंदिरापुरम में एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। भाजपा इंदिरापुरम मंडल के उपाध्यक्ष नवीन कुमार ने निवासियों की सुविधा और सहायता के उद्देश्य से सोसाइटी परिसर में एक विशेष रक्फ्रहेल्पडेस्क की स्थापना की, जो अब क्षेत्रवासियों के लिए एक बड़ा सहारा बन चुकी है।
इस हेल्पडेस्क पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में निवासी अपनी समस्याएं लेकर पहुँच रहे हैं। प्रमुख समस्याओं में मतदाता फॉर्म प्राप्त न होना, संबंधित बी.एल.ओ. से संपर्क स्थापित न हो पाना, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया समझने में कठिनाई होना और सुधार,नए नाम जुड़वाने से जुड़ी परेशानियां शामिल हैं। हेल्पडेस्क की टीम न केवल उन्हें सही मार्गदर्शन दे रही है, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर फॉर्म भरने में प्रत्यक्ष सहायता भी प्रदान कर रही है। निवासियों की बढ़ती भीड़ और बढ़ती जिम्मेदारियों को देखते हुए और अधिकतर युवा वर्ग का केवल सप्ताहांत में ही उपलब्ध हो पाना एक चुनौती थी, इसलिए मंडल उपाध्यक्ष नवीन कुमार को सोसाइटी के सीनियर सिटीजन क्लब ने सहयोग के लिए अपना हाथ बढ़ाते हुए समाजहित में आगे आकर अपना योगदान दिया और एक मजबूत, संगठित वॉलंटियर टीम के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। इस टीम की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें किसी एक विशेष राजनीतिक विचारधारा के लोग ही नहीं, बल्कि हर सोच और पृष्ठभूमि के व्यक्ति शामिल हुए। ऐसे समावेशी प्रयास ने इस अभियान को एक सामाजिक आंदोलन का रूप दे दिया है। मंडल उपाध्यक्ष नवीन कुमार ने वॉलंटियरों को शुरूआती दिनों में मोबाइल और लैपटॉप पर चुनाव आयोग की आधिकारिक एप के उपयोग का प्रशिक्षण दिया। साथ ही आवश्यक दिशा-निदेर्शों और जानकारियों के प्रिंटआउट भी उपलब्ध कराए गए, जिससे वे लोगों की अधिक बेहतर ढंग से सहायता कर सकें।आज यह हेल्पडेस्क पूर्ण रूप से सक्रिय है और सुनियोजित तरीके से कार्य कर रही है। यहाँ आने वाले निवासियों के लिए चाय और नाश्ते की व्यवस्था भी की जाती है, जिससे एक सकारात्मक और सहयोगपूर्ण वातावरण बना रहता है। सोसाइटी के कई निवासी इस पहल की सराहना करते हुए इसे नागरिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बता रहे हैं।निस्संदेह, समाज में इस प्रकार की स्वैच्छिक और संगठित पहल कम ही देखने को मिलती है, किंतु ऐसे प्रयास दिखाते हैं कि यदि इच्छाशक्ति और सहयोग की भावना हो, तो समाज स्वयं अपने लिए समाधान तैयार कर सकता है। शिप्रा कृष्णा विस्ता की यह पहल आने वाले समय में अन्य सोसाइटियों और क्षेत्रों के लिए भी एक प्रेरणास्रोत बन सकती है।



**अंगदान** | एक डॉक्यूमेंट्री जो अंगदान के मिथकों को तोड़कर विज्ञान, संवेदना और मानवीय करुणा को सामने लाती है

# दुनिया की पहली शोध-आधारित डॉक्यूमेंट्री जो अंगदान को वैज्ञानिक, सामाजिक और मानवीय दृष्टि से समझाती है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। रवि शंकर प्रसाद पूर्ण, विस्तृत, प्रवाहपूर्ण समाचार-लेख अंगदान आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का वह चमत्कार है, जिसके सहारे दुनिया में हर वर्ष लाखों लोगों को नई जिंदगी मिल सकती है। लेकिन विडंबना यह है कि इसी विषय के बारे में सबसे ज्यादा भ्रम, डर, मिथक और अनजान भावनाएँ भी हमारे समाज के भीतर गहरी जड़ें जमाए हैं। लोगों की संवेदनाओं, धार्मिक धारणाओं और जानकारी की कमी ने अंगदान को एक कठिन विषय बना दिया है जबकि सच यह है कि चिकित्सा जगत में यह जीवन देने का सबसे मानवीय और पवित्र कार्य माना जाता है। इसी मानवीय संघर्ष, वैज्ञानिक सत्य और सामाजिक हकीकत को अत्यंत गंभीरता और शोध के साथ सामने लाने का अद्भुत कार्य निमार्ता, निर्देशक और लेखक रवि शंकर प्रसाद की डॉक्यूमेंट्री ह्लअंगदानह्व ने किया है एक ऐसी फि ल्म जो न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी तरह का पहला और सबसे गहन शोध-आधारित प्रयास बनकर सामने आती है। इस डॉक्यूमेंट्री के निर्माण की प्रक्रिया किसी सामान्य फिल्म की तरह नहीं थी। यह एक लंबी यात्रा थी, जिसमें महीनों तक अस्पतालों के चक्कर लगे, ट्रांसप्लांट यूनिट्स में ज़िंदगी और मौत की जद्दोजहद को करीब से देखा गया, डॉक्टरों के साथ घंटों बैठकर अंग प्रत्यारोपण की तकनीक समझी गई और उन मरीजों की आँखों में वह प्रतीक्षा भी पढ़ी गई जो किसी एक अंग के इंतजार में साँसें गिनते रहते हैं। इस फिल्म की खास बात यही है कि इसमें तथ्य सिर्फ किताबों या रिपोर्ट्स से नहीं, बल्कि जीवन के सबसे नजदीकी मोड़ से उठाए गए हैं जहाँ डॉक्टर, मरीज, दाता, परिजन और समाज सभी किसी न किसी रूप में अंगदान के इस जटिल सवाल से जुड़े होते हैं। फिल्म की शुरूआत एक सहज लेकिन बेहद गहरे प्रश्न से होती है अंगदान आखिर है क्या? यह प्रश्न दर्शक को उस यात्रा में ले जाता है जहाँ पहला कदम जानकारी का है और अंतिम कदम मानवीय निर्णय का। कैमरा जब मरीजों की ओर मुड़ता है तो यह स्पष्ट होता है कि अंगदान उनके लिए दवा नहीं, बल्कि उनका अंतिम सहारा है। उनकी धीमी साँसें, उनके परिवार की चिंता और डॉक्टरों का संघर्ष—यह सब मिलकर एक ऐसी दुनिया बनाते हैं जो आम लोगों के लिए अज्ञात है मगर प्रतिदिन लाखों जीवन इसी मोर्चे पर लड़ते हैं। रवि शंकर प्रसाद ने इस फिल्म में अंगदान के वैज्ञानिक पहलुओं को भी बहुत सहजता से पिरोया है। वे बताते हैं कि मृत्यु के बाद एक व्यक्ति न केवल कई अंग दान कर सकता है बल्कि उसके निर्णय से आठ या उससे अधिक लोगों को जिंदगी मिल सकती है। वे यह भी समझाते हैं कि जीवित व्यक्ति किन परिस्थितियों में अंगदान कर सकता है और कौन-सी प्रक्रियाएँ सुरक्षित हैं। लेकिन फिल्म की असल संवेदना यहाँ नहीं है यह वहाँ है जहाँ परिवार के दिलोदिमाग से जुड़े प्रश्नों को सामने रखा गया है। क्यों लोग अंगदान के लिए तैयार नहीं होते? कौन-से मिथक उन्हें डराते हैं? क्यों मृत्यु के बाद भी शरीर को लेकर सामाजिक झिझक हावी रहती है? यह फिल्म इन्हीं भावनात्मक अवरोधों को वैज्ञानिक तर्क और वास्तविक अनुभवों के माध्यम से तोड़ती है। डॉक्यूमेंट्री में डॉक्टरों की आवाज उनकी पेशेवर गंभीरता से ऊपर उठकर इंसानियत की एक गहरी पुकार बन जाती है। वे बताते हैं कि एक अंग के इंतजार में हर दिन कितने मरीज जीवन की आखिरी सीमा पर खड़े होते हैं। इसी के समानांतर वे परिवार भी दिखाई देते हैं जिन्होंने किसी प्रियजन को खोने की पीड़ा के बीच अंगदान का निर्णय लिया। उनकी आँखों में दुःख है, लेकिन साथ ही यह संतोष भी कि किसी और की जिंदगी में उनका अपना कोई हिस्सा आज भी धड़कता है। यह संवेदना दर्शक को भीतर तक छू जाती है। फिल्म में एनजीओ के कार्यकताओं ने भी यह बताया है कि समाज में अंगदान की जागरूकता बढ़ाने के लिए कितनी मेहनत करनी पड़ती है और कितनी गलतफहमियों से रोज सामना होता है। उनकी बातों से यह सत्य सामने आता है कि समस्या केवल जानकारी की नहीं है, बल्कि विश्वास की कमी भी है। और यही वह क्षेत्र है जहाँ यह डॉक्यूमेंट्री समाज का आईना बन जाती है—जो हमें बताती है कि अंगदान सिर्फ एक मेडिकल प्रोसीजर नहीं, बल्कि एक मानवीय निर्णय है जिसे समाज को समझना और स्वीकार करना होगा। अंगदानह्व केवल जानकारी देने वाली फिल्म नहीं है; यह एक भावनात्मक यात्रा, एक वैज्ञानिक अन्वेषण और एक सामाजिक क्रांति का सम्मिलित रूप है। फिल्म यह संदेश देती है कि मृत्यु का अर्थ समाप्ति नहीं, वह किसी अन्य व्यक्ति के जीवन की शुरूआत भी बन सकती है। और यदि समाज अपने डर और मिथकों को त्याग दे, तो लाखों लोग जो आज अंगों के अभाव में अपनी आखिरी साँसें गिन रहे हैं, वे फिर से जी सकते हैं। इस डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से रवि शंकर प्रसाद ने न केवल एक फिल्म बनाई है, बल्कि एक आंदोलन की शुरूआत की है एक ऐसा आंदोलन जो आने वाली पीढ़ियों को यह सिखाएगा कि मानवता का सबसे बड़ा धर्म जीवन देना है। अंगदान किसी भी मनुष्य को ह्यदेवदूतह्व बनने का अवसर देता है, और यह फिल्म इसी सत्य को दुनिया की सबसे सरल, लेकिन सबसे प्रभावशाली भाषा में सामने रखती है। इस डॉक्यूमेंट्री का संदेश स्पष्ट है यदि हम चाहें, तो हर मनुष्य किसी अजनबी जीवन का देवदूत बन सकता है।



## प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों की सच्ची हितैषी है:विजयपाल

# विश्व दिव्यांग दिवस...विधायक ने दिव्यांगजनों में कृत्रिम व सहायक उपकरण वितरित किये

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा विधायक विजयपाल आढ़ती ने दिव्यांगजनों में कृत्रिम व सहायक उपकरण वितरित किये गये। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित सहायक उपकरण वितरण शिविर में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग,सहायक उपकरण योजनान्तर्गत 14 दिव्यांगजनों में विधायक विजय पाल आढ़ती द्वारा 07 ट्राई साइकिल, 4 व्हील चेयर एवं 03 स्मार्ट केन सहित कुल 14 सहायक उपकरण से लाभान्वित किया गया।



भाजपा विधायक विजयपाल आढ़ती ने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजन की सच्ची हितैषी है। सरकार ने दिव्यांजन के हित में जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रखी है। जिनका सम्बंधित विभागों द्वारा पात्र दिव्यांगजनों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम,मुख्य चिकित्साधिकारी डा.सुनील त्यागी, ऋचा गुप्ता,जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी आदि उपस्थित है।

# धौलाना कस्बा है साम्प्रदायिक सौहार्द और एकता की मिसाल,थाना पीस मीटिंग में बोले अतीक प्रधान धौलाना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** छह दिसंबर को डा अंबेडकर परिनिर्वाण दिवस और बाबरी मस्जिद ध्वंस की बरसी को देखते हुए थाना धौलाना में गुरुवार को क्षेत्र के गणमान्य लोगों की महत्वपूर्ण पीस मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता धौलाना थानेदार मनीष चौहान ने की । उन्होंने क्षेत्र के गणमान्य लोगों, धार्मिक नेताओं, व्यापारी वर्ग और सामाजिक प्रतिनिधियों को

### परिनिर्वाण दिवस व बाबरी मस्जिद बरसी से पहले धौलाना पुलिस की पीस मीटिंग, छह दिसंबर को प्रशासन की सतर्क निगेहबानी

आमंत्रित कर आगामी दिनों में शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की । उन्होंने कहा कि दोनों ही तिथियां संवेदनशील हैं, ऐसे में किसी भी प्रकार की अफवाहों या भड़काऊ संदेशों से दूर रहें । उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलने वाली गलत सूचनाओं से सावधान रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की ।सलाह दी । उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पुलिस हर स्थिति पर पैनी नजर रखे हुए है और क्षेत्र में



अतिरिक्त गश्त एवं निगरानी बढ़ा दी गई है ।मीटिंग में बोलते हुए धौलाना ग्राम प्रधान अतीक भाई अहमद ने कहा की हमारा कस्बा धौलाना पहले से ही सम्प्रदायिक एकता शांति के लिए प्रसिद्ध है । यहां के लोग सभी पर्व मिल जुल कर मनाते आए है । इसलिए पुलिस प्रशासन निश्चित रहे । पूर्ण सहयोग किया जाएगा । बैठक में सभी ने एक स्वर में सामाजिक एकता बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अशांति न फैलने देने का संकल्प लिया । पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि वे आपसी भाईचारे को मजबूत रखें, पीस मीटिंग में ग्राम प्रधान धौलाना अतीक अहमद, सगीर भाई बिजली वाले, लालपुर प्रधान आरिफ अली, आसिफ अली, मनवीर सिंह, मूलचंद गौतम , प्रदीप चौहान, इंद्रदेव, भारत , सुशील चौधरी , पप्पू सिंह , जोगेंद्र सिंह, रामवीर सिंह शिवाया, मुकेश कुमार, महेंद्र सिंह आदि गणमान्य लोगों मौजूद रहे ।

# सैनिक बन अपने आंगन आया धौलाना का वरुण, सेना प्रशिक्षण पूरा कर घर अपनो के बीच पहुंचा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना ( संजीव वशिष्ठ )।** कस्बे के वाल्मीकि मोहल्ले में गुरुवार को उत्सव का माहौल बन गया । सेना प्रशिक्षण पूरा कर वरुण उर्फ गब्बर के घर आने पर पूरे मोहल्ले में खुशी की लहर दौड़ गई। फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के

### कस्बे के लोगों ने किया भव्य स्वागत, दादा का सपना पूरा होने पर परिवार गौरवान्वित

साथ उनका भव्य स्वागत किया । भीड़ के बीच पहुँचने पर वरुण का चेहरा गर्व और अपनत्व से चमक उठा। अपने समाज और कस्बे के लोगों का प्यार देखकर उनकी आँखें भर आईं ।
उन्होंने हाथ जोड़कर सभी का अभिनंदन स्वीकार किया, जिससे पूरा कस्बा भावुक हो गया। घर पहुँचते ही समाज के लोगों ने वरुण को फूल-मालाओं से लाद दिया। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएँ, सभी अपने 'गब्बर' को देखकर खुशी से झूम उठे। यह केवल एक स्वागत नहीं, बल्कि एक पीढ़ी के सपने के पूरे होने का जश्न था। वरुण





के माता-पिता, ममता और संदीप कुमार, बेटे को वर्दी में देखकर गर्व से भर उठे। संदीप कुमार ने बताया कि वरुण पिछले चार-पाँच साल से फौज में भर्ती होने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा था । उन्होंने भावुक होकर कहा, आज भले ही वरुण के दादा हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन मेरा बेटा उनके अधूरे सपने को पूरा कर गया ।' वरुण के दादा कालीचरण उर्फ कलुआ स्वयं फौज से सेवानिवृत्त थे । उनकी इच्छा थी कि परिवार से कोई सेना में जाकर देश का नाम रोशन करे । दादी विमला देवी की आँखों में खुशी के आँसू थे। उन्होंने वरुण को गले लगाते हुए कहा, 'मेरा बच्चा पूरे गाँव का सर ऊँचा कर आया है। समाजसेवी अमर वाल्मीकि ने भी कहा कि वरुण की सफलता सिर्फ एक परिवार की जीत नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा का क्षण है। वरुण की कहानी संघर्ष, अनुशासन और सपने को साकार करने की मिसाल है। यह क्षेत्र के हर युवा को यह विश्वास दिलाती है कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से किसी भी सपने को सच किया जा सकता है।स्वागत के दौरान अमर वाल्मीकि, शिवम कुमार, मुनेश कुमार, अर्जुन वाल्मीकि, राकेश, श्रवण कुमार, विशाल चावला, रवि बैंड, राजकुमार, अजय जैन, कपिल उर्फ किट्टू बेनीवाल, राहुल, विशेष, अनुज वाल्मीकि, पर्चा वाल्मीकि, कृष्ण पर्चा, रितिक वाल्मीकि, मयंक वाल्मीकि, संदीप कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सभी ने वरुण उर्फ गब्बर का फूल-मालाओं से गर्मजोशी से स्वागत किया।

# वक्फ प्रोपर्टी उम्मीद पोर्टल पर अपलोड करने को 6 माह का समय देने की मांग उठाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** हापुड़ बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने वक्फ प्रोपर्टी उम्मीद पोर्टल पर अपलोड करने के लिए 6 महीने का और

### केन्द्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री के नाम सदर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

समय देने की मांग करते हुए केन्द्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री के नाम सदर एसडीएम इला प्रकाश को सौंपा ज्ञापन है।
केन्द्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री को भेजे गये ज्ञापन में कहा कि वक्फ प्रोपर्टी को उम्मीद पोर्टल पर डालने के लिए केन्द्र सरकार ने आज 5 दिसंबर 2025 तक का समय दिया गया था। किन्हीं कारणों से अभी तक वक्फ प्रोपर्टी का 20 प्रतिशत भी पोर्टल पर अपलोड नहीं हो सका है। वक्फ प्रोपर्टी उम्मीद पोर्टल पर अपलोड नहीं होने से काफी नुकसान होने की संभावना है। जिसके मद्देनजर और छह महीने का समय दिया जाये।
इस अवसर पर अधिवक्ता अब्दुल कादिर,साजिद,परवेज,आजम कैफ,गौरव शर्मा, फुरकान, अशरफ,शाह आलम,हाजी शाहिद, नाजिम सैफी, फरहा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।




# धौलाना पुलिस ने दबोचा कुख्यात गौतस्कर, प्रतिबंधित पशु कटान में प्रयुक्त औजार बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ) ।** अपराध की रोकथाम और प्रतिबंधित पशु कटान के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत धौलाना थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कुख्यात गौतस्कर को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक जिंदा प्रतिबंधित पशु और पशु कटान में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए हैं । हापुड़ एसपी के निर्देश पर पुलिस पूरे जनपद में अवैध व प्रतिबंधित पशु कटान करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। इसी अभियान के दौरान धौलाना पुलिस टीम ने ग्राम गालंद नहर पुल से मसूरी की ओर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोका। तलाशी लेने पर उसके पास से एक जिंदा




प्रतिबंधित पशु, दो छुरियां, एक गंडासा, लकड़ी का गुटका और रस्सी बरामद हुई।पुलिस ने आरोपी की पहचान असलम पुत्र एजाज निवासी जाफर कॉलोनी, थाना मसूरी, जनपद गाजियाबाद के रूप में की है ।
आरोपी के खिलाफ थाना धौलाना पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को जेल भेजा गया । कुख्यात गौतस्कर की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक वरुण कुमार, कांस्टेबल सोनू कुमार, मोनू कुमार और सचिन कुमार शामिल रहे ।

# बंद मकान में युवक का संदिग्ध हालात में मिला शव, पुलिस व फारेसिंक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किये

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जनपद की सदर कोतवाली क्षेत्र के मोदीनगर रोड स्थित गांव गोयना में बुधवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया,जब गांव के युवक का शव उसके बंद पड़े मकान के अंदर फर्श पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। वहीं पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक के छोटे भाई अजय ने बताया कि वह अपनी मां चंद्रवती व भाई संजू के साथ गांव में ही दूसरे मकान में रहते हैं,जबकि अनुज 29 वर्ष गांव में ही अलग मकान में रह रहा था। दिवाली के बाद से अनुज की पत्नी नीशू अपने बच्चे वाशु और माही को लेकर मायके चली गई थी,और तब से वह अकेला ही रह रहा था। बुधवार शाम को जब कई घंटों तक अनुज दिखाई नहीं दिया तो अजय उसे ढूंढते हुए उसके मकान पर पहुंचे। दरवाजा देखकर अजय दंग रह गया मकान बाहर से ताला बंद था।
संशय होने पर वह छत पर चढ़ा और जाल से अंदर झांककर देखा तो अनुज फर्श पर बेसुध पड़ा हुआ था। यह देखकर अजय ने शोर मचाया। पड़ोसी, परिजन और मां चंद्रवती मौके पर पहुंच गईं।
परिजनों और ग्रामीणों ने ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया। अनुज को तुरंत स्थानीय चिकित्सक के पास ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। गांव में चर्चा है कि अनुज ने कमेटी में पैसे उठा रखे थे,जिनका भुगतान वह समय पर नहीं कर पा



रहा था। बताया जा रहा है कि इसी को लेकर उसकी आर्थिक दिक्कतें बढ़ी हुई थीं और कई बार वह मकान बाहर से ताला लगाकर रखा करता था ताकि लोग उसे परेशान न करें। इसके अलावा अनुज का गांव के दो-तीन युवकों के साथ काफी उठना-बैठना और खाना-पीना था,जिनके साथ वह दिन का अधिकतर समय बिताता था। पुलिस इन युवकों से भी पूछताछ कर सकती है।
इस सम्बंध में सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत का वास्तविक कारण केवल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा। मामले में पारदर्शी जांच की जा रही है।

## आयोजन | उम्र के साथ किशोर आयु में होने वाले बदलाव की दी गई जानकारी

# धौलाना सीएचसी द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मंच का वृहत आयोजन







**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ) ।** आरबीएस की टीम धौलाना द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन चंडी इंटर कॉलेज पिलखुवा में किया गया । कार्यक्रम मुख्य अतिथि डा नवीन रुहेला उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी हापुड ने लोगों को किशोर वर्ग में उम्र के साथ होने

### डिप्टी सीएमओ डा.नवीन रुहेला ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता

वाले बदलाव की जानकारी दी । इस मौके पर डा रोहित मनोहर सिंह चिकित्सा अधीक्षक धौलाना, डा शेखर सिंह चिकित्सा अधीक्षक पिलखुआ, डा प्रियंका दुबे प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पीपीसी पिलखुआ, हेल्थ एजुकेशन ऑफिसर संजय बालियांन, डा शादाब , डा मीनाक्षी, डा प्रीति शर्मा , डा पंकज तोमर, प्रमोद कुमार शर्मा प्रधानाचार्य चंडी इंटर कॉलेज, संजीव तोमर मौजूद रहे । इस दौरान डा प्रियंका दुबे और डा प्रीति शर्मा ने 10 वर्ष से 19 वर्ष तक की आयु किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक मानसिक व सामाजिक बदलाव हेतु उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। डा रोहित मनोहर सीएचसी प्रभारी धौलाना ने एनीमिया के बारे में बच्चों को बताया और स्वास्थ्य से संबंधित ऐडस , टीबी एवं अन्य किशोरावस्था में होने वाली बीमारियों के लिए सभी बच्चों को जागरूक किया ।

# अवैध पशु कटान करने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार, पशु कटान करने के उपकरण व भैंस प्रजाति का मांस बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान में जनपद की



सदर कोतवाली पुलिस ने अवैध पशु कटाने करने वाले चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। अभियुक्तों के कब्जे से पशु कटान करने के उपकरण व भैंस प्रजाति का मांस बरामद किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह बिष्टद्द ने बताया कि एसपी के निर्देश अवैध पशु कटान करने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना पुलिस ने मोहल्ला कोटला मेवातियान कब्रिस्तान के सामने वाली गली में मकान से चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से से पशु कटान करने के उपकरण व भैंस प्रजाति का मांस बरामद किया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के नाम फिरोज पुत्र साबिर,आजाद पुत्र याकूब निवासी मोहल्ला कोटला मेवातियान,आबिद पुत्र इलियास निवासी सहरे वाली गली सिकन्दर गेट व शाहरूख पुत्र साबिर निवासी आवास विकास कालोनी बुलन्दशहर रोड हापुड़ जिला हापुड़ है।

### सार्वजनिक सूचना

मेरी पुत्री कनिष्का रघुवंशी के जन्म प्रमाण पत्र में जन्म तिथि 17.01.2011 सही दर्ज है,जबकि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में जन्मतिथि 17.01.2014 दर्ज है,जो कि गलत है। भविष्य में मेरी पुत्री की जन्मतिथि 17.01.2011 को सही माना जाये।

**प्रार्थी**
**राम अवतार पुत्र श्री कन्छिद सिंह**
**नि.मौ.कन्हैयापुरा गढ़ रोड,तहसील व जिला हापुड़**

## सम्पादकीय

# संसद को चलाने की पहली जिम्मेदारी सरकार की



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार, एक दिसंबर से शुरू हो गया है। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की भारी भरकम जीत के बाद यह सत्र हो रहा है। नए उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का यह पहला सत्र है। वे पहली बार उच्च सदन यानी राज्यसभा का संचालन कर रहे हैं। पिछले यानी मानसून सत्र में विवाद का जो मुख्य मुद्दा रहा था और जिस मुद्दे पर पूरा सत्र जाया हुआ था वह इस सत्र में भी है। दो दो जजों के खिलाफ महाभियोग का मामला भी है तो मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग लाने की विपक्ष की तैयारियां भी हैं। तभी सवाल है कि संसद का यह छोटा सा सत्र कैसे सुचारू रूप से चलेगा? ध्यान रहे शीतकालीन सत्र सिर्फ 19 दिन का है और इसमें 15 बैठकें होंगी।

इसमें सरकार को 10 विधेयक पेश करने हैं। हालांकि सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि संविधान के 131वें संशोधन का विधेयक पेश करने की उसकी कोई मंशा नहीं है। पहले यह प्रस्तावित विधेयकों की सूची में था। इसमें चंडीगढ़ को संविधान के अनुच्छेद 240 के तहत लाने का प्रस्ताव है। इससे चंडीगढ़ प्रशासन को केंद्र सरकार के नियमों से संचालित करने का अधिकार मिल जाएगा। सत्र के पहले दिन सरकार और विपक्ष दोनों ने अपना रवैया दिखा दिया है। सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री ने मुख्य विपक्षी कांग्रेस को निशाना बनाते हुए कह दिया कि कुछ पार्टियां हार नहीं पचा पाती हैं। उनके इस बयान को कांग्रेस ने अहंकार बताया है। इस जुबानी जंग और दोनों सदनों में हंगामे के साथ कार्यवाही शुरू हुई है। फिर भी अगर दोनों पक्ष अपने रुख में थोड़ा लचीलापन ले आएं तो संसद का सत्र सुचारू रूप से चल सकता है। लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा के सभापति को भी इसमें थोड़ी पहल करनी चाहिए। संसद को सुचारू रूप से चलाने की पहली जिम्मेदारी सरकार की होती है। अगर सरकार विवाद के मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार हो जाए तो टकराव की 90 फीसदी संभावना समाप्त हो जाती है। मिसाल के तौर पर पिछले सत्र से विपक्ष चाहता है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर पर चर्चा कराई जाए। पिछला पूरा सत्र इस पर विवाद में जाया हुआ था। ध्यान रहे सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करा ली थी। सरकार को भी पता है कि चर्चा होते ही वह मुद्दा समाप्त हो गया। उसके बाद फिर कभी भी विपक्ष ने उसका मुद्दा नहीं उठाया। लेकिन एसआईआर पर चर्चा नहीं हुई तो मुद्दा आज तक चल रहा है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का यह कहना सही है कि सरकार चुनाव आ?ोग के प्रवक्ता नहीं है। लेकिन चुनाव आयोग द्वारा शुरू किए गए एसआईआर पर चर्चा कराने का फैसला तो सरकार को ही करना है! दूसरी बात यह है कि आयोग पर जो आरोप विपक्ष लगा रहा है उसका लाभार्थी तो भाजपा को ही बता रहा है तो वैसे भी भाजपा को चर्चा के लिए तैयार होना चाहिए ताकि वह अपना पक्ष रख सके। एसआईआर की सफलता बिहार में प्रमाणित हुई है। उसके आंकड़े सरकार के पास हैं। सो, एक बार उसे चर्चा करा लेनी चाहिए, जिससे यह मुद्दा समाप्त हो जाएगा। सरकार के बाद दूसरी जिम्मेदारी विपक्ष की होती है, जिसने अरुण जेटली की इस बात की गांठ बांध ली है कि संसद को बाधित करना भी संसदीय प्रक्रिया का हिस्सा है और इससे भी लोकतंत्र मजबूत होता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि सरकार से अपनी बात मनवाने या जनता तक अपनी बात पहुंचाने के लिए कई बार संसद को बाधित करना भी एक रणनीति होती है। लेकिन इस रणनीति का ज्यादा इस्तेमाल नुकसानदेह भी हो सकता है। गौरतलब है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष के अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन करने और भाजपा के बहुमत से नीचे आने के बाद विपक्ष ज्यादा आक्रामक हुआ है और किसी न किसी मुद्दे पर संसद की कार्यवाही बाधित कर रहा है। लेकिन विपक्ष को भी पता है कि इसका कोई राजनीतिक या चुनावी लाभ उसे नहीं हो पा रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव के बाद हुए राज्यों के चुनावों में छह में से चार राज्यों में एनडीए की सरकार बनी है और जम्मू कश्मीर में भी भाजपा का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। कांग्रेस का प्रदर्शन इन सभी राज्यों में खराब रहा है। सो, एक बार चर्चा करके, बहस में हिस्सा लेकर और संसद को सुचारू रूप से चला कर देखना चाहिए। हो सकता है कि उससे विपक्ष को अपनी बात ज्यादा बेहतर ढंग से जनता तक पहुंचाने का मौका मिले। उनको समझना चाहिए कि उनकी गैरहाजिरी में बिना चर्चा के आम जनता से जुड़े जरूरी विधेयक पास हो रहे हैं। कानून बन रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए अच्छी बात नहीं है। दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों यानी स्पीकर और सभापति की भी जिम्मेदारी है कि वे संसद का सुचारू संचालन सुनिश्चित करें। इसके लिए बहुत कुछ करने की जरुरत नहीं है। अगर दोनों सदनों में विपक्ष की बात भी सुनी जाने लगे तो व्यवस्था बहाल हो जाएगी। दुर्भाग्य से भारत में यह व्यवस्था बन गई है कि विपक्ष के 90 फीसदी से ज्यादा प्रस्तावों को आसन की ओर से खारिज किया जाता है और सरकार के 99 फीसदी प्रस्तावों को स्वीकार किया जाता है। ता

# 2030 राष्ट्रमंडल खेल और 2036 विश्व-ओलंपिक : भारत की सांस्कृतिक-शक्ति रणनीति का अवसर, जोखिम और भविष्य



डॉ. सत्यवान सौरभ

सन 2030 के राष्ट्रमंडल खेल भारत के लिए केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सन 2036 के विश्व-ओलंपिक प्रस्ताव का निर्णायक अग्रदूत हैं। यह आयोजन भारत की सांस्कृतिक-शक्ति (सॉफ्ट पावर) को नई ऊँचाई दे सकता है, परन्तु किसी भी प्रकार की प्रशासनिक कमी अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को आघात पहुँचा सकती है।

विशाल खेल आयोजन किसी भी राष्ट्र के लिए मात्र खेल-प्रतियोगिताएँ नहीं होते, बल्कि वे उस देश की राजनैतिक इच्छा-शक्ति, आर्थिक सामर्थ्य, सांस्कृतिक पहचान और प्रशासनिक परिपक्वता का सार्वजनिक प्रदर्शन भी होते हैं। आधुनिक समय में खेल कूटनीति एक प्रकार की सांस्कृतिक-शक्ति बन चुकी है—ऐसी शक्ति जो बिना किसी सैन्य बल के, विश्व समुदाय को अपने अनुकूल प्रभावित कर सकती है। भारत लंबे समय से विश्व-स्तर पर अपनी प्रतिष्ठा के विविध आयामों को सुदृढ़ करने का प्रयास करता आया है, और सन 2036 के विश्व-ओलंपिक आयोजन की महत्वाकांक्षा इसी दिशा का अगला स्वाभाविक चरण है।

परंतु ओलंपिक जैसे विराट आयोजन से पहले सन 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी को भारत एक प्रकार के पूर्वाभ्यास, पूर्व-ओलंपिक नमूने और वैश्विक विश्वास की परीक्षा के रूप में देख रहा है। यह रणनीति जितनी आकर्षक संभावनाएँ प्रदान करती है, उतनी ही गंभीर आर्थिक, प्रशासनिक और सामाजिक चुनौतियाँ भी प्रस्तुत करती है।

भारत जैसे विविधतापूर्ण लोकतंत्र में इस प्रकार के आयोजनों की तैयारी केवल खेल मंत्रालय का नहीं, बल्कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, नगर निकायों, सुरक्षा संस्थाओं, निजी क्षेत्र, तकनीकी विशेषज्ञों, खेल संघों और व्यापक समाज—सभी का संयुक्त प्रयास मांगती है। यदि भारत 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों को सफलतापूर्वक आयोजित कर लेता है, तो यह विश्व स्तर पर यह संदेश जाएगा कि देश 2036 के विश्व-ओलंपिक जैसे महाकाय आयोजन को संभालने में सक्षम है। यही कारण है कि यह आयोजन भारत की विश्वसनीयता के लिए एक निर्णायक पड़ाव साबित हो सकता है। भारत की सबसे बड़ी प्रेरणा सांस्कृतिक-शक्ति को सुदृढ़ करना है। आज वैश्विक राजनीति में खेल आयोजन एक सांस्कृतिक उत्सव से आगे बढ़कर राष्ट्र की क्षमताओं की खुली परीक्षा बन चुके हैं। राष्ट्र अपनी तकनीकी दक्षता, शहर-प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, सामाजिक समावेशन, पर्यावरण-जागरूकता और सांस्कृतिक आत्मविश्वास का विश्व मंच पर प्रदर्शन करते हैं। भारत यदि सन 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों को उच्च स्तर पर सम्पन्न करता है, तो यह निःसंदेह भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाई प्रदान करेगा। किन्तु इस प्रतिष्ठा की कीमत क्या होगी? यह वह कठिन प्रश्न है जिसे अनदेखा करना भारत के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

विशाल खेल आयोजनों का सबसे विवादास्पद पहलू उनकी भारी आर्थिक लागत है। सन 2010 के राष्ट्रमंडल खेल अभी तक भारत की प्रशासनिक छवि पर एक दाग की तरह मौजूद हैं—अत्यधिक खर्च, भ्रष्टाचार, समय पर कार्य न होना, और आयोजन स्थल की कमजोर गुणवत्ता ने भारत की छवि को काफी प्रभावित किया था। यदि वर्ष 2030 में फिर ऐसी ही कोई कमी सामने आती है, तो 2036 विश्व-ओलंपिक का सपना लगभग असंभव हो सकता है। इसलिए आर्थिक अनुशासन, पारदर्शिता, बहु-स्तरीय जाँच, और जवाबदेही-व्यवस्था को आज से ही प्राथमिकता देनी होगी। इस सबके साथ-साथ 2030 का आयोजन भारत के लिए एक प्रयोगशाला भी सिद्ध हो सकता है। यह अवसर होगा—शहरी अधोसंरचना, यातायात प्रबंधन, आपदा-प्रतिक्रिया, हरित ऊर्जा, जल-निकास प्रणाली, स्वास्थ्य सेवाओं, सार्वजनिक सुरक्षा, और खेल विज्ञान को अंतरराष्ट्रीय मानक पर परखने का। इस स्तर के आयोजनों में क्षण भर की चूक भी बड़े संकट उत्पन्न कर सकती है। इसलिए वर्ष 2030 का आयोजन भारत के लिए पूर्ण स्तर वाला अभ्यास सिद्ध हो सकता है, जिसमें न केवल खेल प्रबंधन बल्कि सम्पूर्ण शासन प्रणाली की परीक्षा होगी।

इसके अतिरिक्त, शहरी प्रशासन को सबसे कठिन परीक्षा से गुजरना होगा। कोई भी विशाल खेल आयोजन केवल खेल-स्थल और खिलाड़ियों के निवास-स्थल तक सीमित नहीं रहता। यह पूरे नगर के परिवहन, मार्ग-संरचना, हवाई अड्डों की क्षमता, स्वच्छता प्रणाली, जल प्रबंधन, रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था, अस्पतालों की तैयारी, भीड़ नियंत्रण, पर्यावरणीय संवेदनशीलता और आधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग का तनाव परीक्षण बन जाता है। संभावित मेजबान नगर—दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई या किसी बहु-नगर मॉडल—सभी पर भारी तैयारी का दबाव होगा। यह तैयारी अवसर भी है और चुनौती भी। अवसर इसलिए कि इससे नगरों का बुनियादी ढाँचा विश्व-स्तर पर पहुँच सकता है। चुनौती इसलिए कि कहीं ऐसा न हो कि यह निवेश केवल ङ्कदिखावे की अधोसंरचनाङ्ख में बदल जाए, जो आयोजनझ्रउपरांत उपयोगहीन रह जाए। दुनिया में अनेक उदाहरण हैं जहाँ खेल आयोजनों में बनाए गए स्टेडियम और भवन बाद में ङ्कमरे हुए ढाँचेङ्ख बन गए। भारत में भी यह समस्या पहले देखी जा चुकी है। इसलिए यह अनिवार्य है कि जो भी अवसंरचना बनाई जाए, वह आयोजन के बाद भी जनसाधारण, खेल प्रशिक्षण संस्थानों और नगर-विकास के लिए उपयोगी बनी रहे।

भारत को पर्यटन, आतिथ्य, सांस्कृतिक प्रदर्शनों, कला एवं हस्तशिल्प, पारंपरिक संगीत, खानपान और जातीय विविधता जैसे क्षेत्रों में अपार लाभ प्राप्त होने की संभावना है। विश्व भर से लाखों दर्शक और प्रतिनिधि भारत आएँगे, जिससे सेवा क्षेत्र, व्यापार, परिवहन, कृषि-आधारित उपभोग और सूक्ष्म उद्योगों को व्यापक लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त, डिजिटल भारत की अवधारणा—जैसे पूर्णतः डिजिटल प्रवेश-प्रणाली, दूर-संवेदन सुरक्षा व्यवस्था, तेज संचार तंत्र—विश्व के सामने भारत की प्रौद्योगिकी क्षमता का अत्यंत प्रभावशाली प्रदर्शन कर सकती है। फिर भी यह स्वीकार करना पड़ेगा कि विश्व-ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताओं की लागत बहुत भारी होती है। वर्तमान वैश्विक औसत के आधार पर यह लागत अत्यधिक बढ़ जाती है। ऐसे में भारत के लिए यह आवश्यक है कि 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों को एक वित्तीय प्रयोगशाला की तरह उपयोग किया जाए, जहाँ सार्वजनिक-निजी सहभागिता, सामाजिक उत्तरदायित्व निधि, पर्यटन आधारित आय, और भागीदारी मॉडल जैसे उपायों की पहले से जाँच हो सके। यह देखा जा सके कि कौन-सा मॉडल भारत की सामाजिक परिस्थितियों के अनुरूप अधिक स्थायी और सफल हो सकता है। परंतु आलोचना का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि क्या भारत जैसे विकासशील राष्ट्र को इतने बड़े आयोजनों पर अत्यधिक धन व्यय करना उचित है? क्या यह धन विद्यालयों, स्वास्थ्य सेवाओं, ग्रामीण खेलों, महिला खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, खेल विज्ञान प्रयोगशालाओं और खेल अकादमियों जैसे बुनियादी क्षेत्रों में अधिक प्रभावी रूप से उपयोग नहीं किया जा सकता? यह प्रश्न अत्यंत तर्कसंगत है। किसी भी खेल आयोजन का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय प्रतिष्ठा की चमक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय प्रतिभा का विकास होना चाहिए। यदि आयोजन पर खर्च किए गए संसाधन जमीनी स्तर के खेल ढांचे से ध्यान हटाकर केवल भव्यता के निर्माण में लग जाएँ, तो यह राष्ट्रहित के प्रतिकूल होगा। इसके अतिरिक्त, यह आयोजन भारत की अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को भी नया आयाम प्रदान कर सकता है। भारत पहले से विश्व-दक्षिण समूह का अग्रणी प्रतिनिधि बन रहा है, और वैश्विक संस्थाओं में उसका योगदान निरंतर बढ़ रहा है। ऐसे में सफल खेल मेजबानी भारत की बहुआयामी नेतृत्व क्षमता को और सुदृढ़ करेगी। इससे यह संदेश जाएगा कि भारत अब केवल उभरती अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार, सक्षम और विश्वस्तरीय आयोजक राष्ट्र बन चुका है। फिर भी अंतिम प्रश्न यही है—क्या भारत संस्थागत रूप से तैयार है? खेल संघों में आंतरिक राजनीति, पारदर्शिता का अभाव, भ्रष्टाचार, चयन प्रक्रियाओं की कमजोरी और प्रशासनिक अनिश्चितता—ये समस्याएँ अभी भी भारतीय खेल तंत्र को कमजोर बनाती हैं। यदि इन कमियों को दूर न किया गया तो 2030 और 2036 दोनों आयोजनों की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। अंततः, 2030 के राष्ट्रमंडल खेल भारत के लिए एक विशाल अवसर और उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी हैं। यह आयोजन भारत की सांस्कृतिक-शक्ति, तकनीकी क्षमता, सांस्कृतिक विविधता और प्रशासनिक दक्षता का विश्वव्यापी प्रदर्शन हो सकता है। यह 2036 विश्व-ओलंपिक के प्रस्ताव को निर्णायक रूप से सशक्त कर सकता है। लेकिन यह तभी संभव है जब भारत इसे केवल दिखावे का आयोजन न समझकर, इसे दीर्घकालिक राष्ट्रहित से जोड़कर देखे। यदि निवेश टिकाऊ हो, नीतियाँ पारदर्शी हों, प्रशासन उत्तरदायी हो, और अधोसंरचना जनता के उपयोग में रहे, तो यह दोनों आयोजन भारत के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय खोल सकते हैं।

## अडिग नेतृत्व का चक्रव्यूह

मोदी अभिमन्यु नहीं, जो विपक्ष के चक्र में फंस जाएँ,
संकट की हर घड़ी में वो दृढ़ संकल्प ही बन जाएँ।

वो जानते हैं राजनीति के हर मोड़ की चाल,
देश हित में चलते हैं, न करते किसी से सवाल।


विपक्ष के वारों को भी मुस्काकर सह लेते हैं,
नव भारत के स्वप्न हेतु हर दर्द सहन कर लेते हैं।

उनकी नीति, उनकी नीयत दोनों ही पारदर्शी,
जन-जन की उम्मीदों से है उनकी शक्ति आसक्ती।

रास्ता चाहे कठिन हो, पर कदम न डगमगाते,
मिट्टी की खुशबू से ही नई राहें वो बनाते।

देश के गौरव को ऊँचा रखने की है उनकी ललक,
विरोध की आँधी में भी नहीं छूटती सेवा की झलक।

वो नेता नहीं, युग निर्माण की एक प्रेरक शक्ति हैं,
भारत के भविष्य को संवारने की दृढ़ अभिव्यक्ति है।



अनुज कुमार भार्गव

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# सदन की गरिमा बनाए रखना—जनप्रतिनिधियों का प्रमुख कर्तव्य



अरविंद रावल

लोकतंत्र में जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि संसद और विधानसभाओं के जिम्मेदार सदस्य होते हैं। उनका प्रमुख कर्तव्य है कि वे सदन की गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखें और जनहित में कानून बनाकर उनका समान रूप से पालन करवाएँ। भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा और सुशोभित लोकतंत्र है, जहाँ विपक्ष को भी सरकार के कार्यों का खुलकर विरोध करने का अधिकार प्राप्त है। सरकार जब जनहित के मुद्दों से भटकती है, तो उसका विरोध करना विपक्ष का धर्म है, और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सरकार का सहयोग करना विपक्ष का कर्तव्य। यही स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष सदन में भले कटु वाद-विवाद करें, लेकिन बाहर एक-दूसरे के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखते हैं। विश्व में बहुत कम देश ऐसे हैं जहाँ विपक्ष को भारत जैसा पूर्ण अधिकार प्राप्त हो कि वह सरकार की नीतियों का खुला विरोध कर सके। हमारे यहाँ विपक्ष की भूमिका सदैव से महत्वपूर्ण रही है क्योंकि मजबूत विपक्ष के बिना सरकार निरंकुश और बेलगाम हो सकती है। इसलिए केंद्र, राज्य या पंचायत – किसी भी स्तर पर सत्ता पक्ष के साथ दमदार विपक्ष आवश्यक है। पिछले दो दशकों में विपक्ष की भूमिका पर सवाल पिछले बीस वर्षों में भारतीय लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका को लेकर प्रश्न उठने लगे हैं। विपक्ष का काम जनहित में सरकार के गलत निर्णयों का विरोध करना और सही नीतियों को लागू करवाना है, लेकिन हाल के वर्षों में यह देखने में आता है कि विपक्ष कई बार जनहित के मुद्दों से हटकर अपनी चुनावी हार की खीज में सदन में विरोध को प्राथमिकता देता है। आज की जागरूक जनता – चाहे वह ग्रामीण, अशिक्षित या अल्पशिक्षित ही क्यों न हो – सरकार और विपक्ष, दोनों की कार्यशैली पर पैनी नजर रखती है। जनप्रतिनिधियों को यह याद रखना चाहिए कि जनता ने उन्हें अपने मत से सदन भेजा है और उनके सदन के अंदर और बाहर किए गए हर आचरण पर जनता की जौहरी निगाह लगी रहती है। देश की जनता ने समय-समय पर ताकतवर और रसूखदार नेताओं को भी नकारा है और आम आदमी को सिर आँखों पर बैठाया है। यही लोकतंत्र की शक्ति है। सदन की कार्यवाही बाधित करना – गरिमा के विपरीत विपक्ष द्वारा जनहित के मुद्दों पर सरकार का सार्थक विरोध आवश्यक है, परंतु सदन की कार्यवाही को बाधित करके उसे ठप कर देना लोकतांत्रिक मर्यादा के विपरीत है। इसके बाद भी जब केंद्र और राज्यों में सरकारें लगातार बड़े बहुमत के साथ दोबारा तिबारा सत्ता में लौटती हैं, तो यह जनता द्वारा उनके कामों की सराहना है। वहीं विपक्ष की लगातार पराजय उसकी गलत नीतियों का परिणाम है, जिसे उन्हे स्वीकार करना चाहिए – न कि ईवीएम या सरकारी मशीनरी पर दोष मढ़ना चाहिए। विपक्ष को आत्ममंथन की आवश्यकता आज के दौर में कमजोर होते विपक्ष पर राजनीतिक दलों को गंभीर आत्ममंथन करना होगा। विपक्ष को सरकार की गलतियों की आलोचना के साथ-साथ उसके अच्छे और राष्ट्रहित के कार्यों की भी खुले मन से प्रशंसा करनी चाहिए। यही स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवहार है। साथ ही विपक्ष को जनता से यह वादा भी करना होगा कि अवसर मिलने पर वह और बेहतर तरीके से जनहित व राष्ट्रहित के कार्य करेगा।

# प्रदूषण ने छीन ली है चेहरे की चमक तो इन बातों का रखें ख्याल



शहनाज हुसैन

भारत में बढ़ते शहरीकरण, औद्योगीकरण, जनसंख्या और अन्य कारणों से प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। देश में प्रदूषण का स्तर किसी से छिपा नहीं है। पिछले काफी हफ़्तों से ज्यादातर शहरों में पी एम लेवल 150 से पार रिकॉर्ड किया जा रहा है जो कोलेजन और इलास्टिसिटी जैसे महत्वपूर्ण तत्वों को नुकसान पहुंचाता है। आज के समय में बढ़ते प्रदूषण का असर पर्यावरण के अतिरिक्त त्वचा और आंखों पर दिखाई देता है। इसकी वजह से त्वचा बेजान और बेरुखी नजर आती हैं तथा त्वचा पर एक्ने, एक्जिमा व हाइपर पिग्मेंटेशन जैसी समस्याएं बढ़ती हैं जिससे आप समय से पहले ही बूढ़े दिखने लगते हैं। प्रदूषण के कारण त्वचा की सुरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है। इससे त्वचा में नमी की कमी होती है और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ता है। मेरा यह सुझाव है कि बाहर से आते ही चेहरे को हल्के फेस वाश से जरूर धोएं ताकि त्वचा पर जमी धूल, गंदगी को हटाया जा सके जिससे त्वचा की सुरक्षा परत को सुरक्षित रखा जा सके।

सनस्क्रीन का इस्तेमाल सूरज की यूवी किरणों के इलाबा प्रदूषण से भी आपकी स्किन की सुरक्षा करता है। एक व्यापक 30 एस पी एफ या उससे अधिक स्पेक्ट्रम वाली सनस्क्रीन का उपयोग करें।

सुबह बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन जरूर लगाएं क्योंकि प्रदूषण और धूप मिलकर नुकसान को कई गुना बढ़ा देते हैं। सप्ताह में दो से तीन बार स्किन की गहराई से सफाई और एक्सफोलिएशन करें। ज्यादातर लोग त्वचा की सामान्य तरीके से क्लींजिंग करते हैं। जबकि बढ़ते प्रदूषण में स्किन को डीप क्लीनिंग करनी होती है। चेहरे को धोने के लिए ऑयल बेस्ड क्लींजर का यूज करें। दिन में दो बार फेस वॉश जरूर करें। पूरे दिन त्वचा पर प्रदूषण और गंदगी जमा हो जाती है जिसे साफ करने के लिए सोने से पहले डबल क्लींजिंग करें। इसमें पहले तेल आधारित क्लींजर से अशुद्धियों को पिघलाकर चेहरे को साफ किया जाता है। इसके बाद पानी आधारित क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है जो रोमछिद्रों को साफ करता है। इसके बाद पेप्टाइड युक्त मरम्मत करने वाला सीरम लगाएं और मॉइस्चराइजर उपयोग करें।

बाहर जाते समय चेहरे को कपड़े से ढकें और धूल वाले स्थान से दूरी बनाएं। आंखों के लिए चश्मा या धूप का चश्मा पहनें। इससे धूल और धुएं का सीधा असर कम होता है। त्वचा को डिटॉक्स और हाइड्रेट करने के लिए रोजाना पर्याप्त पानी जूस, सूप पिएं और अपने भोजन में रोज फल व सब्जियां शामिल करें। इस दौरान एंटीऑक्सीडेंट युक्त आहार लेना भी मददगार साबित हो सकता है। एंटीऑक्सीडेंट ज्यादातर फल और सब्जियों में पाए जाते हैं। फलों में ज्यादातर जामुन, स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, रास्पबेरी, अंगूर, संतरे और अनार में पाए जाते हैं। सब्जियों में पालक, गाजर और ब्रॉक्ली इसके स्त्रोत हैं।

प्रदूषण से जंग जीतने में घर से बाहर निकलने से पहले त्वचा पर विटामिन.सी युक्त सिरम जरूर लगाएं। इससे स्किन को फ्री रेडिकल से बचाया जा सकता है और त्वचा की रंगत में निखार आता है। एंटीऑक्सीडेंट्स युक्त क्रीम लगाने से चेहरे के पिगमेंटेशन कम होते हैं और त्वचा को कई अन्य लाभ भी मिलते हैं।इस दौरान ज्यादा गर्म या ठंडे पानी से नहाने से परहेज करें क्योंकि यह त्वचा को शुष्क बना सकता है। इसकी बजाय सामान्य या गुनगुने पानी का इस्तेमाल बेहतर साबित होगा।

बार बार मुंह धोने से त्वचा की सुरक्षा परत कमजोर पड़ सकती है इसलिए दो बार से ज्यादा मुंह न धोएं।

अगर आपकी त्वचा में जलन हो रही हो तो कठोर स्क्रब, अल्कोहल.आधारित टोनर और रेटिनॉइड जैसे उत्पादों से परहेज करें क्योंकि ये नुकसान पहुंचा सकते हैं। यदि आपकी त्वचा शुष्क है तो आपको क्लीजिंग क्रीम तथा जैल का प्रयोग करना चाहिए जबकि तैलीय त्वचा में क्लीनिंग दूध या फेस वाश का उपयोग किया जा सकता है। सौंदर्य पर प्रदूषण के प्रभावों को कम करने के लिए चन्दन, यूकेलिप्टस, पुदीना, नीम, तुलसी, घृतकुमारी जैसे पदार्थो का उपयोग कीजिए। इन पदार्थो में विषैले तत्वों से लड़ने की क्षमता तथा बलवर्धक गुणों की वजह से त्वचा में विषैले पदार्थो के जमाव तथा फोडे, फुन्सियों को साफ करने में मदद मिलती है। वायु प्रदूषण खोपड़ी पर भी जमा हो जाते है। एक चम्मच सिरका तथा घृतकुमारी में एक अण्डे. को मिलाकर मिश्रण बना लीजिए तथा मिश्रण को हल्के-2 खोपड़ी पर लगा लीजिए। इस मिश्रण को खोपड़ी पर आधा घण्टा तक लगा रहने के बाद खोपड़ी को ताजे एवं साफ पानी से धो डालिए। आप वैकल्पिक तौर पर गर्म तेल की थैरापी भी दे सकते है। नारियल तेल को गर्म करके इसे सिर पर लगा लीजिए। अब गर्म पानी में एक तौलिया डुबोइए तथा तौलिए से गर्म पानी निचोडने के बाद तौलिए को सिर के चारों ओर पगड़ी की तरह बांध कर इसे पांच मिनट तक रहने दीजिए तथा इस प्रक्रिया को 3-4 बार दोहराईए। इस प्रक्रिया से बालों तथा खोपड़ी पर तेल को सोखने में मदद मिलती है। इस तेल को पूरी रात सिर पर लगा रहने दें तथा सुबह ताजे ठंडे पानी से धो डालिए।

प्रदूषण से जंग में पानी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इस दौरान आप ताजे, स्वच्छ जल का अधिकतम उपयोग कीजिये क्योंकि पानी शरीर के विषैले पदार्थों को बाहर निकलने तथा कोशिकाओं को पौष्टिक पदार्थों को बनाये रखने में मदद करता है। प्रदूषण की वजह से त्वचा को हुए नुकसान की भरपाई पानी से आसानी से की जा सकती है।

ओमेगा 3 तथा ओमेगा 6 फैटी एसिड त्वचा को प्रदूषण के दुष्प्रभाव से बचाने में अहम भूमिका अदा करते है। फैटी एसिड्स त्वचा में आयल शील्ड बना देते हैं जिससे त्वचा को अल्ट्रावायलेट किरणों से होने बाले नुकसान से सुरक्षा प्राप्त होती है।

ओमेगा 3 फैटी एसिड्स बर्फीले पहाड़ों की नदियों में पाए जाने बाली मछली, अखरोट, राजमा, तथा पालक में प्रचूर मात्रा में मिलता है जबकि ओमेगा 6 चिकन, मीट, खाद्य तेलों, अनाज तथा खाद्य बीजों में पाया जाता है वायु में प्रदूषण तथा गंदगी से आंखों में जलन तथा लालिमा आ सकती है। आंखों को ताजे पानी से बार-2 धोना चाहिए। काटन वूल पैड को ठण्डे गुलाब जल या ग्रीन-टी में डुबोइए तथा इसे आँखों में आई पैड की तरह प्रयोग कीजिए। आंखों में आई पैड लगाने के बाद जमीन में गद्दे पर 15 मिनट तक आराम में शव आसन की मुद्रा में लेट जाइए। इससे आंखों में थकान मिटाने में मदद मिलती है तथा आंखों में चमक आती है। वायु में प्रदूषण के स्तर से निपटने के लिए हम कुछ औषधीय पौधों को मदद भी प्राप्त कर सकते है। इन पौधों में एलोवेरा सबसे लाभदायक माना जाता है जो कि सामान्यतः सभी भारतीय घरों में आसानी से देखा जा सकताहै। यह घरों में ऑक्सीजन के प्रवाह को तेज करता है तथा प्रदूषण के प्रभाव को कम करता है। यह कार्बनडायक्साईड तथा कार्बन मोनोआक्सीईड को सोख कर आक्सीजन को वातावरण में छोड़ता है। इसके अलावा अंजीर, बरगद, पीपल का वृक्ष और स्पाईडर प्लांट भी हवा को साफ करने में काफी सहायक माना जाता है क्योंकि यह हवा में विद्यमान जहरीले तत्वों को सोख लेते है। इसके अलावा सान्सेवीरिया जिसे सामान्य भाषा में स्नेक प्लांट कहा जाता है भी वायु प्रदूषण को रोकने तथा ताजा स्वच्छ वायु प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। स्नेक प्लांट को सामान्य बेडरूम में रखा जाता है तथा इसकी देखभाल भी काफी आसान तथा सामान्य है। इसके अलावा ऐरेका पाम, इंग्लिश आईवी, बोस्टन फर्न तथा पीस लिलो जैसे पौधे भी भारत में आसानी से मिल जाते है तथा पर्यावरण मित्र माने जाते है।

**लेखिका अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ हैं और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय है।**

## शुक्रवार का राशिफल

**मेष:** कार्य करने के लिए उत्साहित एवआशावादी रहेंगे, रोग की दवा असर करेगी, बड़ा मकान बनाने की इच्छा पूरी हो सकती है, कंस्ट्रक्शन कार्य चलेगा। भाग्य प्रतिशत-74

**वृषभ:** व्यापारिक डील से फायदा होगा, मित्रों से मदद मिलेगी, इंटरव्यू में आत्मविश्वास बना कर रखें, विदेश यात्रा का अवसर मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-68

**मिथुन:** सोच समझकर बोले तो आर्थिक लाभ ले सकेंगे, घर में मन मुश्किल से लगेगा, पैतृक व्यवसाय में लोन या बाहरी उधार से परेशानी होगी। भाग्य प्रतिशत-65

**कर्क:** जो भी कार्य करें पैसे का बजट देख कर करें, डेयरी कार्य, दवा निर्माण,सीमेंट,टाइल्स सबंधित व्यवसाय में प्रगति होगी, आमदनी मध्यम होगी। भाग्य प्रतिशत-57

**सिंह:** खर्चे बढ़ेंगे, बच्चों को बाहर पढ़ने भेज सकते है, ईश्वर कृपा से काम बनेंगे, पत्नी को कोई रोग होने पर तुरन्त डॉक्टर के दिखाये। भाग्य प्रतिशत-66

**कन्या:** बड़ी महत्वकांक्षा रहेगी, आमदनी होने लगेगी, किसी केस से परेशानी सम्भव है, घर में पालतू जानवर ना लाए तो बेहतर होगा। भाग्य प्रतिशत-65

**तुला:** धार्मिक विश्वास कम हो सकता है, स्वयं पर अधिक भरोसा करेंगे, पत्नी व्यवसाय करने में साथ दे सकती है, टेक्निकल कार्य अधिक समझ आयेगा। भाग्य प्रतिशत-54

**वृश्चिक:** सद्बुद्धि रहेगी, इंटरव्यू की तैयारी करेंगे, उच्च शिक्षा लेने पर विचार करेंगे, रिश्तेदार से मिलने जा सकते है। भाग्य प्रतिशत-72

**धनु:** धन वृद्धि होगी, कॉमर्स के क्षेत्र में अच्छे अवसर मिलेंगे, मन शिक्षा में लगेगा, काम पर फोकस बना कर रखेंगे। भाग्य प्रतिशत-70

**मकर:** घर सम्बन्धी मसले सुलझ सकते है, छवि में सुधार होगा, जीवनसाथी की तरक्की सम्भव है, घर से कार्य करने को मिल सकता है। भाग्य प्रतिशत-67

**कुंभ:** व्यापारिक बातचीत सफल रहेगी, चर्म रोग, नसों के रोग से परेशानी सम्भव है,पीआर, बीमा क्षेत्र सम्बन्धी कार्य करते है तो प्रगति करेंगे। भाग्य प्रतिशत-53

**मीन:** टैलेंट का लाभ मिलेगा, प्रेम प्रसंग सम्भव है, स्वास्थ्य का ध्यान रखें, वजन कम हो सकता है, परिवार का सहयोग मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-73



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# कलयुगी बेटे ने पिता को पीट-पीटकर मार डाला, हत्या करने के बाद में थाने में किया सरेंडर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** इगलास थाना अंतर्गत गांव तरसारा में गुरूवार की सुबह घरेलू विवाद के चलते बेटे ने अपने पिता की लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी। फिर खुद थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यतेंद्र उर्फ योगेंद्र का अपने 72 वर्षीय पिता बनवारीलाल से घर के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। 4 दिसंबर सुबह दोनों खेतों पर पहुंच जहां कहासुनी बढ़ गई। गुस्से में आकर यतेंद्र ने लोहे की रॉड से पिता पर हमला कर दिया। जिससे पिता की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी बेटा स्वयं थाने पहुंच गया और पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। मृतक बनवारीलाल रोडवेज में चालक के पद से सेवानिवृत्त थे। उनका बड़ा बेटा यतेंद्र और छोटा अजय है। खेती का बंटवारा पहले ही किया जा चुका था। बड़ा बेटा घर में पिता के साथ ही रहता था। इसी बटवारे को लेकर चल रहे विवाद ने आखिरकार खूनी रूप ले लिया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ महेश कुमार, कोतवाल नरेंद्र यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी है।

# जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में जनपद स्तरीय नव प्रवर्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** जिला विज्ञान क्लब अलीगढ़ के अध्यक्ष जिलाधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में जनपद स्तरीय नव प्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन रतन प्रेम डी ए वी बालिका इंटर कॉलेज,अलीगढ़ के सभागार में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार ,जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पूरन सिंह , विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रियंका चौरसिया जिला समन्वयक राजीव कुमार अग्रवाल एवं निर्णायक सदस्यों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके संयुक्त रूप से किया।

मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत कार्य करने वाले किसान मजदूर शिल्पकार एवं सभी लोगों को प्रदर्शनी में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पूरन सिंह ने कहा कि नवप्रवर्तन के बिना देश का विकास नहीं हो सकता,हर किसी का कर्तव्य है कि नवप्रवर्तन को आगे बढ़ाना चाहिए। निर्णायक सदस्य बृजेश दीक्षित ने कहा कि नव प्रवर्तकों के लिए कृषि एवं कृषि उपकरणों तथा अन्य संबंधित क्षेत्र में नया करने की अत्यधिक संभावनाएं है। डॉ विकास मिश्रा ने आगंतुक किसानों एवं नव प्रवर्तकों के मध्य नवप्रवर्तन की जानकारी प्रदान की एवं दैनिक जीवन में हो रहे नवप्रवर्तन के बारे में विस्तार से चर्चा की , उन्होंने कहा आज के युग में कोई भी क्षेत्र नवप्रवर्तन के बिना आगे नहीं बढ़ सकता ।



जिला समन्वयक राजीव कुमार अग्रवाल ने बताया कि नव प्रवर्तन जागरूकता हेतु किसान, मेकैनिक, मजदूर या शिल्पकार और असंगठित क्षेत्रों में बिना किसी बाहरी आर्थिक और तकनीकी मदद से कोई नवीनतम अविष्कार करने वाले नव प्रवर्तकों को सबल बनाने के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया गया,इसके अंतर्गत 200 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

निर्णायक मंडल में बृजेश दीक्षित पेटेंट होल्डर, डॉ विकास मिश्रा ,असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मोहम्मद अबूसाद, डॉ मिनाज अंसारी अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ ने सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए जनपद अलीगढ़ के 8 नव प्रवर्तकों को चयनित किया प्रथम स्थान संतोष सिंह जैविक कल्चर ,द्वितीय स्थान अजय पाल सिंह, प्याज खरीफ फसल ,तृतीय स्थान सुजाना तस्लीम ऑर्गेनिक शॉप के साथ ही सांत्वना पुरस्कार के रूप में हिमांशु बामनोई, पूनम यूपीएस जुझारपुर अकराबाद, छत्रकांत शर्मा डीएवी इंटर कॉलेज अलीगढ़, अंशिका वार्ष्णेय रतन प्रेम डीएवी बालिका इंटर कॉलेज अलीगढ़, रविनेश अतरौली को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रथम पुरस्कार रुपए 8000 द्वितीय पुरस्कार रु 5000 तृतीय पुरस्कार रुपए 3000 और 2000 के 5 सांत्वना पुरस्कार चयनित नव प्रवर्तकों को बैंक खाते में जिला विज्ञान क्लब अलीगढ़ की ओर से पुरस्कार स्वरूप जमा किए जाएंगे।

कार्यक्रम का सफल संचालन अर्चना फौजदार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की विज्ञान नोडल डॉ रूचि सिंह, कविता कुमारी, साक्षी, प्रज्ञा पांडे, शिवांगी भूषण, कविता गुप्ता, नीरू वार्ष्णेय, अर्चना जायसवाल,कल्पना, एवं समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा । विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रियंका चौरसिया एवं रेखा रानी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य का अच्छा वैज्ञानिक बनने तथा सभी प्रतिभागियों एवं अधिकारीगण के प्रति आभार व्यक्त किया।

# तड़पता रहा मरीज,डॉक्टरों ने इलाज नहीं किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीपुर गांव में पारिवारिक विवाद के बाद एक व्यक्ति ने बुधवार को अपने घर में जहर खा लिया। हालत खराब होने पर गंभीर हालत में परिजन उसे लेकर आगरा रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गये। परिजनों का आरोप है कि रुपए न होने के कारण मरीज को अस्पताल वालों ने भर्ती करने से मना कर दिया। उसे मलखान सिंह जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिवार के लोग रोते-बिलखते रहे और डॉक्टरों से इलाज की भीख मांगते रहे, लेकिन स्टाफ नहीं पसीजा।

मडराक थाना क्षेत्र के गांव अलीपुर निवासी जगदीश प्रसाद ने बुधवार को गृहक्लेश के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। उनके मौसी के बेटे रोहित कुमार ने बताया कि उनके घर में समारोह था और परिवार के लोग वहीं गए थे। जब उन्हें इसकी जानकारी हुई तो सभी जगदीश को लेकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे। लेकिन रुपए न होने के कारण डॉक्टरों ने उपचार नहीं दिया। 20 मिनट तक गंभीर मरीज को भर्ती नहीं किया गया और उन्हें वहां से जाने को कह दिया गया। मौसेरे भाई रोहित ने बताया कि जब वह अपने भाई को लेकर अस्पताल पहुंचा तो डॉक्टरों ने दवाई का पर्चा दे दिया। लेकिन उनके पास दवाइयों के रुपए तुरंत जमा करने के लिए रुपए नहीं थे। उन्होंने डॉक्टरों से कहा कि वह इलाज शुरू करें, जिससे मरीज की जान बचाई जा सके। परिवार के लोग पीछे से आ रहे हैं और उनके आते ही वह रुपए जमा कर देंगे। लेकिन हॉस्पिटल स्टाफ उनसे अभद्रता करने लगा और वहां से जाने के लिए कह दिया। काफी देर तक परिवार के लोगों और हॉस्पिटल स्टाफ के बीच बहस होती रही, लेकिन मरीज को उपचार नहीं दिया गया।

**परिजनों का आरोप है कि रुपए न होने के कारण मरीज को अस्पताल वालों ने भर्ती करने से मना कर दिया**

परिजने उसे मलखान सिंह जिला अस्पताल पहुंचे। यहां पर डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार दिया और हालत गंभीर होने के कारण उसे जे.एन. मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। इस संबंध में सीएमओ डॉ. नीरज त्यागी का कहना है कि अभी किसी ने शिकायत नहीं की है। अगर लिखित शिकायत आती है जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधानाध्यापिका की हार्ट अटैक से मौत, बीएसए ने सहायक अध्यापिका को किया निलंबित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** थाना सासनी गेट अंतर्गत कृष्ण टोला निवासी प्रधानाध्यापिका की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मृतका के बेटे ने सहायक अध्यापिका पर मां को टेंशन देने का आरोप लगाया है।

मृतका साधना वर्मा के बेटे चेतन वर्मा ने बताया कि उनकी लोधा ब्लॉक के गांव सदलपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक पर पर तैनात थी। चेतन न आरोप लगाया कि स्कूल की सहायक अध्यापिका पूजा चौधरी आए दिन मां साधना वर्मा पर एमडीएम व अन्य मदों में घपला करने का आरोप लगाती रहती थीं। पूजा चौधरी ने पिछले मार्च में उसकी मां के आधा घंटा देर से पहुंचने पर एक साथी शिक्षिका के साथ मिलकर स्कूल का ताला बंद कर दिया था। इस दौरान एबीएसए ने निरीक्षण किया तो स्कूल बंद पाए जाने पर उसकी मां का वेतन रोक दिया था। बेटे ने आरोप लगाया कि पिछले पांच माह से वेतन न मिलने और सहायक अध्यापिका की प्रताड़ना से मां को हार्ट अटैक आया और उनकी मौत हो गई। बीएसए डॉ राकेश कुमार ने बताया कि स्कूल बंद मिलने पर सभी शिक्षकों के विरुद्ध वेतन रोकने की कार्रवाई की गई थी। प्रधान अध्यापकों द्वारा सही जानकारी दी गई तो एरियर सहित वेतन रिलीज कर दिया गया है। आज परिजनों ने सहायक अध्यापिका पूजा चौधरी द्वारा प्रधान अध्यापिका साधना वर्मा को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। इसी के तहत सहायक अध्यापिका पूजा चौधरी को निलंबित कर दिया गया है ।




# अलीगढ़ के निर्देशन में जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5"

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ के निर्देशन में जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5" के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है । मिशन शक्ति फेज-5 के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सु ?क्षा विशेष दल द्वारा गाँवों/कस्बों/मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड/ बाजार/गांव/ कस्बा/स्कूल/कालेज/कोचिंग सेंटर इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है । इस अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, साइबर सम्बन्धी एवं सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है । महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

# 40 मिनट खड़ी रही टीएडी पैसेंजर ट्रेन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** दिल्ली- हावड़ा रेलवे ट्रैक पर अलीगढ़ रेलवे स्टेशन और आईटीआई के बीच 4 दिसंबर को ब्रेक बाइंडिंग के चलते टीएडी पैसेंजर ट्रेन का पहिया जाम हो गया।

रगड़ के कारण पहिए से धुआं निकलने लगा। इससे ट्रेन के बोगी में धुआं भर गया। हालांकि रेलवे स्टाफ ने तत्काल आग बुझाने के उपकरणों का प्रयोग कर आग पर काबू पा लिया। फिर टीएक्सआर टीम ने जांच के बाद ट्रेन को गंतव्य की ओर रवाना कर दिया। टूंडला से हाथरस वाया अलीगढ़ होते हुए दिल्ली जाने वाली टीएडी पैसेंजर ट्रेन अलीगढ़ स्टेशन से सुबह 8.50 पर दिल्ली के लिए रवाना हुई। कुछ दूर चलने पर आईटीआई के पास ब्रेक बाइंडिंग हो गई। इसके चलते पहिया जाम होने लगा। रगड़ के कारण धुआं निकलने लगा। रेलवे स्टाफ को जानकारी हुई तो तत्काल आग बुझाने के उपकरणों की मदद से आग को बढ़ने से रोक लिया गया। ट्रेन को वहीं रोक दिया गया।

ट्रेन रुकने पर बोगी से यात्री नीचे उतर गए। टीएक्सआर विभाग के अनिल कुमार, माधव गोयल, सुधीर कुमार, जीत सिंह आदि की टीम ने परीक्षण और तकनीकी खामी को दूर करने के बाद ट्रेन को करीब 40 मिनट बाद 09.40 बजे दिल्ली की ओर रवाना कर दिया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार ब्रेक बाइंडिंग के चलते पहिया जाम हो गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### गंजडुण्डवारा के युवक की अलीगढ़ मेडीकल में मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के जेएन मेडीकल कॉलेज में गंजडुण्डवारा के मनसा नगला के एक युवक उपचार के दौरान मौत हो गयी। परिजनों के अनुसार शादी समारोह के दौरान एक महिला द्वारा डीजे पर डांस करने के विवाद में एक युवक ने बरातियों पर कार चढ़ा दी, जिसमें मृतक गंभीर रूप से घायल सुरेशचन्द्र पुत्र सूरजपाल निवासी मनसा नगला गंजडुण्डवारा की उपचार के दौरान अलीगढ़ जेएन मेडीकल कॉलेज में मौत हो गई, जबकि ताऊ, चाचा और मौसा की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के शव परिजनों को सौंप दिया है।

### क्षेत्र पंचायत खैर की बैठक 12 दिसंबर को

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** क्षेत्र पंचायत खैर की बैठक 12 दिसंबर को प्रातः अपरान्ह 01 बजे से अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत खैर श्रीमती सौम्या गौड की अध्यक्षता में विकास खण्ड कार्यालय खैर के सभागार में आहुत की जाएगी।

खण्ड विकास अधिकारी खैर आदिल फैज ने उक्त जानकारी देते हुये बताया कि बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, पंचम राज्य वित्त आयोग एवं केंद्रीय वित्त आयोग से होने वाले कार्यों पर विचार, मनरेगा लेबर बजट 2026-27 के साथ ही अन्य विभागों की योजनाओं पर विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य खैर एवं ग्राम प्रधानों को सूचित करते हुये अनुरोध किया है कि वह नियत समय व स्थान पर बैठक में प्रतिभाग करें।

### बाबा की सेवा पर भाइयों में विवाद एक ने दूसरे भाई पर लाठी से किया हमला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** पिसावा थाना के जलालपुर गांव में दो भाइयों के बीच बाबा की सेवा को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान लाठी-डंडे चले, जिसमें एक भाई घायल हो गया। घायल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। सुबह करीब 6 बजे, जलालपुर निवासी राकेश पुत्र धर्मपाल सिंह अपने घर पर बैठे थे। तभी उनके चचेरे भाई वहां आए और राकेश के साथ गाली-गलौज करने लगे। जब राकेश ने इसका विरोध किया, तो उसने लाठी से उन पर हमला कर दिया। दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ने पर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और उन्होंने दोनों को अलग किया। इस हमले में राकेश के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। मिली जानकारी के अनुसार धर्मवीर सिंह, जो कि लकवाग्रस्त हैं, उनकी देखभाल उनके नाती राकेश करते हैं। इसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। राकेश ने पिसावा थाने में आकर चचेरे भाई के खिलाफ तहरीर दी है। थाना प्रभारी रेखा गोस्वामी ने बताया कि तहरीर ले ली गई है और पीड़ित को चिकित्सीय जांच के लिए सीएचसी चंदोष भेजा गया है। डॉक्टरी जांच रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



### जेएन मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क पेसमेकर जांच कैंप आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जेएन मेडिकल कॉलेज के कार्डियोलॉजी विभाग द्वारा निःशुल्क पेसमेकर जांच कैंप आयोजित किया गया, जिसमें अलीगढ़ और आसपास के क्षेत्रों के 60 से अधिक मरीजों की जाँच की गयी और उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

कैंप में मेडट्रॉनिक (यूएसए), सेंट जुड और बायोट्रॉनिक्स जैसी प्रमुख मेडिकल डिवाइस कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने सिंगल चेम्बर और डबल चेम्बर पेसमेकर, आईसीडी (इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर डिफिब्रिलेटर) और सीआरटी (कार्डियक रिसिंक्रोनाइजेशन थेरेपी) उपकरणों की विस्तृत जाँच की, आवश्यक पैरामीटर समायोजन किए और कई ऐसे मामलों की पहचान की जिनमें उपकरणों का शीघ्र प्रतिस्थापन आवश्यक था। कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. आसिफ हसन ने विभाग में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं पर प्रकाश डाला और बताया कि जेएनएमसी में कोरोनरी एंजियोप्लास्टी, डिवाइस इंप्लांटेशन, बैलूनिंग प्रक्रियाएँ तथा जटिल हृदय रोगों का उन्नत प्रबंधन किया जाता है।

# एलमपुर में बीएसए कार्यालय के समीप विद्यालय निर्माण कार्य का महापौर प्रशान्त सिंघल ने किया स्थलीय निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** महापौर प्रशान्त सिंघल ने एलमपुर स्थित बीएसए कार्यालय के निकट निर्माणाधीन विद्यालय के कार्यों का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के मुख्य अभियंता, अवर अभियंता तथा पार्षद योगेश सिंघल भी उपस्थित रहे। महापौर ने निर्माण की गुणवत्ता, कार्य की प्रगति एवं स्थल पर उपलब्ध व्यवस्थाओं की समग्र समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्देश दिया है कि आगामी शैक्षणिक सत्र से पूर्व,फरवरी 2026 तक विद्यालय निर्माण पूर्ण होना अनिवार्य है और पूरे निर्माण कार्य में गुणवत्ता को सर्वोपरि रखने हेतु तकनीकी टीम को सख़्त सतर्कता बरतने का आदेश दिया।वहीं जलनिकासी से जुड़े सभी तकनीकी बिंदुओं को निर्धारित मानकों के अनुसार सुनिश्चित करने को कहा और भवन के कमरों के फर्श का स्तर जल निकासी की दृष्टि से पूर्णतःसंतुलित एवं मानक अनुरूप रखने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए। इतना ही नहीं आरसीसी बीम एवं कॉलम को पूरी मजबूती,उच्च गुणवत्ता तथा निर्धारित इंजीनियरिंग मानकों के अनुरूप निर्मित करने के लिए तकनीकी टीम एवं ठेकेदार संस्था को विशेष रूप से निर्देशित किया। कमरों की लंबाई चौड़ाई तथा निर्माण सामग्री को मानक निर्देशों के अनुसार तैयार करने हेतु पुनः निर्देश दिए। इसके अलावा ठेकेदार संस्था को सक्रियता बढ़ाकर समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। महापौर प्रशान्त सिंघल ने अधिकारियों से कहा कि विद्यालय निर्माण नगर की भावी पीढ़ी के शैक्षणिक विकास से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है,इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी और सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना अनिवार्य है।अंत में महापौर ने चेतावनी दी कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी।



**भव्य स्वागत** — स्वच्छता पर्यावरण संरक्षण यात्रा पहुंची अतरौली

# स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी: बबीता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अतरौली।** स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण यात्रा को लेकर उत्तराखंड के नगर निगम देहरादून की इंदिरापुरम वार्ड की पार्षद बबीता गुप्ता अपनी सहयोगियो के साथ यात्रा लेकर अतरौली पहुंची यहां पर बड़ी संख्या में महिलाओं और सामाजिक कार्यकताओं ने इस यात्रा का भव्य स्वागत किया बबीता गुप्ता ने बताया कि उनकी यात्रा का सिर्फ और सिर्फ एक उद्देश्य है कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति आम जनमानस को जागरूक करना उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी का सपना है कि भारत का कोना-कोना स्वच्छ और साफ हो उन्हीं की प्रेरणा से वह यह यात्रा लेकर जो कि उन्होंने देहरादून से शुरू की है भारत के तमाम प्रदेशों में पहुंचेंगे और लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करेंगी जिस तरह से आज पूरे विश्व के सामने ग्लोबल वार्मिंग एक बड़ी चुनौती है उसको देखते हुए हर किसी को अपनी नैतिक जिम्मेदारी को समझना होगा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है हमारा कर्तव्य अगर आज हम नहीं जागे तो कल बहुत देर हो जाएगी हम सभी को स्वच्छ भारत मिशन में बढ़-चढ़ के हिस्सा लेने की आवश्यकता है हम ज्यादा से ज्यादा हरियाली बढ़ाएं अपने पर्यावरण का संरक्षण करें जिस तरह हम अपने घर को साफ-साफ और सुंदर रखते हैं इसी तरह हमें अपनी गली मोहल्ले अपना कस्बा शहर अपना प्रदेश और देश को स्वच्छ साफ और सुंदर बनाना है स्वच्छता की शुरूआत हमें खुद से करनी है साथ ही स्वच्छता के प्रति हमें अपने आसपास के लोगों को सजक और जागरूक बनाना है इस तरह की यात्रा और लोगों को भी करनी चाहिए जिससे कि समाज में स्वच्छता के प्रति लोग अपनी जिम्मेदारी को समझें बविता गुप्ता ने अतरौली में उनकी यात्रा को स्वागत करने के लिए सभी का आभार प्रकट किया और कहा कि उनकी यात्रा को सभी का भरपूर समर्थन मिल रहा है और सब लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हो रहे हैं कि युवा पहल अध्यक्ष और स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर इंजीनियर हिमांशु मित्तल गुप्ता ने अपने निवास पर यात्रा का स्वागत किया बबिता गुप्ता को पटका पहनाकर पुष्प गुच्छ और पौधा बैठकर बबीता गुप्ता और उनकी यात्रा का स्वागत किया यात्रा के विश्राम के बाद बबीता गुप्ता ने गन्यावली बरला मार्ग स्थित बगीची पर रुद्राक्ष का पौधा रोपो जो कि वह उत्तराखंड से अपने साथ लेकर आई थी इस अवसर पर -माया गुप्ता, निमिषा गुप्ता,अभिलाष सिंह,रूहानी खान देवेंद्र गुप्ता बबलू शर्मा मनोज कुमार गुप्ता अर्शी खान मुन्नी रावल पूजा अग्रवाल दीपिका सिंह पुनीत अरोड़ा डॉ सुनील सक्सैना डॉक्टर कमल किशोर मुकुल अग्रवाल लव राजपूत आदि उपस्थित है।



# नेशनल हाईवे पर दो भीषण सड़क हादसों में चार डाक्टरों समेत छःकी मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** अमरोहा जनपद में बुधवार देर रात हाईवे पर दिल दहला देने वाले दो सड़क हादसे हुए। जनपद के रजबपुर थाना क्षेत्र में डीवीआर रेस्टोरेंट के सामने तेज रफ्तार कार आगे चल रही डीसीएम में जोरदार टक्कर मारते हुए जा घुसी। टक्कर इतनी भयावह थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के चार एम् बी बी एस छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार करीब दस बजे दिल्ली से मुरादाबाद जा रही डीसीएम फ्लाईओवर अतरासी से कुछ दूरी पर पहुंची ही थी कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर उसमें घुस गई। टक्कर की आवाज सुनते ही हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। अतरासी गांव के लोग व राहगीर मौके पर पहुंचे तो देखा कि चारों छात्र कार में फंसे हुए थे। सूचना पर सीओ अभिषेक यादव और थानाध्यक्ष कोमल तोमर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कार के क्षतिग्रस्त हिस्से काटकर शवों को बाहर निकाला गया। प्रारंभिक जांच में चारों मृतक रजबपुर के श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में एमबीबीएस के छात्र बताए गए हैं, जिनमें दो दिल्ली और दो पश्चिम



बंगाल के रहने वाले थे।सुचना मिलने पर विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पुलिस से जानकारी साझा की। पुलिस ने चारों शवों को मोर्चरी भिजवाकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी, हादसे ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है और विश्वविद्यालय में शोक की लहर दौड़ गई है।रात में ही पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ,जिला अधिकारी निधि गुप्ता वत्स भी मौके पर पहुंच गईथीं। मृतकों के नाम अर्नब ,आयुष सप्तऋषि और श्रेष्ट बताये गए हैं इन सभी का एम




बी बी एस का कोर्स पूरा हो चूका था और सभी इंटरशिप कर रहे थे बीती रात यह चारों दोस्त कही से पार्टी क्र के लौट रहे थे कि उनकी तेज रफ्तार कार रुई के गद्दों ने भरी डी सी एम में जा घुसी जिस से चरों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई रात में ही परिजनों को सुचना दे दी गई थी जो वृहस्पतिवार यहाँ पहुँच गए हैं जबकि पुलिस ने चारों का पोस्ट मार्टम कराया और उनकी लाशीं परिजनों को सौंप दी हैं।

वही दूसरा हादसा नेशनल हाईवे पर देर रात गजरौला चौपला के पास एक अज्ञात ट्रक ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी जिसमें दो बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई दोनों बाइक सवार जिला लखीमपुर खीरी के रहने वाले बताए गए हैं।मृतकों की पहचान लखीमपुर खीरी के सोना खुर्द गांव निवासी दीपक व नितिन के रूप में की गई।वह गुरुग्राम में बाइक राइडर्स थे।कल शाम को घर लौटते समय हादसे का शिकार हो गए।पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों की लाशों को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा उनके फोन द्वारा परिजनों को सूचित किया जो आज सुबह पोस्ट मार्टम हॉउस पर रट बिलखते पहुंचे।जिले में कुछ ही घंटों में छःव्यक्तियों को सड़क हादसे लील गए।

# साक्षी सेवा समिति ने स्वर्गीय साक्षी की पुण्यतिथि पर भजन-संध्या आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** साक्षी सेवा समिति उत्तर प्रदेश की शाखा चंदौसी स्टार के तत्वावधान में मंगलवार को गौशाला रोड स्थित गौशाला में समिति की संरक्षिका चंद्रकला सैनी की सुपुत्री स्वर्गीय साक्षी की पुण्यतिथि पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संरक्षिका श्रीमती चंद्रकला सैनी व अध्यक्ष श्रीमती रंजना शर्मा द्वारा श्री हनुमानजी महाराज के पूजन से हुआ।

इसके बाद शिव का दास मंडली के सदस्यों ने भक्तिमय वातावरण में सुंदरकांड का पाठ किया। भजन संध्या के दौरान समिति की सदस्याओं—श्रीमती सुधा शर्मा, श्रीमती दमयंती सिंह, श्रीमती बबिता बिंदल, श्रीमती सुनीता सहित अन्य भक्तजनों ने ह्यश्रीराम के प्यारे हनुमानह्ण और ह्यराधे-राधे जपा करोह्ण जैसे भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।




कार्यक्रम में आरती शर्मा, मिथलेश, रीना, बिंद्रा, मंथरा, शकुंतला, मुस्कान भारद्वाज सहित अनेक महिलाएं व भक्तजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रंजना शर्मा ने की तथा संचालन बबिता बिंदल ने किया।

# पैगाम ए अमन कमेटी अमरोहा की मीटिंग में उम्मीद पोर्टल के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** पैगाम ए अमन कमेटी अमरोहा के तत्वाधान में एक महत्वपूर्ण मीटिंग श्री



मंसूर अहमद एडवोकेट के आवास मोहल्लां कोट पर आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता हाजी खुरशीद अनवर ने की। मीटिंग में लिए गए निर्णय के अनुसार उम्मीद पोर्टल पर वक़्फ संपत्ति के पंजीकरण के लिए केंद्रीय पोर्टल पर नामांकन विवरण भरने की आखरी तारीख 5 दिसंबर 2025 को आगामी एक वर्ष बढ़ाने के संबंध में महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी अमरोहा के माध्यम से प्रेषित किया गया।ज्ञापन में महामहिम राष्ट्रपति को अवगत कराया गया है कि लाखों वक़्फ संपत्तियों का पंजिकरण अल्प समय में संभव नहीं हो पा रहा है, क्योंकि अधिकतर लोग एस आई आर फार्मों के पंजीकरण में व्यस्त हैं।दूसरी ओर वक़्फ पोर्टल की वेबसाइट विगत काफी दिनों से बहुत सुस्त चल रही है कई कई दिन वेबसाइट बिलकुल नहीं चलती जिस के चलते लाखोऔकाफ दर्ज नहीं हो पा रहे हैं उप जिलाधिकारी अमरोहा की गैर मौजूदगी में उनके कार्यालय में ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से चेयरमैन मंसूर अहमद एडवोकेट, अध्यक्ष हाजी खुरशीद अनवर,महासचिव फैज आलम राईनी, हाजी मुजफ्फर अली अंसारी, सरताज आलम मंसूरी,सैयद उवैस मुस्तफा रिजवी, हाजी अब्दुल कय्यूम राईनी, सैयद अली इमाम रिजवी एडवोकेट,फहीम शाहनवाज ,यासिर अंसारी एडवोकेट, जीशान पाशा एडवोकेट,इकराम हुसैन जैदी, शाहरुख खान एडवोकेट, अदनान मसरूर,कासिम खान,फहीम शाहनवाज, सरकार आलम,आलम नेता आदि मौजूद रहे।

# चोरी के सामान सहित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं में वांछित चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 नवंबर को वादी जगपाल सिंह पुत्र भरत सिंह निवासी ग्राम लक्ष्मणपुर ने थाना कुढ़फतेहगढ़ में तहरीर देकर बताया था कि एक अभियुक्त उनके बड़े भाई के घर में घुसकर कमरे में रखा सामान चोरी कर ले गया। इसी प्रकार रजनेश पुत्र चंद्रपाल निवासी ग्राम भगतपुर मिर्जा ने तहरीरी सूचना दी थी कि उनके घर की दीवार काटकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा पैसे व सामान चोरी कर लिया गया। दोनों मामलों में पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था। मामले की जांच करते हुए 4 दिसंबर को थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त जहांगीर पुत्र महमूद खां निवासी ग्राम नगला पूवां को खटेटा चौराहे से आगे भीकमपुर तिराहे के पास से चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त को संबंधित



धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायिक प्रक्रिया के लिए भेज दिया।

# गजरौला में पूर्व सांसद हरीश नागपाल ने बताया एसआईआर का महत्व, बांटे शॉल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला ।** अमरोहा के पूर्व सांसद, भाजपा नेता एवं





स्वर्गीय रामदास नागपाल मेमोरियल ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष हरीश नागपाल ने अपने पुत्र जय नागपाल के साथ ई-रिक्शा चालकों एवं गरीब महिलाओं को शॉल वितरित किए। इस दौरान उन्होंने लोगों को मतदाता गहन पुनरीक्षण (सीआईआर) का महत्व समझाते हुए सीआईआर फार्म भरने का आह्वान किया। कहा कि देश व प्रदेश में मजबूत सरकार के गठन के लिए अपना वोट अवश्य बनवाएं।

वृहस्पतिवार को पूर्णिमा के पर्व पर पूर्व सांसद हरीश नागपाल ने हाईवे किनारे स्थित होटल गजरौला सुखदेव में एकत्र ई-रिक्शा चालकों, तांगा चालकों एवं निर्धन लोगों के साथ ही महिलाओं को शॉल वितरित किए। उन्होंने भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथ मजबूत करने का आह्वान किया। देश के कई राज्यों समेत यूपी में चल रहे एसआईआर कार्य के बारे में विस्तार से समझाया कि अपने-अपने फार्म अवश्य भर दें। अब सरकार ने फार्म जमा करने की अंतिम तिथि भी बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दी। इसके बाद फार्म जमा करने में काफी परेशानी आएगी और यदि फार्म नहीं भरा तो आप वोट देने के मौलिक अधिकार से वंचित रह जाएंगे। इस मौके पर विकुल अग्रवाल, मनजीत नागपाल, पंकज भारद्वाज, रचित सिंघल, अमित कुमार, डा. जाकिर अली आदि मौजूद रहे।

# वक्फ सम्पत्ति उम्मीद पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की समय सीमा अवधि बढ़ाये जाने की मांग,फिरोज खाँ के नेतृत्व में जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल।** उम्मीद पोर्टल पर बक्फ सम्पति के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि बढ़ाये जाने को लेकर सम्भल सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खाँ के नेतृत्व में जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से केन्द्रीय मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी महोदय सम्भल को सौपा मा0 किरन रिजिजू जी केन्द्रीय मंत्री- अल्पसंख्यक कल्याण एवं संसदीय कार्यमंत्री नई दिल्ली, भारत सरकार। इस पत्र द्वारा अवगत कराया है, कि देश में इस समय वक्फ सम्पत्तियों का रजिस्ट्रेशन उम्मीद पोर्टल पर चल रहा है। रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि 05 दिसम्बर 2025 तक है।



परन्तु अभी तक देश में कुल वक्फ सम्पत्तियों में से लगभग 30 प्रतिशत सम्पत्तियों का ही पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन हो सका है। वक्फ सम्पत्तियों का रजिस्ट्रेशन करने वाला उम्मीद पोर्टल का सर्वर धीमा चल रहा है तथा अक्सर बन्द भी हो जाता है, जिसके कारण वक्फ सम्पत्तियों के रजिस्ट्रेशन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसमें कहीं न कहीं साजिश की बू आती है। अतः आपसे अनुरोध है कि उम्मीद पोर्टल पर वक्फ सम्पत्तियों के रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि को 02 माह आगे बढ़ाने का कष्ट करें, ताकि समय से पूरे देश में वक्फ सम्पत्तियों का रजिस्ट्रेशन पूर्ण रूप से हो सके।

ज्ञापन देने वालो में रामरहीस यादव जाहिद खाँ मियां असलम खाँ मोहम्मद शान आरिफ खाँ जावेद नफीस गुलाम मुस्तुफा फैजान शाही जबर सिंह गौरव बिलाल खाँ आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सुंदरी मंडल महामंत्री ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**क्योलड़िया।** मंडल महामंत्री सुंदरी भाजपा वेदपाल





कनौजिया ने ग्राम ज्योति जागीर बूथ पर मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने परशुरामपुर सेक्टर के तहत आने वाले बूथों का भी दौरा किया।साथ ही सुंदरी भाजपा मंडल महामंत्री वेदपाल कनौजिया ने ग्राम परशुरामपुर, फुलवैया, पनवड़िया और चंदपुर ख्यालीराम के बूथों पर जाकर मतदाता पुनरीक्षण कार्य की विस्तृत जानकारी ली और उन्होंने बूथ अध्यक्षों और बीएलए 2 से बीएलओ के साथ मिलकर शत-प्रतिशत कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इस दौरान शक्ति केंद्र के संयोजक विष्णु गंगवार और बूथ अध्यक्ष अनिल सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में बड़ा सुधार: पेंशन अब सीधे लाभार्थियों के खाते में पहुंचेगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में समाज कल्याण विभाग ने राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में व्यापक सुधार करते हुए पेंशन भुगतान प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, सरल और समयबद्ध बनाया है। अब योजना के पात्र वृद्धजन की पहचान और सत्यापन ह्यफैमिली आईडी झ्र एक परिवार एक पहचानह्ण प्रणाली के माध्यम से स्वतः किया जाएगा। इससे पेंशन सीधे लाभार्थी के खाते में जाने लगेगी और पात्र वृद्धजन को किसी भी प्रकार की देरी या बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण एल. वेंकटेश्वर लू ने सभी मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि फैमिली आईडी आधारित चिह्निकरण और सत्यापन प्रक्रिया को संवेदनशीलता के साथ लागू किया जाए। उनका कहना है कि इस प्रक्रिया से यह सुनिश्चित होगा कि प्रदेश का कोई भी पात्र वृद्धजन पेंशन पाने से वंचित न रहे।नई व्यवस्था के तहत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजन को अब आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। फैमिली आईडी में मौजूद आयु और परिवार विवरण के आधार पर स्वतः ही पात्रता तय की जाएगी। साथ ही, जिन वृद्धजनों की आयु अगले 90 दिनों में 60 वर्ष पूरी होगी, उनके नाम भी सिस्टम में अपने-आप जुड़ जाएंगे। लाभार्थियों की सहमति मोबाइल एसएमएस, वॉट्सऐप या फोन कॉल के माध्यम से लेकर पेंशन की स्वीकृति और डीबीटी के जरिए भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाएगा।समाज कल्याण विभाग ने नई व्यवस्था में जीवन प्रमाण-पत्र की जांच, संदिग्ध सूची तैयार करने, गलत भुगतान रोकने और डेटा की नियमित समीक्षा जैसे कदम भी लागू किए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि या दुरुपयोग की संभावना समाप्त हो।

# स्व.नवल किशोर भरतिया की जयंती पर एनकेबीएमजी कॉलेज में शांति यज्ञ आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** गुरुवार को नगर के एनकेबीएमजी डिग्री कॉलेज में महाविद्यालय के संस्थापक स्व. नवल किशोर भरतिया की जयंती श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शांति यज्ञ का आयोजन कर उनके महान योगदान को याद किया गया। महाविद्यालय परिवार द्वारा बताया गया कि स्व. नवल किशोर भरतिया का जन्म 4 दिसंबर 1896 को चंदौसी के प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था। उन्होंने सन्‍ 1964 में इस महाविद्यालय की स्थापना एक छोटे से बीज के रूप में की थी, जो आज एक विशाल वट-वृक्ष का रूप लेकर शिक्षा की सुगंध चहुँओर फैला रहा है।



कार्यक्रम के दौरान प्रभारी प्राचार्या प्रो. रंजना अग्रवाल ने संस्थापक के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्राओं व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की उपस्थिति में आचार्या सुशील आर्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आर्य समाज रीति के अनुसार शांति यज्ञ सम्पन्न कराया गया। यज्ञ आयोजन प्रभारी प्राचार्या प्रो. रंजना अग्रवाल के निर्देशन में यज्ञ समिति की सदस्या डॉ. मनीषा अग्रवाल व शोध छात्रा सुरभि पाराशरी द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सभी ने संस्थापक के आदर्शों का अनुसरण करने और महाविद्यालय की प्रगति में सहयोग देने का संकल्प लिया।

**आरोप** चंदवार की मढ़ैयों में सफाई ठप, ग्रामीणों ने लगाया विकास कार्य रोकने का आरोप

# सफाई को लेकर प्रधान व सचिव के खिलाफ लोगों की नारेबाजी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** गुरुवार सफाई को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश,असमोली क्षेत्र के गांव चंदवार की मढ़ैयों में गलियों और मार्गों पर फैले कीचड़ से ग्रामीणों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। लंबे समय से सफाई न होने और रास्तों की मरम्मत कार्य बंद होने पर बृहस्पतिवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया।

ग्रामीणों का कहना है कि कीचड़ से बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है, वहीं बुजुर्ग और महिलाएँ आवागमन में भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। कई मार्ग इतने जर्जर हो चुके हैं कि पैदल चलना भी खतरनाक हो गया है। लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने पर ग्रामीण



आक्रोशित हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सफाई अभियान शुरू नहीं हुआ और रास्तों की मरम्मत नहीं कराई गई, तो वे एकजुट होकर बड़ा आंदोलन करेंगे।

ग्रामीणों ने कहा कि गांव में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं और प्रधान द्वारा समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों ने लगाया आरोपः तनवीर पुत्र नूर मोहम्मद, मयूर खान पुत्र जरीफ, नासिर, इमरान पुत्र मुसब्बिर, फरमान पुत्र नबी जान, आस मोहम्मद पुत्र हुसैन बॉक्स, आरिफ पुत्र नॉस, शाने आलम पुत्र दूल्हे जान, बाबू पुत्र मुस्ताक, मेहंदी हसन पुत्र फरीद मोहम्मद, सैफ अली पुत्र नोशे, गुलाम मोहम्मद पुत्र नूर मोहम्मद सहित कई ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

ग्रामीणों का कहना है कि गाँव के विकास कार्यों को प्राथमिकता में नहीं रखा जा रहा है, जिसके कारण समस्याएँ लगातार बढ़ती जा रही हैं।

# नगरपालिका ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** गुरुवार को अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने पुलिस और नगरपालिका टीम के साथ बैठक कर दोपहर 2 बजे फव्वारा चौक से बुलडोजर की मदद से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान सीओ मनोज कुमार, इंस्पेक्टर मोहित कुमार बालियान, एसएफसी प्रियंका सिंह, सुनील कुमार, नरेश कुमार, आशीष शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अभियान में दुकानों के बाहर बने अवैध स्लैब तोड़े गए और पकौड़ी विक्रेता सहित कई दुकानदारों से लगभग 17,000 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों ने अपने शटर गिरा दिए, जबकि पवन साड़ीज, पूर्णागिरी पान भंडार समेत अन्य स्थानों पर बहसबाजी भी हुई, लेकिन नगरपालिका टीम ने अतिक्रमण हटवाया। अधिशासी अधिकारी ने चेतावनी दी कि जिन्होंने पुनः अतिक्रमण किया है, वे इसे स्वयं हटा लें, अन्यथा बुलडोजर से कार्रवाई के साथ जुमार्ना लगाया जाएगा। सीओ मनोज कुमार ने कहा कि अतिक्रमण और ई-रिक्शा, ठेले-खोमचे के कारण बाजारों में जाम की स्थिति बनती है, इसलिए किसी भी हालत में सड़कों पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# तांत्रिक क्रिया कर अवैध रूप से संपत्ति हड़पने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** फलावदा थाना क्षेत्र के ग्राम सनौता निवासी जुबेर पुत्र जहीर अहमद ने गांव के ही एक व्यक्ति पर तांत्रिक क्रिया करके अवैध रूप से संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया है। जुबैर ने

## बिहार से भागकर फलावदा के सनौता में रह रहा है तांत्रिक फूलहसन

डीएम को शिकायती पत्र देते हुए कहा कि फलावदा क्षेत्र के सनौता गांव का एक व्यक्ति फूल हसन पुत्र रफत हुसैन बिहार से गांव में काफी वर्ष पूर्व मस्जिद की इमामत करना आया था। परंतु उक्त व्यक्ति वास्तव में एक तांत्रिक व ठग किस्म का व्यक्ति है। फूलहसन अपने पुत्र हसीब, नसीब व सकीब के साथ मिलकर क्षेत्र के भोले भाले लोगों को तांत्रिक क्रिया, झाड़ फूंक, ताबीज


शिकायतकर्ता

आदि के झूठे बहाने बनाकर डरा धमकाता है। उनसे धन तथा संपत्ति हड़प लेता है। इसी प्रकार फूलहसन ने जुबैर के पिता जहीर अहमद को प्रभावित कर तांत्रिक क्रिया करके झांसे में लाकर उनकी जमीन अपनी पत्नी शहनाज के नाम कर ली। जुबैर ने आरोप लगाया कि फूलहसन ने धोखेबाजी, छल किया है। जिसकी जानकारी जुबैर व जुबैर के परिवार को पिता जहीर अहमद की मृत्यु के पश्चात हुई। जुबैर ने आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति बिहार से इसी प्रकार के मामले में बदनामी एवं विवाद होने के डर से भागकर सनौता में छिपकर रह रहा है। सनौता में भी फूलहसन लगातार अपराध कर ग्रामीणो को ठग रहा है।फूलहसन की संपत्ति कहां से एकत्रित हुई है। पीड़ित जुबेर ने डीएम को शिकायती पत्र देकर फूलहसन के खिलाफ कार्यवाही की गुहार डीएम से लगाई है।

# डेयरियों की गंदगी और कीचड़ से जनता बेहाल - आजाद अधिकार सेना उतरी सड़क पर, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** कालंद रोड नई बस्ती क्षेत्र में फैले जलझवायु प्रदूषण और अवैध डेयरियों से उत्पन्न गंभीर स्थिति को लेकर आजाद अधिकार सेना का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेन्द्र सिंह राणा के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी और नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में फैली अव्यवस्था, प्रदूषण और डेयरी संचालकों की मनमानी के खिलाफ विस्तृत ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में बताया गया कि नई बस्ती में 300-400 अवैध डेयरियाँ, जिनमें 20,000 से अधिक भैंसें रखी जा रही हैं, रोजाना टनों गोबर, मल-मूत्र और डेयरी अपशिष्ट गलियों, सड़कों व नालों में छोड़ रही हैं। इससे पूरी बस्ती दुर्गंध, कीचड़, नाला-जाम, मच्छरों और जहरीली गैसों से बुरी तरह प्रभावित है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि कई घरों पर ह्रमकान बिकाऊ हैह्र के बोर्ड तक लगाए जा चुके हैं और लोग पलायन के लिए मजबूर हैं।बस्ती में गंदगी के कारण दो गंभीर हादसे भी हुए शमीम बानो का कीचड़ में फिसलकर चोटिल हो गई। वही 6 वर्षीय हिफ्जा गिरकर सिर में गंभीर चोट लगने से अस्पताल में उळ स्कैन तक कराना पड़ा।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि कुछ डेयरी संचालक खुलेआम धमकी दे रहे हैं कि नगर पालिका को पैसा देकर सब चलता है, कोई हमें नहीं रोक सकता।ज्ञापन में प्रशासन से माँग की गई कि सभी अवैध डेयरियों के खिलाफ तुरंत IPC की धाराएँ 268, 269, 270, 188, 506, साथ ही पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986, जल प्रदूषण अधिनियम 1974, वायु प्रदूषण अधिनियम 1981 और नगर पालिका अधिनियम की धाराओं में कार्रवाई करते हुए आवश्यक होने पर बुलडोजर कार्रवाई की जाए।साथ ही नालों की सफाई, कीचड़ हटाने, दुर्गंध नियंत्रण की तत्काल व्यवस्था, पीड़ित परिवारों को सुरक्षा, डेयरियों का 10 दिनों के भीतर



हटाया जाना या कैटल कॉलोनी में स्थानांतरण और गोबर निस्तारण की वैज्ञानिक व्यवस्था लागू करने की माँग भी रखी गई।देवेन्द्र सिंह राणा ने चेतावनी दी कि यदि आज रात तक प्रशासन किसी ठोस कार्रवाई की शुरूआत नहीं करता है, तो 15 दिसम्बर 2025 से तहसील सरधना में आजाद अधिकार सेना अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करेगी। साथ ही यह मुद्दा NGT और उच्च न्यायालय में भी उठाया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।इस दौरान मास्टर अब्दुल अजीज, बुद्ध प्रकाश भगत, मोहन देव, शाहनवाज चौधरी, सुरेन्द्र कुमार, भूपेन्द्र कौशिक सहित संगठन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चरथावल विधानसभा ही नही जनपद के लिए गौरव की बात : शाहरुल त्यागी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डॉ. एम.ए.तोमर)।** विधानसभा के ग्राम सुजडू में पहुंचे एआईएमआईएम पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं चरथावल विधानसभा से प्रबल दावेदार शाहरुल त्यागी एडवोकेट ने

## राष्ट्रपति से मिलने पर काशिफ राणा को एआईएमआईएम पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष शाहरुल ने किया सम्मानित

राष्ट्रपति से मिले काशिफ राणा को संविधान की बुक देकर सम्मानित किया।शाहरुल त्यागी एडवोकेट ने कहा कि राष्ट्रपति देश का प्रथम नागरिक है और उनसे मिलने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है।चरथावल विधानसभा के सुजडू में काशिफ राणा को अवसर मिला जो पूरे जनपद के लिए फख्र की बात है। राष्ट्रपति द्रोपदी



मुर्मू ने भी स्कूल के बच्चों से गर्मजोशी से मुलाकात की है। उनके भी हम आभारी रहेंगे।और कहा कि हमने संविधान देकर सम्मानित किया है ताकि संविधान को पढ़कर तथा समझकर देश के अधिकारों के लिए बड़ा होकर काशिफ लड़ सके। एआईएमआईएम पश्चिम प्रदेश सचिव हाजी दीन मोहम्मद ने कहा कि संविधान देकर हमने इसलिए सम्मानित किया क्योंकि हमारे नेता असदुद्दीन ओवैसी संविधान के आधार पर ही बोलते है ताकि काशिफ भी बड़ा होकर संविधान के दायरे में लोगो की आवाज बन सके।इस दौरान काशिफ तलत,चौधरी जफरयाब मौजूद रहे।

# निर्वाचक नामावली के विशेष पुनरीक्षण में तेजी लाने के लिए नगर पालिका चेयरमैन एवं सभासदो के साथ जिलाधिकारी के साथ की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डॉ. एम.ए.तोमर)।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR) को गति देने के लिए नगरपालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप,सभासदों और एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार के साथ विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित की।

जिलाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण चल रहा है।इसके अंतर्गत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना प्रपत्र ( क्क्र फॉर्म) भरवा रहे हैं।

उन्होंने सभासदों से अपील की कि वे अपने-अपने वार्डों में बीएलओ से समन्वय बनाकर





फॉर्म भरवाने में पूरा सहयोग करें ताकि मतदाता सूची सही, त्रुटिरहित, स्वच्छ और पारदर्शी तरीके से तैयार हो सके।

बैठक में नगर पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार, नगर पिलिका सभासद तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सुभारती विश्वविद्यालय में शोध, नवाचार, वस्त्र-डिजाइन और सामाजिक संवेदनशीलता पर आधारित विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा अन्वेषण 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं एवं प्रतिभागियों के सम्मान में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में नॉर्थ जोन फाइनल्स में ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित करने वाली टीमों को सम्मानित किया गया। अन्वेषण 2025 का आयोजन गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर (उत्तराखंड) में हुआ, जहाँ देशभर के 250 से अधिक विश्वविद्यालयों और लगभग 1800 छात्रों ने भाग लिया। इन प्रतिभागियों में से 375 छात्रों ने कृषि विज्ञान, बेसिक साइंस, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य विज्ञान, इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च तथा सामाजिक विज्ञान/ मानविकी/ प्रबंधन/ वाणिज्य/ कानून की छह प्रमुख श्रेणियों में अपनी शोध प्रस्तुतियाँ दीं। इस प्रतिस्पर्धी माहौल में सुभारती विश्वविद्यालय की टीम बाइटबर्स्ट ने अपने अभिनव प्रोजेक्ट ह्यस्पार्क खोज के दम पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। टीम के सदस्य हिमांशु राज, खुशी रानी, मंतेश कुमार और अंकित कुमार ने अपने मेंटर डॉ. अमित किशोर के निर्देशन में उत्कृष्ट प्रस्तुति दी, जिसने निर्णायकों को अत्यधिक प्रभावित किया।

सम्मान समारोह में डॉ. श्रवण कुमार गर्ग, डॉ. मनोज कपिल, डॉ. मुकेश रुहेला, डॉ. अरुणा बंसल तथा इंजीनियरिंग कॉलेज के कई संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. आशिमा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विजेताओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए तथा सभी प्रतिभागियों को उनके शोध कौशल, मेहनत और नवाचार भावना के लिए सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन एवं कुलपति प्रो. (डॉ.) पी. के. शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया कि टीम बाइटबर्स्ट की यह सफलता सुभारती के नवाचार-उन्मुख वातावरण और शोध-आधारित शिक्षा का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इसी श्रृंखला में, स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के नन्दलाल बोस सुभारती कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन के फैशन एवं टेक्सटाइल डिजाइन विभाग तथा उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ द्वारा सत्यजीत रे सभागार में वस्त्रों की समझ : सृजनात्मकता और डिजाइन विषय पर अतिथि व्याख्यान एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उभरते डिजाइनरों को प्रेरित करना, मार्गदर्शन देना तथा फैशन एवं डिजाइन उद्योग में वस्त्र ज्ञान और रचनात्मक नवाचार के गतिशील संबंध को समझाना था। कार्यक्रम ने प्रतिभागियों की वस्त्र संरचनाओं, रेशा व्यवहार तथा डिजाइन अनुप्रयोगों की समझ को गहरा किया और उन्हें नये विचारों एवं रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। सत्र में बताया गया कि किसी भी डिजाइनर के लिए वस्त्रों की सुदृढ़ बुनियादी जानकारी अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि कपड़े का चयन किसी भी उत्पाद के उपयोग, सौंदर्य तथा स्थायित्व को सीधे प्रभावित करता है। विशेषज्ञों ने समझाया कि रेशा गुण, सूत की संरचना, बुनाई एवं बुनत के प्रकार तथा सतही अलंकरण तकनीकें वस्त्रों की गुणवत्ता एवं पहचान निर्धारित करती हैं। कुलपति प्रो. (डॉ.) पी.के. शर्मा तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज ने वक्ता के नवाचारों एवं वस्त्र क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रो. (डॉ.) पिंटू मिश्रा, डॉ. नेहा सिंह, सुश्री श्रद्धा यादव एवं डॉ. सुरभि दास द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता श्री अक्षय ठोलिया (निदेशक, सर्व इंटरनेशनल) ने पारंपरिक एवं आधुनिक डिजाइन तत्वों, पर्यावरणझअनुकूल रंगाई विधियों तथा अपारंपरिक रेशों पर महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। कार्यक्रम का समापन प्रश्नझउत्तर सत्र के साथ हुआ। इस कार्यक्रम का सफल समन्वयन डॉ. अर्पणा कंबोज, सुश्री अनीशा आनंद, सुश्री देवसुनी तथा सुश्री अभिलाषा द्वारा किया गया, जिसने विश्वविद्यालय की प्रतिभा संवर्धन एवं स्टार्टअप संस्कृति को सुदृढ़ करने की दृष्टि को और सशक्त किया।




इसी क्रम में, सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस एवं राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सुभारती लॉ कॉलेज के निदेशक श्री राजेश चन्द्रा (पूर्व न्यायमूर्ति, इलाहाबाद उच्च न्यायालय) के निर्देश तथा संकायाध्यक्षा प्रो. (डॉ.) रीना बिश्नोई के संरक्षण में आयोजित हुए। इस अवसर पर सहायक प्रोफेसर डॉ. आफरीन अलमास द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 तथा संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के महत्वपूर्ण प्रावधानों पर प्रकाश डाला गया। निदेशक पूर्व न्यायमूर्ति राजेश चन्द्रा और संकायाध्यक्षा प्रो. रीना बिश्नोई ने परिसर को दिव्यांगजनों के लिए सुगम बनाने हेतु महाविद्यालय द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस पर विद्यार्थियों को इस दिवस के महत्व से अवगत कराया गया। निदेशक राजेश चन्द्रा ने अधिवक्ताओं के आवश्यक गुणों विनम्रता, ईमानदारी, ज्ञान और न्याय की खोज पर प्रकाश डाला। बी.ए.एल.एल.बी. प्रथम वर्ष की छात्राएँ सानिया अंसारी और साधिका बंसल ने अपने अधिवक्ता बनने के संकल्प साझा किए। लॉ कॉलेज की पूर्व छात्रा एडवोकेट इफरा सिद्दीकी ने अपने अनुभव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में डॉ. सारिका त्यागी, डॉ. प्रेमचन्द्र, सोनल जैन, अरशद आलम, शालिनी गोयल, आशुतोष देशवाल, अनुराग, मुस्कान श्रीवास्तव सहित अनेक छात्रझछात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# महावीर यूनिवर्सिटी के पास युवक का शव मिलने से सनसनी,पुलिस जांच में जुटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** मेरठ-करनाल हाईवे पर महावीर यूनिवर्सिटी के नजदीक गुरुवार शाम एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम ने घटनास्थल को सील कर जांच शुरू की।मृतक की पहचान विपिन बालियान, पुत्र सुरेंद्र सिंह, निवासी गांव काकड़ा, थाना शाहपुर, जिला मुजफ्फरनगर के रूप में हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विपिन मंगलवार सुबह घर से दौड़ लगाने के लिए निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, मगर उसका कोई सुराग नहीं मिला।गुरुवार शाम राहगीरों ने हाईवे



किनारे एक युवक को पड़ा देखा।नजदीक जाने पर युवक मृत अवस्था में मिला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।पुलिस के अनुसार, मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और हादसा या हत्या, दोनों कोणों से जांच की जा रही है।बताया गया कि विपिन कुछ समय से अपने मामा दीपक पुत्र सतवीर, निवासी गांव दबथुवा, के यहां रह रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में मातम छा गया।पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है तथा कॉल डिटेल की भी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों पर स्पष्टता आ सकेगी।

# सरधना में गोबर की समस्या पर पालिका की तुरंत कार्रवाई, सफाई अभियान चलाकर लोगों को मिली राहत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** नई बस्ती में लंबे समय से जमा हो रहे गोबर और गंदगी को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ रही थी।बदबू और बीमारी की आशंका के कारण हालात बिगड़ते जा रहे थे। इसकी जानकारी मिलते ही नगर पालिका प्रशासन तुरंत सक्रिय हो गया। चेयरपर्सन प्रतिनिधि शाहवेज अंसारी खुद मौके पर पहुँचे और स्थिति देखकर तुरंत सफाई अभियान शुरू कराया। पालिका की टीम ने करीब दो घंटे लगातार सफाई की और बड़ी मात्रा में जमा गोबर को हटाया गया। इससे लोगों को तुरंत राहत मिली।



सफाई कार्य में पालिका कर्मचारियों मुनेश कुमार, ब्रजपाल, सोहनवर सहित पूरी टीम ने तेजी से काम किया। स्थानीय लोगों ने पालिका की इस त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा की।अधिशासी अधिकारी (ईओ) दीपिका शुक्ला ने चेतावनी देते हुए कहा कि आगे से गोबर खुले में फेंकने पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि स्वच्छता को लेकर लगातार निगरानी रखी जाएगी।वहीं चेयरपर्सन प्रतिनिधि शाहवेज अंसारी ने कहा कि सफाई और जनता की सुविधा पालिका की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि नई बस्ती में गोबर की बार-बार होने वाली समस्या को खत्म करने के लिए स्थायी प्लान भी तैयार किया जा रहा है। इसके तहत नियमित उठान, सुरक्षित संग्रह और वैज्ञानिक निस्तारण की व्यवस्था की जाएगी।स्थानीय निवासियों ने कहा कि लंबे समय बाद पहली बार उनकी समस्या को तुरंत सुनकर उसी दिन समाधान किया गया। पालिका की इस कार्रवाई से लोगों में भरोसा बढ़ा है।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर ट्रैफिक पुलिस ने मूकबधिर चालकों हेतु जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डॉ. एम.ए.तोमर)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे के पर्यवेक्षण में विश्व दिव्यांग दिवस पर मूक बधिरों चालको के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम



आयोजित यातायात किया गया। कार्यक्रम में यातायात प्रभारी राकेश कुमार एवं उनकी टीम के द्वारा उपस्थित सभी मूकबधिर चालकों को ट्रैफिक नियमों,सड़क सुरक्षा मानकों,संकेतों की समझ, दुर्घटना से बचाव के उपायों एवं सुरक्षित वाहन संचालन के महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम के दौरान यातायात पुलिस द्वारा उनके वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए जिससे रात्रि के समय वाहनों की दृश्यता बढ़ेगी और सड़क दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आएगी।इसके साथ ही यातायात प्रभारी द्वारा सभी चालकों को नियमित रूप से वाहन के दस्तावेज साथ रखने, हेलमेट/सीट बेल्ट के उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचने और सड़क पर विशेष सावधानी बरतने के प्रति जागरूक किया गया।

आयोजन — डॉ. रणवीर सिंह ने बताया कि यह मंच छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों को जानने और शिक्षकों व उद्योग विशेषज्ञों से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है

# होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज जडौदा में आयोजित एजुकेशन एंड कैरियर फेयर में छात्रों ने पाया भविष्य का मार्गदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डॉ.एम.ए.तोमर)।** होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज जडौदा में गुरुवार को एजुकेशन एंड कैरियर फेयर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक श्रीचन्द्र शर्मा, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. जयनन्द (शोभित यूनिवर्सिटी), डॉ. समी सक्सेना (मैनेजर एडमिशन,सुभारती यूनिवर्सिटी), समाजसेविका ममता अग्रवाल,कैरियर काउंसलर ज्योति लुथरा, डॉ. अजय वर्मा, विनित नारायण, विपिन,डॉ. रणवीर सिंह,डॉ. राजीव कुमार,विजय पाल, मास्टर विजय सिंह, आर्यन राज कौशिक तथा प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में 15 प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों एवं कैरियर काउंसलर ने भाग लिया। मेले का उद्देश्य कक्षा-12 के छात्रों को उच्च शिक्षा और कैरियर विकल्पों के प्रति जागरूक करना तथा भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सही मार्गदर्शन प्रदान करना था।करीब 350 विद्यार्थियों ने मेले में प्रतिभाग कर विशेषज्ञों से करियर संबंधी सलाह प्राप्त की।डॉ. जयनन्द ने कहा कि इस तरह के मेले छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को शिक्षा व करियर से जुड़ी जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराते हैं जिससे विद्यार्थी अपने भविष्य को बेहतर दिशा दे सकते हैं। विधायक श्रीचन्द्र शर्मा ने कहा कि यह मेला विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के अवसरों को समझने का एक सुनहरा मौका है।डॉ. रणवीर सिंह ने बताया कि यह मंच छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों को जानने और शिक्षकों व उद्योग विशेषज्ञों से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है। डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को सही निर्णय लेने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल उपलब्ध करवाते हैं।ग्रामीण क्षेत्र में पहली बार इस तरह का कैरियर एजुकेशन फेयर होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ जिसकी सभी ने सराहना की।कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य अनिल शास्त्री,संजय राणा,विनोद कुमार,निर्वेश प्रजापति,मोहित सिंघल,अनंग सिंघल,रचना सिंह और अंकित चौधरी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कार्यक्रम की प्रशंसा की।






## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MOHD AFJAAL से बदलकर MOHAMMAD AFJAL रख लिया है। मेरी पुत्री के हाई स्कूल प्रमाण पत्र में मेरा पुराना नाम MOHD AFJAAL ही दर्ज है। मेरी पुत्री के पासपोर्ट में मेरा नया नाम MOHAMMAD AFJAL दर्ज किया जाए और मुझे भविष्य में MOHAMMAD AFJAL के नाम से ही जाना पहचाना जाए।

**MOHAMMAD AFJAL S/O TAHIR HASAN R/O 479 JASWANT PURI MUZAFFRNAGAR (U.P.)**

## सूचना

मेरी सम्पत्ति की रजिस्ट्री की चैन के सम्बंधित दस्तावेज के पूर्व के दो मूल बैनामे जिनकी रजिस्ट्री दिनांक 06-08-2008 बही संख्या/जिल्द संख्या 2898 पेज संख्या 233/258 क्रम संख्या 6686 व दिनांक 18-05-2009 बही संख्या/जिल्द संख्या 3217 पेज संख्या 355/370 क्रम संख्या 4745 है जो कि रजिस्ट्रार तहसील सदर मुजफ्फरनगर में दर्ज है।उपरोक्त मूल दस्तावेज वस्तुतः कहीं खो गए हैं। यदि किसी व्यक्ति को ये दस्तावेज/कागजात/मूल रजिस्ट्री कहीं मिलते हैं तो कृपया उन्हें नीचे लिखे पते पर पहुँचाने का कष्ट करें।विशाल त्यागी एडवोकेट A-39 जिला कोर्ट मुजफ्फरनगर।

शाहिद पुत्र वाजिद
न्याजुपुरा, रामलीला टिल्ला थाना कोतवाली नगर मुजफ्फरनगर

# थाना छपार पुलिस ने मुठभेड़ में ट्यूबवेल-ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले गैंग के अपराधियों को घायल कर तीन शातिर किए गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डॉ.एम.ए.तोमर)।** थाना छपार पुलिस ने ट्यूबवेल व ट्रांसफार्मर से उपकरण चोरी करने वाले गैंग के तीन शातिर अपराधियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है जिनमें दो बदमाश पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल हो गए।गैंग द्वारा क्षेत्र में की गई चोरी की 5 घटनाओं का सफल अनावरण किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस टीम रात में चेकिंग कर रही थी तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक गैंग तेजलहेड़ाझखिन्दड़िया मार्ग पर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी जिस पर पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की और दो बदमाश घायल हालत में दबोच लिए।कुछ देर बाद छिपे हुए तीसरे आरोपी को भी कंबिंग कर गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 80 किलोग्राम तांबे की कॉयल,150 किलोग्राम लोहे की पत्ती,40 किलोग्राम एलटी तार,स्टार्टर, 8,000 रुपये नकद,अवैध तमंचे, कारतूस और चोरी के उपकरण बरामद किए गए।पूछताछ में आरोपियों ने छपार व आसपास के क्षेत्रों में







15-20 चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया है।गिरफ्तार/घायल अभियुक्त नूरशाह उर्फ रिहान पुत्र फकीरा, निवासी ग्राम जेवरी थाना कंकरखेड़ा, मेरठ (घायल),गुलफाम पुत्र फकीरा, निवासी ग्राम जेवरी, मेरठ (घायल),चांद मोहम्मद पुत्र ताज, निवासी ग्राम जेवरी, मेरठ (गिरफ्तार) है।पुलिस जांच में तीनों आरोपियों का विस्तृत आपराधिक इतिहास सामने आया है जिन पर ट्रांसफार्मर चोरी, विद्युत अधिनियम व अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राहुल वर्मा, उपनिरीक्षक दीपक कुमार उपनिरीक्षक अक्षय खारी,हैड कांस्टेबल शैलेन्द्र भाटी, कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार, कांस्टेबल सोनवीर,कांस्टेबल अंकित शामिल रहे।

# युवती के अपरहण का आरोप, कार्रवाई न होने पर परिजनों ने किया हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** युवती के पिता ने बेटी का अपहरण और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। पुलिस ने सुनवाई नहीं की तो परिजनों ने थाने पर पहुंचकर हंगामा किया, जिसके बाद पुलिस ने युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना कांठ क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की सुबह युवती रोज की तरह गोबर डालने के लिए सड़क पर गई थी। आरोप है कि इसी बीच गांव का एक शादीशुदा युवक अपने साथियों के साथ आया और युवती को कार में बैठाकर अपने साथ मौढ़ी हजरतपुर ले गए। युवती की चीखपुकार सुनकर उसके दादा और अन्य ग्रामीणों ने शोर मचाया। युवती के परिजन जब आरोपी और उसके साथी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने पहुंचे तो पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। गुस्साए परिजनों ने थाने में जमकर हंगामा किया।

# राजकीय जिला "पुस्तकालयों में लगेंगी सेनेटरी पैड वेंडिंग" मशीन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** राजकीय जिला पुस्तकालयों में महिला पाठकों को बेहतर सुविधाएं देने व हाइजीन के लिए पहले चरण में दस राजकीय जिला पुस्तकालयों में सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन व इनसीनेरेटर की स्थापना की जाएगी।

इसके लिए आवश्यक बजट स्वीकृत करते हुए शासन ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत बाराबंकी, बहराइच, अंबेडकरनगर, गोंडा, मैनपुरी, चित्रकूट, देवरिया, प्रतापगढ़, बलिया व उन्नाव में पहले चरण में इनकी स्थापना करने का निर्णय लिया गया है।

इनके लिए प्रति पुस्तकालय 25 हजार रुपये की राशि तय की गई है। इसके लिए आवश्यक खरीद जेम पोर्टल से की जाएगी ताकि यहां आने वाली महिलाएं व बालिकाएं इसका प्रयोग कर सकें। माध्यमिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव उमेश चंद्र के मुताबिक खर्च का वहन पुस्तकालय के सालाना बजट में शामिल किया जा सकता है।

# ऑनलाइन "भुगतान में मुरादाबाद प्रथम "

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** साल 2025 के आखिरी महीने के पहले सप्ताह ने ग्रामीण विकास विभाग की झोली में एक और उपलब्धि डाल दी। मुरादाबाद ग्राम पंचायतों में भुगतान की गेटवे तकनीक से लैस होने में सफलता हासिल कर ली है।

प्रदेश के तीन मंडलों के मात्र तीन जिलों ने यह रिकार्ड हासिल किया है, उसमें मुरादाबाद अव्वल है।पंचायत राज विभाग की ओर से यह विवरण जारी किया गया है। मुरादाबाद, मेरठ और सहारनपुर मंडल के एक-एक जिलों में यह लक्ष्य पूरा हुआ है। तीन जिलों में सबसे अधिक 643 ग्राम पंचायत वाले मुरादाबाद के सभी गांवों में ऑनलाइन भुगतान शुरू हो गया है। सहारनपुर मंडल के शामली जनपद में 230 गांव हैं, जबकि मेरठ के गाजियाबाद जिले की 142 ग्राम सभाओं में सचिवालय स्तर पर गेटवे भुगतान प्रणाली शत प्रतिशत लागू हो गई है।

# कुर्सी दौड़ में "आलीशान" साइकिल में "शबाना" ने मारी बाजी: अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तीकरण दिवस पर "जनपद स्तरीय प्रतियोगिता"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तीकरण दिवस पर सोनकपुर स्टेडियम में आयोजित जनपद स्तरीय सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए मेडल जीते' बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता की शुरूआत मुख्य अतिथि एडी बेसिक बुद्धप्रिय सिंह एवं विशिष्ट अतिथि राकेश चंद्र मौर्य ने दीप जलाकर किया। दिव्यांग बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ प्रतियोगिता का आगाज किया। बच्चों ने आकर्षक मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। खेल प्रतियोगिता में दिव्यांग खिलाड़ियों ने 50, 100 और 200 मीटर की दौड़, नींबू चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़



सहित विभिन्न खेल स्पधाओं में हिस्सा लिया और प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मेडल जीता।मुख्य अतिथि डॉ. अजय पाठक और बीएसए विमलेश कुमार ने विजेताओं को प्रशस्तिपत्र, मेडल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा डॉ. तारा सिंह ने इस वर्ष नामांकित बच्चों को प्रदान की जा रही सुविधाओं और सहयोग पर विस्तार से जानकारी दी। संचालन राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त प्रधानाचार्य डॉ. हरनंदन प्रसाद ने किया। इस मौके पर जिला समन्वयक हर्षवर्धन कपिल, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षा संघ के जिला अध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा, छजलैट ब्लॉक के अध्यक्ष डॉक्टर कपिल सिरोही, राजकुमार सिंह, गंगासरन, रमेश चंद्र, कुलदीप सिंह, ज्ञान सिंह, रत्नेश बाला आदि मौजूद रहे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा 15 दिसंबर तक होने की उम्मीद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** भारतीय जनता पार्टी 16 दिसंबर से शुरू हो रहे खरमास से पहले उत्तर प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा कर सकती है। इस संदर्भ में संसद भवन में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन महासचिव बीएल संतोष के साथ अहम बैठक हुई।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार और बीएल संतोष ने लखनऊ में प्रदेश के नेताओं के साथ समन्वय बैठक के साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ अलग से बैठक की थी। पार्टी सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए राज्य संगठन के चुनाव करीब-करीब संपन्न हो चुके हैं। वर्तमान में सिर्फ उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा नहीं हो पाई है। दोनों ही राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष पर नामों पर सहमति बन गई है। इसी हफ्ते प्रदेश अध्यक्षों के नाम की घोषणा के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के कार्यक्रम घोषित किए जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह कांठ तहसील के निवासी हैं।

# असमोली में डिप्टी कलेक्टर ने बिलाल पाठ गांव में एसआईआर कार्यों की प्रगति को लेकर किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास)।** जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन में डिप्टी कलक्टर नीतू रानी द्वारा विकासखंड असमोली के ग्राम बिलालपत के प्राथमिक विद्यालय में एसआईआर कार्यों की प्रगति को लेकर निरीक्षण किया तथा ग्राम कुल के साथ एसआईआर कार्यों के संबंध में बैठक भी की तथा गणना प्रपत्रों के शीघ्र संग्रह कराने में सहयोग की अपील की गयी। डिप्टी कलक्टर नीतू रानी ने बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि गणना प्रपत्रों के संग्रह के कार्य को शीघ्र करना सुनिश्चित करें तथा कार्य को लम्बित न रखें एवं डिजिटलाइजेशन के कार्य को शीघ्र ही शत प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर श्यामा कुमार, एवं संबंधित बीएलओ एवं ग्राम प्रधान सहित विद्यालय के प्रधानाध्यापक आदि उपस्थित रहे।



# विजय हिंदुस्तानी ने जंजीरों से बंधकर बीच सड़क पानी में बैठकर किया सड़क बदहाली पर किया अनोखा विरोध प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डॉ. एम.ए.तोमर)।** सरकुलर रोड अलमासपुर की ओर जाने वाले परिक्रमा मार्ग पर श्री राम कॉलेज के सामने सड़क की बदहाली को लेकर अनोखा विरोध प्रदर्शन करते हुए गहरे पानी में उतरकर विजय हिंदुस्तानी ने अपने हाथ-पैर जंजीरों से बांधकर जल समाधि ले ली।यह विरोध प्रदर्शन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के सख्त निर्देशो के बावजूद किया गया।नगर का परिक्रमा मार्ग पिछले दो साल से नाले के पानी से तालाब में तब्दील हो चुका है।इस मार्ग पर कई स्कूल,कॉलेज,कोचिंग सेंटर और पॉश कॉलोनियां स्थित हैं। रोजाना हजारों वाहन चालक और पैदल यात्री कीचड़ भरे पानी से गुजरने को मजबूर हैं, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।स्थानीय निवासियों ने इस समस्या को लेकर दर्जनों बार शिकायतें कीं,धरना-प्रदर्शन किए और सोशल मीडिया पर



वीडियो भी वायरल किए।लेकिन जिला प्रशासन और नगर पालिका ने इन शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया। गुरुवार सुबह विजय हिंदुस्तानी ने अपने हाथ-पैर लोहे की जंजीरों से बांध कंधे पर तिरंगा लहराते हुए परिक्रमा मार्ग पर बने गहरे पानी के तालाब में उतर गए और जल समाधि ले ली।पानी उनकी कमर से ऊपर था और वे वहीं बैठकर धरना देने लगे।विजय हिंदुस्तानी ने कहा कि मैं दो साल से इस सड़क को बनवाने की गुहार लगा रहा हूं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई मैं तब तक इसी पानी में बैठा रहूंगा जब तक जिलाधिकारी या कोई जिम्मेदार अधिकारी सड़क जल्द बनाने का लिखित आश्वासन नहीं देगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इसमें उनकी जान भी चली जाए तो कोई गम नहीं कम से कम प्रशासन जागेगा।सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और विजय को समझाने की कोशिश करते हुए युवक को पानी से बाहर निकालने का भी प्रयास किया लेकिन युवक नहीं माना। युवक ने चेतावनी दी कि अगर उन्हें जबरदस्ती निकाला गया तो वे अपनी जान दे देंगे। देखते ही देखते सैकड़ों छात्र और स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

आसपास के लोगों ने कहा कि बच्चों को स्कूल छोड़ने में रोज परेशानी होती है और ऑटो-रिक्शा वाले भी इस रास्ते पर आने से मना कर देते हैं।मौके पर पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने पानी मे उतरकर युवक को समझा बुझाकर पानी से बाहर निकाला और जल्द ही सड़क निर्माण का आश्वासन दिया।

# अधिकारी "हर सोमवार को बताएंगे कहा किया निरीक्षण" क्या मिलीं खामियां: केजीबीवी की निरीक्षण रिपोर्ट तैयार करने के लिए "फॉर्मेट जारी"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश के 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) के निरीक्षण में अब जिला स्तरीय अधिकारी हीलाहवाली नहीं कर सकेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग ने एक फॉर्मेट जारी किया है। इसमें अधिकारियों को अपने हफ्ते भर की रिपोर्ट देनी होगी। इसमें वे बताएंगे कि उन्होंने कहा का निरीक्षण किया, क्या कमियां या अच्छी चीजें मिलीं, इसमें सुधार के लिए उन्होंने क्या किया पिछले दिनों राजधानी की केजीबीवी की छात्राओं की शिकायत के बाद प्रदेशभर में केजीबीवी की व्यवस्थाओं में सुधार की कवायद की जा रही है। बावजूद इसके पिछले दिनों समीक्षा बैठक में इसमें लापरवाही मिली थी। इस पर विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है।

समग्र शिक्षा के उप निदेशक डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि अधिकारियों के स्थलीय निरीक्षण से हमें व्यवस्थाएं सुधारने में काफी सहयोग मिलेगा। इसमें यह पता चलेगा कि वार्डेन के बाहर जाने की स्थिति में दो पूर्णकालिक शिक्षिकाएं विद्यालय में हैं या नहीं। विद्यालयों के गार्ड, चौकीदार, चपरासी समय पर आ रहे हैं या नहीं गेट पर इंट्री रजिस्टर मेंटेन हो रहा है या नहीं विद्यालयों के सीसीटीवी चल रहे हैं या नहीं, उनमें कोई संदिग्ध गतिविधि तो नहीं मिली है। विभाग द्वारा बाकायदा एक फार्मेट जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि अधिकारी अपनी हफ्ते भर की निरीक्षण रिपोर्ट देंगे। इसी तरह डीएम की ओर से गठित तीन सदस्यीय समिति के लिए भी एक फॉर्मेट जारी किया गया है। इसमें अधिकारियों को अपनी रिपोर्ट डीएम को देनी होगी।

उन्हें यह बताना होगा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप उन्होंने निरीक्षण किया या नहीं।

न करने का कारण, केजीबीवी की दीवारों पर बाल अधिकार, पाक्सो एक्ट की धारा, हेल्पलाइन नंबर लिखे हैं या नहीं? बालिकाओं को इनके बारे में जानकारी है या नहीं? मीना मंच की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए कि नहीं? क्या सेफ्टी टूल प्रयोग किए जा रहे हैं। इसके साथ ही वे यह भी बताएंगे कि इन विद्यालयों में विभागीय योजनाओं की क्या स्थिति है।

# मुरादाबाद के "मोहित पाल ने जीता गोल्ड"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद के युवा निशानेबाज मोहित पाल ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है।



जयपुर में 24 नवंबर से दो दिसंबर तक हुए मुकाबले में उन्होंने 50 मीटर शूटिंग इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया।मोहित की शूटिंग यात्रा 2014 में शुरू हुई थी।लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की ओर से खेलते हुए उन्होंने अपनी सटीक निशानेबाजी और मानसिक मजबूती से सभी को प्रभावित किया। मोहित की इस सफलता से उनके परिवार, कोच और शहर में खुशी की लहर है। रेलवे विभाग में कार्यरत उनके पिता हरि सिंह पाल बेटे की उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

# "रेलवे क्रॉसिंग पर जाम लगने से हजारों लोग" परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर में कांठ अमरोहा मार्ग पर रेलवे फाटक बार बार बंद होने के कारण मुरादाबाद हरिद्वार मार्ग पर भीषण जाम लग गया। जाम के कारण मार्ग के दोनों और लगभग 1 किलोमीटर लंबी वाहनों की कतार लग गईं। फाटक खुलने के बाद भी लंबे समय तक जाम की स्थिति बनी रही। कांठ अमरोहा मार्ग रेलवे फाटक 433-इ, पर छोटे बड़े वाहनों का आवागवन ज्यादा हो रहा है। फाटक बार-बार बंद होने से कई किलोमीटर तक लंबा जाम लग जाता है। अधिक जाम लगने के कारण राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जाम की वजह से एंबुलेंस एवं अन्य वाहनों को भी रास्ता नहीं मिल पाता है। लंबे अरसे से इस समस्या का कोई भी समाधान नहीं होने के कारण लोगों में प्रशासन व रेलवे विभाग के खिलाफ रोष व्याप्त है। कई सामाजिक संगठनों ने रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनवाने की मांग समय-समय पर उठाई, लेकिन अभी तक कोई भी सकारात्मक कार्यवाई नहीं हुई है। आसपास के करीब 35 गांव के ग्रामीणों को कांठ तहसील आना-जाना होता है। बरसों से ग्रामीण फाटक पर भीषण जाम का घूंट पी रहे हैं। इस फाटक पर सबसे ज्यादा आवाजाही होती है, लेकिन फाटक



थोड़े समय ही खुलता है। मुख्य रेल मार्ग होने से दिन भर में रेलवे लाइन से करीब 100 से ज्यादा ट्रेनें गुजरती हैं। यदा कदा 2 से 3 10 लगातार गुजरने पर तो जान की स्थिति अत्यंत भयावह हो जाती है। रेल यातायात ज्यादा होने के कारण फाटक अधिकतर समय बंद ही रहता है। इस कारण राहगीरों को घंटो तक फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता है। कुछ लोग जल्दबाजी के कारण गलत तरीके से फाटक पार करने की कोशिश करते हैं। जिसकी वजह से राहगीर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। रेलवे फाटक पर प्रतिदिन जाम लगा अब आम बात हो गई है।

खुलासा

## मृतक के पिता ने बीमे की रकम हड़पने के लिये साथियों से कराई बेटे की हत्या

# कुन्दरकी पुलिस ने अनीकेत की हत्या का किया खुलासा,हत्या करने के मामले में चार को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** पुलिस ने अनिकेत शर्मा की हत्या कांड की गुत्थी सुलझाते हुते चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। और आरोपीयो से आला कत्ल और मृतक अनिकेत शर्मा के मोबाइल फोन भी

### पुलिस ने आला कत्ल व मृतक का मोबाईल फोन बरामद किया

बरामद कर लिये है। कुन्दरकी थाने में बीती चौबीस नवंबर को नवनीत शर्मा पुत्र स्व० मनोहरलाल शर्मा निवासी वासुदेव कालौनी निकट ढक्का गाँव थाना मझौला जनपद मुरादाबाद ने अज्ञात द्वारा उसके के भतीजे अनीकेत की हत्या कर देने के संबंध में थाना कुन्दरकी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कुन्दरकी पर मु० अ०सं० 331/2025 धारा-103 (1) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व उक्त घटनाओं के शीघ्र अनावरण व संलिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, मुरादाबाद के नेतृत्व में तथा क्षेत्राधिकारी बिलारी के कुशल पर्यवेक्षण व मार्गदर्शन में थाना कुन्दरकी पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त अभियोगो में शीघ्र अनावरण व संलिप्त अपराधियों की जानकारी कर अभियुक्तगण बाबू राम शर्मा पुत्र मनोहरलाल शर्मा नि० दुर्गा कालोनी नगर पालिका परिषद रोड कस्बा व थाना बहजोई जनपद सम्भल, आदेश कुमार पुत्र राकेश नि० रतनपुर थाना नौगवां सादात जनपद अमरोहा, विजयपाल पुत्र साहब सिंह नि० टकी मौहल्ला नगर पालिका के पास थाना बहजोई जनपद संभल, साजिद मैवाती पुत्र नत्थू खाँ नि० रुस्तमनगर थाना शाहबाद जनपद रामपुर, असलम उर्फ सुल्तान पुत्र नन्हे खाँ निवासी नटिया खेडा धाना शाहबाद जनपद रामपुर तहब्बुर मैवाती पुत्र हामिद खां नि० नठिया खेड़ा थाना शाहबाद जनपद रामपुर के नाम प्रकाश में आये। तथा जानकारी हुई कि मृतक अनिकेत शर्मा के पिता बाबू राम शर्मा ने वकील आदेश कमार के साथ मिलकर षडयंत्र रचकर दिनाक 02.01.2024 को एचडीएफसी बैंक बहजोई में मृत्तक अनिकेत के नाम से एक खाता खुलवाया गया तथा मृतक अनिकेत शर्मा का मोबाईल न० 8650613060 लिंक कराया था। खाते खुलवाने के बाद उपरोक्त मो0न0 8650613060 व खाते के एटीएम कार्ड को



वकील आदेश कुमार ने अपने पास रख लिये थे। खाता खुलवाने के कुछ दिन बाद वकील आदेश कुमार ने मृतक अनिकेत शर्मा व उसके पिता बाबूराम शर्मा को बुलाकर मृतक अनिकेत शर्मा के नाम टाटा कम्पनी में एक बीमा पालिसी कराई थी।

बीमा पालिसी में साधारण मृत्यु पर 01 करोड पाँच लाख व दुर्घटना मृत्यु पर 02 करोड दस लाख रुपये की क्लेम राशि थी। बीमा कराने के कुछ दिन बाद बाबूराम शर्मा अपने पुराने मुकदमे में उत्तराखण्ड जेल में चला गया। इस दौरान वकील आदेश कुमार शर्मा द्वारा ही मृतक अनिकेत शर्मा के मोबईल न० का प्रयोग कर अपने मोबाईल में यूपीआई प्रयोग कर बीमे की किस्ते जमा की गयी थी। जब बाबूराम शर्मा जेल से छूट कर वापस आया तो बाबूराम शर्मा की आर्थिक स्थिती सही नही थी। तथा अनिकेत शर्मा शराब पीने का आदि था इसी बाद को फायदा उठाकर वकील आदेश कुमार ने बाबूराम शर्मा से ये बात छिपाते हुए कि अनिकेत की सामान्य मृत्यु पर 01 करोड 05 लाख रुपये व दुर्घटना मृत्यु पर 02 करोड़ 10 लाख रुपये क्लेम मिलेगा बाबुराम शर्मा को सिर्फ 25 लाख रुपये की धनराशि का लालच देकर बाबूराम शर्मा से अनिकेत की हत्या कराने की बात कही। और कहा कि तुम्हारा बेटा शराब पीने का आदि है और शराब पीकर उल्टे सीधे काम करता है वो किसी दिन तुमको फसा देगा।

बाबूराम शर्मा 25 लाख रुपये व कही उसका बेटा उसे कही फसा न दे इस बात के लालच में आ गया।

# हाईवे पर सड़क दुर्घटना में दंपति घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** मुरादाबाद अलीगढ़ हाइवे पर थाने के पास स्थित पुलिया के सामने स्कूटी सवार को रोड क्रॉस कर रहे मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी।

गुरुवार की दोपहर लगभग एक बजे बिलारी थाना क्षेत्र के ग्राम राजा का सहसपुर निवासी अफजाल अपनी पत्नी के साथ आवाश्यक कार्य से स्कूटी से मुरादाबाद को जा रहे थे। मुरादाबाद अलीगढ़ हाइवे पर कुन्दरकी थाने के पास स्थित पुलिया के सामने तेज गति से रोड क्रॉस कर रहे मोटरसाइकिल सवार ने दंपति की स्कूटी में टक्कर मारकर भाग गया। स्कूटी सड़क पर गिर गई ।

हादसे में अफजाल और उसकी पत्नी मामूली रूप से घायल हो गए। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने दोनों घायलों को सड़क से उठाकर किनारे को बैठाया और उपचार के लिए दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भिजवाया । परिजन भी मौके पर आ गये और दोनों को साथ लेकर घर को चले गए।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# बिग बॉस के घर से बेघर होते ही अशनूर कौर ने कसा शो पर तंज? अनफेयर एविक्शन पर दिया जवाब

बिग बॉस 19 से हाल ही में बाहर हुईं अशनूर कौर ने इंस्टाग्राम लाइव के दौरान पहली बार अपने एविक्शन पर खुलकर बात की. टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस अशनूर ने अपनी भावनाएं शेयर करते हुए कहा कि फैंस उनका कितना सपोर्ट कर रहे हैं, इसे देखकर वह भावुक हो जाती हैं. लाइव में एक फैन ने पूछा कि क्या वह 7 दिसंबर को होने वाले ग्रैंड फिनाले में शामिल होंगी. इस पर उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, हां, मैं फिनाले में आऊंगी। इसी बीच एक फैन ने उनके एविक्शन को अनफेयर बताया. इस पर अशनूर ने शांत भाव से कहा, जो हुआ सो हुआ, उसको बदल नहीं सकते. शो चलता रहता है. फिनाले तक पहुंचना अच्छा लगता लेकिन यह ठीक है. यह मेरे लिए भी डिस्टर्बिंग था. उनकी इस बात ने साफ कर दिया कि अचानक हुए एविक्शन ने उन्हें अंदर से झकझोर दिया था। अशनूर ने बताया कि वह पूरे 14 हफ्ते तक फैंस से दूर थीं. बाहर आने के बाद जब उन्होंने इंस्टाग्राम लाइव किया तो उनकी आवाज में भावुकता साफ झलक रही थी. उन्होंने कहा, 14 हफ्ते आपसे दूर. मैं आपसे बात नहीं कर पाई. लेकिन आज लाइव आने का मेरा कारण आपको यह बताना है कि अभी मैं ठीक हूं. एविक्शन बहुत अचानक हुआ था लेकिन आपके प्यार ने मुझे संभाल लिया. उन्होंने कहा कि वह अब शांति में हैं और मानसिक रूप से बेहतर महसूस कर रही हैं। अशनूर ने फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, कुछ ही दिन बचे थे फिनाले में. बुरा लगा, दुख हुआ. लेकिन जो किस्मत में था वही हुआ. उन्होंने बताया कि जिस तरह फैंस ने उनके लिए प्यार और सपोर्ट दिखाया है, वह उनके लिए बहुत बड़ी बात है. उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं इतने प्यार से. मैं आपके सभी एडिट्स देखना चाहती हूं।

# तेरे इश्क में ने कमाई में गिरावट के बावजूद तोड़ा ये रिकॉर्ड,गुस्ताख दिल धड़ाम हुई

बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन और धनुष की फिल्म तेरे इश्क में 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। आनंद एल राय के निर्देशन में बनी इस फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों की साकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के 4 दिन पूरे कर चुकी इस फिल्म ने अब शानदार रिकॉर्ड बना लिया है। दूसरी तरफ, विजय वर्मा अभिनीत फिल्म गुस्ताख दिल और फिल्म 120 बहादुर सुस्त पड़ी हैं जो अब अपनी आखिरी सांसें गिन रही है।



सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, तेरे इश्क में ने पहले सोमवार यानी रिलीज के चौथे दिन 8.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। वीकेंड की कमाई देखें तो इसने 16 करोड़ से आपेनिंग लेकर दूसरे दिन 17 करोड़ और तीसरे दिन 19 करोड़ कमाए थे। तेरे इश्क में का कुल कलेक्शन 60.25 करोड़ रुपये हो गया है। दिलचस्प बात ये है कि सिर्फ 4 दिनों में इसने धनुष और सोनम कपूर की रांझणा (60.22 करोड़) का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

फातिमा सना शेख और विजय की रोमांटिक-ड्रामा फिल्म गुस्ताख दिल रिलीज के पहले दिन से बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने चौथे दिन सिर्फ 6 लाख रुपये कमाए हैं। फिल्म का कुल कलेक्शन 1.36 करोड़ रुपये तक पहुंच सका है। वहीं, फरहान अख्तर की फिल्म 120 बहादुर ने 11वें दिन 16 लाख रुपये कमाए हैं। 21 नवंबर को रिलीज इस फिल्म ने अब तक कुल 17.06 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

# भारत के बाद अब कोरिया में रिलीज होगी 'लव इन वियतनाम, अवनीत और शांतनु माहेश्वरी ने जताई खुशी

शांतनु माहेश्वरी और अवनीत कौर स्टारर 'लव इन वियतनाम चार महीने पहले अगस्त में भारत में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। अब भारत के बाद 'लव इन वियतनाम कोरिया में रिलीज होने वाली है।

राहत शाह काजमी द्वारा निर्देशित 'लव इन वियतनाम 8 दिसंबर को कोरिया में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म भारत में 12 सितंबर को रिलीज हुई थी। यह सबाहतिन अली के सबसे ज्यादा बिकने वाले उपन्यास 'मैडोना इन अ फर कोट से प्रेरित एक दिल दहला देने वाली प्रेम कहानी है। यह हिंदी सिनेमा में भारत-वियतनाम के बीच पहला सहयोग है।



'लव इन वियतनाम के कोरिया में रिलीज होने पर फिल्म की कास्ट ने खुशी जताई। अवनीत कौर ने कहा कि मुझे यह जानकर खुशी है कि कोरियाई दर्शक इस फिल्म को कितना प्यार करते हैं। हमारी फिल्म का कोरिया में रिलीज होना किसी उपहार से कम नहीं है। मैं चाहती हूं कि जब यह रिलीज हो तो मैं वहां मौजूद रहूं। हमारी कहानी को अपनी दुनिया में जगह देने के लिए उनका शुक्रिया अदा कर सकूं।

शांतनु माहेश्वरी ने इस मौके पर कहा कि कोरियाई सिनेमाघरों में फिल्म की रिलीज से बहुत खुश हूं। सबसे खुशी की बात ये है कि कोरियाई प्रशंसक फिल्म की छोटी-छोटी भावनात्मक बारीकियों पर कैसी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। वे ऐसी चीजों पर ध्यान देते हैं, जिनकी हमने भारत और वियतनाम के बाहर किसी से उम्मीद नहीं की थी। मुझे हमेशा से कोरिया की कलात्मक संस्कृति के बारे में जानने की उत्सुकता रही है। अब जब हमारी फिल्म वहां रिलीज हो रही है, तो ऐसा लगता है जैसे जीवन का चक्र पूरा हो गया हो। मैं रिलीज के दौरान वहां जाना, दर्शकों से मिलना और उनसे बात करना पसंद करूंगा।

# समंदर किनारे टू-पीस पहन रकुल प्रीत सिंह ने बरपाया कहर, हॉटनेस देख सर्दियों में आ जाएगा पसीना

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह इस समय वेकेशन मोड में हैं और उन्होंने समंदर किनारे से अपनी कुछ बेहद हॉट और बोल्ड तस्वीरें शेयर की हैं. इन फोटोज ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और उनकी फिटनेस और ग्लैमरस अंदाज को देखकर फैंस तारीफों के पुल बांध रहे है। रकुल की हॉटनेस को देखकर ऐसा लग रहा है मानो उन्होंने सर्दियों में भी पसीना ला दिया हो, रकुल प्रीत सिंह ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों में अपने टोन्ड फिगर और फैशन सेंस को बखूबी फ्लॉन्ट किया है. जिसपर फैंस दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं, एक्ट्रेस ने हर एक तस्वीरे में जबरदस्त एक्ट्रप्रेशन दिए है, जो फैंस को दीवाना बना रहा है।



शेयर की गई तस्वीरों में रकुल ब्लू-ग्रीन प्रिंटेड टाइट फिटेड टू-पीस ड्रेस में बेहद हॉट नजर आ रही हैं. इस ड्रेस का डिजाइन और कटआउट पैटर्न उनके वेकेशन लुक को परफेक्ट बीचवाइब दे रहा है।

इस लुक को उन्होंने स्टाइलिश सन ग्लासेस और कानों में लॉन्ग इयररिंग्स के साथ कंप्लीट किया है. उनके ओपन हेयर और खिली हुई मुस्कान उनकी खूबसूरती में चार-चांद लगा रहे हैं. जसके साथ बड़ा सा हैट लुक को एलिगेंट बना रहा है. तस्वीरों का बैकग्राउंड भी बेहद शानदार है, जहां नीले समुद्र का पानी और लकड़ी का डेक उनके लुक को और भी अट्रैक्टिव बना रहा है. जहां रकुल ने एक से बढ़ कर एक पोज दिए है। इसके अलावा रकुल ने अपने वेकेशन के दौरान कई और स्टाइलिश आउटफिट्स में पोज दिए हैं. उन्होंने एक दूसरी तस्वीर में ब्लू और पिंक कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी है. जिसके साथ उन्होंने बड़ी सी हैट और सन ग्लासेस लगाए हुए हैं. यह लुक भी बीच पर घूमने के लिए एकदम परफेक्ट है. रकुल एक और तस्वीर में व्हाइट प्रिंटेड शॉर्ट्स और शर्ट के को-ऑर्ड सेट में भी दिखाई दे रहीं हैं. जिसमें वो सिंपल लेकिन रॉयल दिख रहीं हैं. रकुल का यह लुक कैजुअल होने के साथ-साथ बेहद ट्रेंडी भी है।

रकुल प्रीत सिंह की ये तस्वीरें साबित करती हैं कि वह न सिर्फ एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं, बल्कि एक शानदार फैशन आइकन भी हैं, जिन्होंने अपने वेकेशन से फैंस को फिटनेस और फैशन के बड़े गोल्स दिए हैं. उनकी इन हॉट तस्वीरों पर फैंस गॉर्जियस और फायर इमोजी जैसे कमेंट्स की बारिश कर रहे हैं।

# टमाटरों को ताजा बनाए रखने के लिए अपनाएं ये तरीके, नहीं होंगे जल्दी खराब

सब्जी के साथ-साथ कई व्यंजनों की मुख्य सामग्री टमाटर है, लेकिन यह जल्दी खराब हो जाता है। अगर आप भी टमाटर खरीदने के बाद उन्हें जल्द ही खराब होने से बचाने के तरीके खोजते रहते हैं तो आज का लेख आपके लिए है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिनकी मदद से टमाटरों को लंबे समय तक ताजा रखा जा सकता है और वे जल्द खराब नहीं होंगे।



**कागज में लपेटें**

टमाटरों को लंबे समय तक ताजा बनाए रखने के लिए उन्हें कागज में लपेटकर रख सकते हैं। हालांकि, ध्यान रखें कि कागज प्लास्टिक का न हो क्योंकि प्लास्टिक सेहत के लिए नुकसानदायक होती है। इसके बजाय किसी पुराने अखबार या किसी अन्य कागज का इस्तेमाल करें। टमाटर को कागज में लपेटने से वह हवा से दूर रहते हैं और जल्दी खराब नहीं होते। इस तरह टमाटर कई दिनों तक ताजे बने रहते हैं।

**हरे टमाटर खरीदें**

अगर आप टमाटर खरीदते समय ध्यान देते हैं तो आपको पता होगा कि हरे टमाटर लंबे समय तक ताजे रहते हैं। इसलिए जब भी बाजार से टमाटर खरीदें तो थोड़े कच्चे टमाटर ही खरीदें। पके हुए टमाटर जल्दी खराब हो जाते हैं और उनकी उम्र कम होती है। हरे टमाटर में कुछ खास तत्व होते हैं जो उन्हें लंबे समय तक ताजा बनाए रखते हैं।

**सूखे और ठंडे स्थान पर रखें**

टमाटरों को हमेशा सूखे और ठंडे स्थान पर रखें ताकि उनमें नमी न हो और वे जल्दी खराब न हों। गर्म जगहों पर रखने से टमाटर सड़ जाते हैं या उनमें कीड़े लग जाते हैं। इसलिए उन्हें किसी ऐसी जगह पर रखें जहां हवा सही से चलती हो और नमी भी कम हो। इसके अलावा ध्यान रखें कि टमाटरों को धूप न लगे क्योंकि इससे उनकी गुणवत्ता प्रभावित होती है।

**पानी से धोकर रखें**

अगर आप बाजार से खरीदे हुए टमाटरों को धोकर रखते हैं तो इससे भी उनकी उम्र बढ़ जाती है और वे लंबे समय तक ताजे रहते हैं। टमाटरों को धोने से उनमें मौजूद कीटाणु खत्म हो जाते हैं और उनमें बैक्टीरिया नहीं पनपते। इसके अलावा धोने से टमाटरों की ताजगी बनी रहती है और वे जल्दी खराब नहीं होते। इसलिए अगली बार जब आप बाजार से टमाटर खरीदें तो उन्हें धोकर ही रखें।

# वजन घटाने की शुरूआत करने के लिए अपनाएं ये 5 असरदार तरीके

वजन घटाना कई लोगों के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य हो सकता है, खासकर जब बात जीवनशैली में बदलाव की आती है। अक्सर लोग तुरंत परिणाम की चाहत में गलत तरीके अपनाते हैं, जिससे उनका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ सरल और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपनी जीवनशैली में बदलाव कर सकते हैं और स्वस्थ तरीके से वजन घटा सकते हैं।



**सुबह की शुरूआत पानी से करें**

सुबह उठते ही सबसे पहले एक गिलास पानी पिएं। यह आपके शरीर को तरोताजा करता है और शरीर की ऊर्जा को बढ़ाता है। पानी पीने से आपका पेट भरा हुआ महसूस होगा, जिससे आप कम खाना खाएंगे। इसके अलावा यह पाचन को भी बेहतर बनाता है। अगर आप चाहें तो इसमें नींबू का रस मिला सकते हैं, जिससे विटामिन-सी भी मिलेगा और शरीर की सफाई होगी। इस आदत से आप दिनभर सक्रिय महसूस करेंगे।

**नाश्ते में प्रोटीन शामिल करें**

नाश्ते में प्रोटीन शामिल करना बहुत जरूरी है। यह आपको लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराता है और खाने की इच्छा को कम करता है। दही या मूंगफली का मक्खन जैसे प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ अपने नाश्ते में शामिल करें। इससे आपकी ऊर्जा स्तर भी बढ़ेगी और आप पूरे दिन सक्रिय रहेंगे। प्रोटीन युक्त नाश्ता खाने से आपकी शरीर की ऊर्जा बढ़ेगी, जिससे वजन घटाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा यह आपके स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है।

**सब्जियों का सेवन बढ़ाएं**

सब्जियां विटामिन्स, मिनरल्स और रेशे से भरपूर होती हैं, जो आपके शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं। अपनी डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियां, गाजर, टमाटर आदि शामिल करें। ये न केवल पोषण प्रदान करती हैं बल्कि वजन घटाने में भी मदद करती हैं क्योंकि इनमें कैलोरी कम होती है और रेशे ज्यादा होते हैं। सब्जियों का सेवन करने से आपका पेट जल्दी भरा हुआ महसूस होगा, जिससे आप कम खाना खाएंगे और स्वस्थ रहेंगे।

**एक्सरसाइज पर दें ध्यान**

वजन घटाने के लिए नियमित एक्सरसाइज करना बहुत जरूरी है। रोजाना कम से कम 30 मिनट तक तेज चलना या दौड़ना शुरू करें। इससे आपका दिल की धड़कन बढ़ेगी, कैलोरी बर्न होगी और शरीर की ऊर्जा बढ़ेगी। इसके अलावा आप योग या स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज भी कर सकते हैं, जो तनाव कम करने में मददगार हैं। एक्सरसाइज करने से न केवल आपका वजन नियंत्रित रहेगा बल्कि आपका मूड भी अच्छा रहेगा और आप तरोताजा महसूस करेंगे।

**नींद पूरी करें**

अच्छी नींद लेना भी वजन घटाने के लिए अहम है। जब आप अच्छी तरह सोते हैं तो आपका शरीर सही तरीके से काम करता है और शरीर के संतुलन में रहता है, जिससे भूख नियंत्रित रहती है। कोशिश करें कि आप रोजाना 7-8 घंटे की नींद लें। देर रात तक जागने से बचें ताकि आपका शरीर पूरी तरह आराम कर सके। इन सरल तरीकों को अपनाकर आप आसानी से अपनी जीवनशैली में बदलाव ला सकते हैं।

# एटा में13 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**एटा (एम. ए. खान)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के तत्वावधान में दिनांक 13.12.2025 दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इस लोक अदालत से पूर्व आज दिनांक 04 दिसम्बर 2025 को अहमद उल्लाह खाँ, पीठासीन अधिकारी, एम०ए०सी०टी०, एटा एवं कमालुद्दीन, अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के साथ नेशनल इन्श्योरेंश कम्पनी लि० के अधिकारीगण एवं बीमा कम्पनी के



अधिवक्तागण की प्री-ट्रायल बैठक विश्राम कक्ष एम०ए०सी०टी०, एटा में दोपहर 02 बजे सम्पन्न की गयी, जिसमें नेशनल इन्श्योरेंश कम्पनी लि० के अधिकारीगण एवं अधिवक्तागण को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वों को चिन्हित कर निस्तारित कराने के लिये निर्देशित किया गया।

इस बैठक में रवि कान्त सक्सैना, एस० एस० सिसौदिया, विनीत कुमार जौहरी, नीरज कुमार गुप्ता, राजीव गुप्ता, प्रमोद कुमार शुक्ला, संजीव कुमार गुप्ता, प्रशान्त कुमार, राजीव शर्मा, गिरिश चन्द्र शर्मा, विकाश वार्ष्णेय, आदि बीमा कम्पनी के अधिवक्तागण एवं अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# एसआईआर,एमएलसी व स्नातक अभियान पर चर्चा की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में एसआईआर,एमएलसी व स्नातक अभियान का लेकर कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कविता माद्रे ने कहा कि दोनों ही अभियान बहुत ही महत्वपूर्ण अभियान है,जिसके लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना है।

उन्होंने कहा कि एसआईआर की तिथि अब बढ़ चुकी है,जो कि हम सभी के लिए एक सुनहरा अवसर है, एसआईआर में जो फर्जी वोट हैं या जो डबल वोट बनी हुई है या जो वोट अस्तित्व में ही नहीं है वह सभी वोट हमें कटवानी है,एवं अधिक से





अधिक जाकर के कालेज स्कूलों में संपर्क करें ग्रेजुएट लोगों से संपर्क करें और ज्यादा से ज्यादा सभी की वोट बने इस दिशा में हमें सतत प्रयास करना है।

इस अवसर पर जिला महामंत्री पुनीत गोयल, राजीव सिरोही,मोहन सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्यामेंद्र त्यागी, राकेश त्यागी, कोषाध्यक्ष कपिल एस एम,पायल गुप्ता, पिंकी त्यागी, कविता बाना, सुमित पार्चा, प्रवीण शर्मा, विक्रांत शर्मा, आशीष चौधरी, दिनेश त्यागी, सुनील वर्मा, दीपक गौड़, तरुण चौहान, अमित सिवाल, कुणाल चौधरी, शिवम ठाकुर, पवन गर्ग, ललित मोदी, यशपाल सिंह सिसोदिया व जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संसद परिसर में वायु प्रदूषण को लेकर प्रदर्शन, सोनिया गांधी बोलीं-सरकार को कुछ करना चाहिए

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली समेत उत्तर भारत के राज्यों में वायु प्रदूषण की बिगड़ती स्थिति को लेकर गुरुवार को विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी समेत कई सांसद ऑक्सीजन मास्क लगाकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। वे एक बैनर लिए हुए थे, जिसमें प्रदूषण के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ लिखा था, मौसम का मजा लीजिए।



सांसदों ने इसे राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करने और केंद्र सरकार से प्रदूषण पर चर्चा करने की मांग की है। इस दौरान सोनिया गांधी ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि वह कुछ करे। उन्होंने कहा, छोटे बच्चे परेशान हैं, और मेरे जैसे बुजुर्गों के लिए भी यह मुश्किल हो रही है। प्रियंका गांधी ने कहा कि यह कोई राजनीतिक मामला नहीं है, सरकार को कदम उठाना चाहिए, सभी उनके साथ हैं। गुरुवार सुबह दिल्ली की वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार हुआ है, जबकि इससे पहले वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 पार पहुंच गया था।

गुरुवार सुबह 7 बजे शहर का औसत एक्यूआई 300 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। हालांकि, कई निगरानी केंद्रों में यह बेहद खराब श्रेणी में रहा। राजधानी दिल्ली पिछले कई दिनों से धुंध से ढकी हुई है और तापमान में गिरावट से प्रदूषण और बढ़ता दिख रहा है।

# छोटे पर्दे पर हंसी और धमाकेदार मनोरंजन का तड़का!

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** इस हफ्ते मोस्ट पॉपुलर शो ह्यभाबीजी घर पर हैं और ह्यहप्पू की उलटन पलटन में भावनाओं की उलझन, मजेदार गलतफहमियां, अजीबो-गरीब बदलाव और परिवार की अनोखी हरकतें देखने को मिलेंगी। ये सब मिलकर दर्शकों को भरपूर हंसी और धमाकेदार मनोरंजन देने वाली हैं। मालूम हो कि एण्डटीवी पर हप्पू की उलटन पलटन रात दस बजे और भाबीजी घर पर हैंह्य रात साढ़े दस बजे सोमवार से शुक्रवार प्रसारित है।

राजेश का किरदार निभा रहीं गीतांजलि मिश्रा ने हप्पू की उलटन पलटन के बारे में कहा, इस हफ्ते हप्पू की छोटी-सी परेशानी एक बड़े तूफान में बदल जाती है। हप्पू को पता चलता है कि उसने दस साल का हाउस टैक्स नहीं भरा है और उसे एक रात में बड़ा पैसा जुटाना होगा। दूसरी तरफ राजेश यानी कि मैं घर से इंश्योरेंस बेचने में लगी रहती हूँ। एक से बढ़कर एक बेवकूफी भरी योजनाएं फेल होती हैं और अंत में हप्पू एक नकली दुर्घटना रचते-रचते सच में अस्पताल पहुंच जाता है। होश आने पर वह खुद को 20 साल का समझने लगता है, मुझे आंटी बुलाता है और चमकीली पर फिदा हो जाता है!

इधर, ह्यभाबीजी घर पर हैंह्य के बारे में मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे रोहिताश्व गौड़ कहते हैं, यह ट्रैक मेरे लिए सबसे मजेदार, अनोखा और ट्विस्ट-भरा रहा। विभूति शुरूआत में भावनाओं में इतना उलझ जाता है कि अंगूरी को याद करते-करते उसकी सांस तक अटक जाती है- सपनों में भी! उसकी जलन, चिड़चिड़ाहट और बेचैनी बढ़ती जाती है, तभी सक्सेना उसे अजीब-सी कॉमा बूटी देता है, और फिर कहानी पूरी तरह नए पागलपन में चली जाती है। बूटी लेने के बाद विभूति एकदम मीठा, प्यार से भरा और हद से ज्यादा पॉजिटिव हो जाता है।



असली ट्विस्ट तब आता है जब बूटी का असर खत्म होता है और दोनों अपनी असली शक्ल-सूरत और तेवरों में लौट आते हैं।

# सनातन धर्म संसद के लिए सुभाष चौहान ने किया व्यापक जनसंपर्क,चरथावल में मिला जबरदस्त समर्थन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डॉ. एम. ए. तोमर)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुभाष चौहान ने बुधवार को हिंदू संघर्ष समिति के संयोजक नरेंद्र पवार साधु,अरुण प्रताप सिंह व अन्य साथियों के साथ चरथावल विधानसभा के कई गांवों में सनातन धर्म संसद के लिए जोरदार जनसंपर्क किया।चौहान ने बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश में सनातनी समाज में इस आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह है और अनुमान है कि रविवार को शुक्रताल स्थित हनुमत धाम में हजारों की संख्या में सनातनी



एकत्र होंगे।चौहान ने कहा कि इस सनातन धर्म संसद में बड़ी संख्या में पूज्य महामंडलेश्वर भी पहुंचेंगे जहां सनातनियों की आस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी तथा निष्कर्ष स्वरूप एक प्रस्ताव प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा।नरेंद्र पवार साधु ने कहा कि भारत को विकसित और सशक्त बनाने के लिए ऐसे कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सभी सनातनियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का आह्वान किया।नरेंद्र पंवार साधु ने बताया कि पौराणिक नगरी शुक्रताल जहां पांच हजार वर्ष पूर्व राजा परीक्षित को सुखदेव जी ने भागवत कथा सुनाई थी आज भी अपार पुण्य देने वाला स्थल है।उसी के महत्व को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सनातनियों से इस दिव्य एवं भव्य कार्यक्रम में अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

# थाना बरला पुलिस टीम द्वारा हिस्ट्रीशीटर सत्यापन अभियान के अन्तर्गत मृतक हिस्ट्रीशीटरों के एचएस खाका नष्ट किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** थाना बरला पुलिस टीम द्वारा हिस्ट्रीशीटर सत्यापन अभियान के अन्तर्गत मृतक हिस्ट्रीशीटरों के एचएस खाका नष्ट करने के सम्बन्ध में, पुलिस कार्यवाही-श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग एवं सत्यापन करने एवं मृत हिस्ट्रीशीटरों के एचएस खाका नष्ट किये जाने हेतु दिये गये आदेश निदेर्शों के क्रम में थाना बरला पुलिस टीम द्वारा हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग/सत्यापन अभियान के दौरान थाना पर प्रचलित/बन्दशुदा 02 दुराचारीगणों की मृत्यु होना पाया गया । मृत हिस्ट्रीशीटरों के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही करते हुये मृत 02 हिस्ट्रीशीटरों के खाका को थाना बरला परिसर में नष्ट किया गया ।



नष्ट किये गये 02 एचएस खाका-

1.HS- 47A राजकुमार पुत्र बाबूलाल निवासी नगला खारी थाना बरला जनपद अलीगढ़

2.HS- 40A राकेश उर्फ राकेश शाक्य पुत्र गंगा सिंह निवासी दतावली थाना बरला जनपद अलीगढ़।

# 3 यूपी नेवल यूनिट एन.सी.सी ने भव्यता और देशभक्ति के साथ मनाया नेवी दिवस 2025

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** 3 यूपी नेवल यूनिट एनसीसी, लखनऊ ने बोट पूल में भारतीय नौसेना के साहस, समर्पण और समुद्री उत्कृष्टता को नमन करते हुए नेवी दिवस-2025 का आयोजन गर्व और देशभक्ति की भावना के साथ किया। यह समारोह 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय नौसेना की निर्णायक जीत तथा ऐतिहासिक ऑपरेशन ट्राइडेंट की स्मृति को समर्पित रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमांडर सुमित घोष (सेवानिवृत्त), विशिष्ट पनडुब्बी अधिकारी एवं ऑपरेशन-विजय तथा ऑपरेशन पराक्रम के पूर्व नौसैनिक ने



अपनी सम्मानित उपस्थिति दर्ज कराई। विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव, ग्रुप कमांडर, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, लखनऊ तथा कमांडर गौरव शुक्ला, कमांडिंग ऑफिसर, 3 यूपी नेवल यूनिट एनसीसी ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

नेवी डे समारोह में एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत विविधतापूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहा। कैडेटों ने भाषण, काव्य-पाठ, एकल एवं सामूहिक नृत्य, तथा मनमोहक गायन प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति और एनसीसी भावना का प्रभावी प्रदर्शन किया।

# ऐतिहासिक फैसला बता देश के 14 श्रमिक संगठनों ने किया नई श्रम संहिताओं का स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर (सुनील बाजपेई )।** देश के 14 श्रमिक संगठनों ने विस्तृत विचार विमर्श के बाद हाल ही में देश में लागू हुए चारों नए श्रम संहिताओं का जोरदार स्वागत किया है। अवगत कराते चलें कि इस संदर्भ में देश के 14 मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय श्रमिक संगठनों के संयुक्त मंच कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल ट्रेड यूनियन (कंसेंट) की राष्ट्रीय वर्चुअल बैठक भी आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष हिरण्मय पंड्या ने की। देश के प्रमुख संगठनों के शीर्ष प्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में हाल में ही देश में लागू हुए चारों नए श्रम संहिताओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया।

बी.एम.एस. के महामंत्री रविन्द्र हिमते एवं कंसेंट के राष्ट्रीय संयोजक एवं एन. एफ. आई.टी.यू. के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दीपक जायसवाल द्वारा संचालित इस बैठक में बी.एम.एस. के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी. सुरेन्द्रन ने सभी संगठन के प्रतिनिधियों को एक्शन प्लान के बारे में मार्गदर्शन दिया। इस बैठक में मुख्या रूप से बी.एम.एस तथा एन.एफ.आई.टी.यू. के प्रतिनिधियों के साथ-साथ टी.यू.सी.सी. के महासचिव एस.पी. तिवारी, हच.एम.के.पी. से राकेशमणि पाण्डेय, ए.आई.बी.ई.यू. के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनारायण गिरी, फॉरवर्ड सीमेंस यूनियन ऑफ इंडिया के (एफ.एस.यू.आई) के महासचिव कैप्टेन अतुल इंदुरकर, एच.एम.के.यू. के महासचिव इन्द्रदेव मेहतो, आई.एन.टी.यू.सी. के महासचिव के. के. तिवारी,सचिव रजनीश सेठ, ई-श्रम कौंसिल ऑफ इंडिया के सचिव शरत नाहक, कश्मीर लेबर यूनियन के अध्यक्ष मो. अशरफ गनी, भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन के महासचिव डॉ. परिमल कान्ति मॉडल, नेशनल फेडरेशन ऑफ फिशरी वर्कर्स के महासचिव एन. बालामुरुगन, फाइट फॉर राईट के संयोजक एडवोकेट उमंग बंसल, एन. एफ. आई.टी.यू. के महासचिव डॉ. विराट जायसवाल, सचिव सुनील कुमार और राकेश मालवीय शामिल हुए। बैठक में इन सभी 14 श्रमिक संगठनों ने एकमत होकर कहा कि चारों नए लेबर कोड का लागू होना देश के श्रमिक वर्ग के लिए एक ऐतिहासिक, परिवर्तनकारी और अत्यंत आवश्यक सुधार है। जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के संकल्प और प्रयासों का ही परिणाम है। बैठक में सभी संगठनों ने यह भी कहा कि नए श्रम कानून देश के करोड़ों श्रमिकों, युवाओं, महिलाओं, प्रवासी मजदूरों तथा गिग एवं प्लेटफॉर्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा, सुरक्षा मानकों और अधिकारों की मजबूत गारंटी प्रदान करेंगे। प्रतिनिधियों ने इस ऐतिहासिक निर्णय को सही मायने में श्रमिकों की जीत बताते हुए यह भी तय किया गया कि सभी संगठन देशभर में श्रमिकों और युवाओं तक नए कानूनों की सही, सरल और तथ्यात्मक जानकारी पहुँचाने के लिए ना केवल एक व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम भी चलाएँगे बल्कि इसके अंतर्गत ग्राउंड लेवल पर जाकर, सेमिनार, कार्यशालाएँ, नुक्कड़ नाटक, चौपाल, जनसभाएँ और जागरूकता अभियानों का भी आयोजन करेंगे।

बैठक में सोशल मीडिया के माध्यम से देशभर के युवा श्रमिकों से सीधे जुड़ने की रणनीति पर भी सहमति बनी और यह महत्वपूर्ण घोषणा भी की गई कि कंसेंट के सभी 14 राष्ट्रीय संगठनों, नियोक्ताओं, विशेषज्ञों, उ?द्योगों और नीति-निमार्ताओं को साथ लेकर नई दिल्ली में एक बड़े नेशन लेबर एम्प्लॉयमेंट समिट का आयोजन किया जाएगा। जिसकी प्रारंभिक कार्ययोजना भी तैयार कर ली गई है और तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी।

**भूमि पूजन**

## किसानों और गौवंशों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता: विधायक धीरेन्द्र सिंह

# ग्राम धनौरी में 5.50 करोड़ से बनने वाली गौशाला का भूमि पूजन सम्पन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा ।** गौ संरक्षण और क्षेत्र में निराश्रित गौवंशों के संवर्धन के उद्देश्य से ग्राम धनौरी में 05 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली गौशाला का भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत ग्राम की महिलाओं द्वारा ईट रखकर हुई, जिसने इस गौशाला के भूमि पूजन को और अधिक भव्यता प्रदान करते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि समाज के सांस्कृतिक, सामाजिक और आस्था की सबसे सशक्त धुरी हमारी मातृशक्ति ही है।

भूमि पूजन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जेवर विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि "निराश्रित गौवंशों का संरक्षण केवल एक परंपरागत दायित्व ही नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक और आस्था के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।" उन्होंने आगे कहा कि "ग्राम धनौरी में निर्मित की जाने वाली यह गौशाला बहुत बड़ी और सुविधाओं से युक्त होगी, जिसमें गौवंशों के पोषण और समुचित देखभाल के लिए सभी संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।" अपने सम्बोधन में उन्होंने यह भी बताया कि "दनकौर क्षेत्र में आवारा गौवंशों की समस्या लगातार गंभीर हो रही थी, जिसके कारण किसानों की फसलों को नुकसान हो रहा था और



सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ रही थी। इस गौशाला के निर्माण से न केवल गौवंशों को सुरक्षित आश्रय मिलेगा, बल्कि क्षेत्र के कृषकों को फसलों के नुकसान से भी राहत मिलेगी।" जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने वहां उपस्थित अधिकारियों से निर्माण कार्य में पारदर्शिता और निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के लिए कहा, ताकि इस गौशाला का लाभ पूरे क्षेत्र को मिल सके।"

गौशाला के निर्माण के लिए क्षेत्रवासियों ने जेवर विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह गौशाला आने वाले वर्षों में पूरे क्षेत्र में गौ संरक्षण और पर्यावरण संतुलन का उदाहरण बनेगी।

इस अवसर पर काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष चौहान ने शुकतीर्थ हनुमत धाम में महामंडलेश्वर केशवानंद सरस्वती महाराज से लिया आशीर्वाद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डॉ.एमए तोमर)।** शुकतीर्थ स्थित हनुमत धाम में वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष चौहान ने महामंडलेश्वर श्री केशवानंद सरस्वती जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।इस दौरान महाराज जी ने सुभाष चौहान द्वारा नशीली दवाइयों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की सराहना की। महाराज जी ने कहा कि यह गर्व की बात है कि नशीली दवाइयों का मुद्दा मुजफ्फरनगर से उठा उसके बाद मुख्यमंत्री तक पहुंचा और अब संसद में भी इसकी आवाज गूंज रही है। उन्होंने सुभाष चौहान के प्रयासों को समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान किया।



मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267